आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 26°C | 13°C |

इनसाइड न्यूज

स्कूलों में 52 फीसदी छात्रों की नहीं बनीं अपार आईडी

उत्तर प्रदेश पेज : 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

शनिवार 01 फरवरी, 2025 | पेज : 12 | मूल्य : ₹3.00/- लखनऊ वर्ष : 16, अंक : 110 | www.janexpresslive.com/epaper



फडणवीस का मराठी साहित्य के लिए... 12

# संसद में आर्थिक सर्वेक्षण पेश

## संसद में राष्ट्रपति का 59 मिनट का अभिभाषण : युवाओं-बुजुर्गों पर फोकस, सोनिया बोलीं, पढ़ते-पढ़ते थक गई बेचारी, राहुल ने कहा, बोरिंग

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

18वीं लोकसभा के बजट सत्र का शुक्रवार को पहले दिन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद के दोनों सदनों लोकसभा और राज्यसभा के जॉइंट सेशन में 59 मिनट का संबोधन दिया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को इकोनॉमिक सर्वे पेश किया। इसके अनुसार एफवाई26 यानी, 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 के दौरान जीडीपी ग्रोथ 6.3 प्रतिशत से 6.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है। वहीं रिटेल महंगाई वित्त वर्ष 2024 में 5.4 प्रतिशत थी जो अप्रैल-दिसंबर 2024 में 4.9 प्रतिशत हो गई। इकोनॉमिक सर्वे बजट से एक दिन पहले पेश किया जाता है। इसमें सरकार इस वित्त वर्ष यानी 2024-25 में देश की जीडीपी का अनुमान और महंगाई समेत कई जानकारियां होती है। ठीक हमारे घर की डायरी की तरह ही होता है इकोनॉमिक सर्वे। इससे पता चलता है कि हमारे देश की अर्थव्यवस्था की हालत कैसी है।



### इस सत्र में कई ऐतिहासिक बिल पेश किए जाएंगे : मोदी

इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सदन के बाहर मीडिया को संबोधित किया था। पीएम ने कहा- इस सत्र में कई ऐतिहासिक बिल पेश किए जाएंगे। हर नारी को सम्मानपूर्ण जीवन मिले उस दिशा में इस सत्र में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए जाएंगे। रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म करेंगे। कई ऐतिहासिक बिलों पर इस सत्र में चर्चा होगी। कई महत्वपूर्ण फैसले होंगे। नारी शक्ति के गौरव को हमें स्थापित करना है। आज का नौजवान जब 45-50 साल का होगा तो वो विकसित भारत का सबसे बड़ा बेनिफिशियरी होगा। युवा पीढ़ी के लिए बहुत बड़ा तोहफा बनने वाली है। जो 1930 में 1942 में आजादी की जंग में जुट गए थे। पूरी युवा पीढ़ी खप गई थी। 25 साल बाद जो पीढ़ी आई, उसके फल उसे मिले।



राष्ट्रपति का अभिभाषण

### खरीफ-रबी फसलों की एमएसपी में बढ़ोतरी की

किसानों पर किसानों को फसलों का उचित दाम दिलाने और आय बढ़ाने पर सरकार काम कर रही है। 332 मिलियन टन अनाज उत्पादन हुआ। खरीफ-रबी फसलों की एमएसपी में बढ़ोतरी की है। मोटे अनाज की खरीद पर तीन गुना राशि खर्च की गई है। 109 उन्नत प्रजातियां किसानों को सौंपी गई हैं, अच्छी उपज के लिए। कृषि इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड के दायरे को बढ़ावा मिलेगा। खाद्य तेलों और तेंदू उत्पादन को बढ़ाने का काम किया गया। प्राकृतिक खेती केलिए राष्ट्रीय मिशन चलाया जा रहा है।

### पेपर लीक को रोकने के लिए नया कानून लागू किया गया

स्टूडेंट्स पर छात्रों को उच्च शिक्षा में सहायता के लिए योजना शुरू की गई। 500 कंपनियों में इन्हें इंटर्नशिप भी दी जाएगी। पेपर लीक को रोकने के लिए नया कानून लागू किया गया है। सरकार ने ग्राम सड़क योजना के लिए 26 हजार करोड़ रुपए की स्वीकृति दी है। पिछले 6 माह में 17 वंदे भारत को जोड़ा गया है।

### आठवें वेतन आयोग के गठन का निर्णय लिया

गरीबों-मिडिल क्लॉस पर गरीब को गरिमापूर्ण जीवन मिले, इसके लिए हम प्रयासरत हैं। देश के 25 करोड़ लोग गरीबी को परास्त कर आज अपने जीवन में आगे बढ़ रहे हैं। इन्होंने न्यू मिडिल क्लास का ऐसा प्लेटफॉर्म तैयार किया जो नई ऊर्जा से भर रहा है। सरकारी कर्मचारियों के सम्माान के लिए आठवें वेतन आयोग के गठन का निर्णय लिया है। केंद्र सरकार के लाखों कर्मचारियों के यूनिफाइड पेंशन के तहत 50 फीसदी निश्चित पेंशन देने का फैसला लिया गया है।

### स्वास्थ्य के लिए 5 करोड़ व्यक्तियों की स्क्रीनिंग की गई

आदिवासियों पर आज देश के विकास में सबका साथ है इसलिए हम देश के सभी सामर्थ्य का अनुभव कर रहे हैं। इसका लाभ दलित, वंचित और आदिवासी समाज को मिल रहा है। जिस जनजातीय समाज की उपेक्षा होती रही, हमने उसके कल्याण को प्राथमिकता दी। 770 से ज्याद एकलव्य विद्यालयों में आदिवासी बच्चों को शिक्षा दी जा रही है। 30 नए मेडिकल कॉलेज खोले गए। स्वास्थ्य के लिए 5 करोड़ व्यक्तियों की स्क्रीनिंग की गई है।

### इकोनॉमिक सर्वे 2025 की 10 बड़ी बातें

- 2025-2026 में इकोनॉमी 6.3 प्रतिशत से 6.8 प्रतिशत की रफ्तार से बढ़ने का अनुमान है।
- वित्त वर्ष 2024-2025 में रिटेल महंगाई 5.4 प्रतिशत थी जो अप्रैल-दिसंबर 2024 में 4.9 प्रतिशत हो गई।
- खराब मौसम, कम उपज के चलते सप्लाई चेन में बाधा आने से खाने-पीने की महंगाई बढ़ी।
- वित्त वर्ष 2025-2026 की पहली छमाही में अच्छे रबी उत्पादन से खाने-पीने की चीजों की कीमतें नियंत्रण में रह सकती हैं।
- वित्त वर्ष 2024-2025 की चौथी तिमाही में महंगाई में कमी की उम्मीद है।
- लेबर मार्केट के हालात 7 साल में बेहतर हुए है। एफवाई24 में बेरोजगारी दर गिरकर 3.2 प्रतिशत पर आई।
- ईपीएफओ में नेट पेरोल पिछले 6 साल में दोगुना हुआ जो संगठित क्षेत्र में रोजगार का अच्छा संकेत है।
- एआई के चलते होने वाले बदलाव के विपरीत प्रभावों को कम करने की जरूरत है।
- भारत को विदेशी निवेश आकर्षित करने के लिए हर संभव कोशिश करना चाहिए।
- इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास में प्राइवेट पार्टिसिपेशन बढ़ाने की जरूरत है।

### डीप वाटर मेगा पोर्ट की बुनियाद रखी गई

इन्फ्रांस्ट्रक्चर पर आधुनिक इन्फ्रांस्ट्रक्चर देश को नया आत्म विश्वास देता है। हमने कई माइल स्टोन खड़े किए हैं। 10 साल पहले बुनियादी ढांचे का बजट 2 लाख करोड़ था, अब यह 11 लाख करोड़ से ज्यादा है। डीप वाटर मेगा पोर्ट की बुनियाद रखी गई है। ये दुनिया का टॉप 10 पोर्ट में से एक होगा। उधमपुर, श्रीनगर-बारमुला रेल योजना पूरी हो गई है।

### फिजिकल इन्फ्रास्ट्रक्चर पर काम किया

हेल्थ सर्विस पर कैंसर मरीजों के लिए कैंसर दवाओं को कस्टम ड्यूटी से मुक्त कर दिया गया है। सर्वाइकल कैंसर के लिए 9 करोड़ महिलाओं की स्क्रीनिंग की जा चुकी है। जितना बल फिजिकल इन्फ्रास्ट्रक्चर पर काम किया, उतना ही सोशल इन्फ्रास्ट्रक्चर पर काम किया। अस्पताल, इलाज और सेवा के चलते परिवार का खर्च लगातार कम हो रहा है। एक लाख 75 हजार आयुष्मान आरोग्य मंदिर बने हैं।

### 2024 में पहली बार नए संसद में राष्ट्रपति का संबोधन हुआ था

2024 में बजट सत्र के अभिभाषण में राष्ट्रपति ने राम मंदिर से लेकर आर्टिकल 370 तक का जिक्र किया था। उन्होंने कहा था- राम मंदिर की आकांक्षा सदियों से थी, जो इस साल पूरी हुई। उन्होंने सांसदों को महिला आरक्षण कानून बनाने के लिए बधाई भी दी थी। उन्होंने एशियन गेम्स के इतिहास में सबसे अधिक मेडल, चंद्रयान-तीन की सफलता, राम मंदिर निर्माण का सपना पूरा होने का जिक्र किया था।

### इकोनॉमिक सर्वे क्या होता है?

हम उस देश में रहते हैं, जहां मिडिल क्लास लोगों की तादाद बहुत ज्यादा है। हमारे यहां ज्यादातर घरों में एक डायरी बनाई जाती है। इस डायरी में पूरा हिसाब-किताब रखते हैं। साल खत्म होने के बाद जब हम देखते हैं तो पता चलता है कि हमारा घर कैसा चला? हमने कहां खर्च किया? कितना कमाया? कितना बचाया? इसके आधार पर फिर हम तय करते हैं कि हमें आने वाले साल में किस तरह खर्च करना है? बचत कितनी करनी है? हमारी हालत कैसी रहेगी? ठीक हमारे घर की डायरी की तरह ही होता है इकोनॉमिक सर्वे। इससे पता चलता है कि हमारे देश की अर्थव्यवस्था की हालत कैसी है? इकोनॉमिक सर्वे में बीते साल का हिसाब-किताब और आने वाले साल के लिए सुझाव, चुनौतियां और समाधान का जिक्र रहता है।

### सरकार बजट सेशन में 16 बिल ला सकती है

संसद का बजट सत्र शुक्रवार (31 जनवरी) से शुरू हो रहा है। इस सत्र में 16 बिल आ सकते हैं। इसमें वक्फ अमेंडमेंट बिल समेत 12 बिल 2024 के मानसून और विंटर सेशन में लाए गए थे। चार नए बिल में फाइनेंस बिल के अलावा प्रोटेक्शन ऑफ इंट्रेस्ट इन एयरक्राफ्ट ऑब्जैक्ट्स, त्रिभुवन सहकारी यूनिवर्सिटी और इमिग्रेशन एंड फॉरेनर्स बिल शामिल हैं।

# ये कौन सा धर्म, सरेआम 'लूटते' हुए नहीं आती शर्म

## प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान जिस दूरी को तय करने के लिए 20 से 30 रुपए किराया लगना चाहिए

- प्रयागराज के रहने वाले तमाम युवाओं ने इस अवसर को मुनाफे का बाजार बना लिया
- अलग-अलग धर्म के युवा अपनी मोटरसाइकिल, ई-रिक्शा और कार लेकर श्रद्धालुओं से मुंहमांगा किराया वसूल रहे हैं
- कई बार यह किराया 10 से 20 गुना अधिक वसूला जा रहा है

जन एक्सप्रेस । प्रयागराज

प्रयागराज। तीर्थराज प्रयागराज में लगे महाकुंभ में श्रद्धालु पुण्य संचय और पापों का नाश करने के लिए आ रहे हैं। वहीं, प्रयागराज के रहने वाले तमाम मुनाफाखोर युवाओं ने इस अवसर को लूट का बाजार बना लिया है। अलग-अलग धर्म के युवा अपनी मोटरसाइकिल, ई-रिक्शा और कार लेकर श्रद्धालुओं से मुंहमांगा किराया वसूल रहे हैं। कई बार यह किराया 10 से 20 गुना अधिक वसूला जा रहा है। सनातन धर्म के इस महापर्व में शामिल होने आने वालों को कई कटु अनुभव हो रहे हैं। प्रयागराज की उदार छवि को धूमिल करने के लिए महानगर निवासी कई अलग-अलग धर्म के अनुयायी युवा कोई गुरेज नहीं कर रहे। आमतौर पर कई करोड़ लोग महाकुंभ के कारण प्रयागराज में लगातार बने हुए हैं। इन श्रद्धालुओं को जरूरत के हिसाब से एक स्थान से दूसरे स्थान भी जाना पड़ता है। स्थानीय यातायात के साधन सीमित होने के कारण कई युवाओं ने अपनी बाइक, ई रिक्शा और कार को सरेआम लूट का औजार बना लिया है। यह युवा श्रद्धालुओं से 2 से 5 किलोमीटर दूरी जाने तक का मौके के हिसाब से 200 से 500 रुपए सवारी तक चार्ज कर रहे हैं। आमतौर पर इतनी दूरी का किराया 20 से 40 रुपए प्रति सवारी रुपए लगता है। श्रीराम युवाओं की लूट की इस प्रवृत्ति से श्रद्धालु नाराज हैं लेकिन मजबूरी में उन्हें इतना अधिक भुगतान करना पड़ रहा है।

### आखिर प्रशासन ने तय क्यों नहीं किया रेट

लगभग सभी शहरों और महानगरों में टेंपो, ऑटो, ई रिक्शा, कार का किराया प्रति किलोमीटर के हिसाब से तय होता है। प्रयागराज में महाकुंभ के महापर्व पर करोड़ों लोगों के आने-जाने के बीच स्थानीय प्रशासन को न सिर्फ रेट तय करने चाहिए थे बल्कि बराबर मॉनीटरिंग भी करनी चाहिए थी ताकि श्रद्धालुओं को किसी तरह की सुविधा और आर्थिक शोषण का शिकार न होना पड़े। इसके बावजूद पुलिस प्रशासनिक अमला इस ओर कतई ध्यान नहीं दे रहा। इसका नुकसान श्रद्धा से सराबोर होकर आए भक्तों को उठाना पड़ रहा है। आश्चर्य की बात यह है कि इन युवाओं में ज्यादातर के पास कामर्शियल ड्राइविंग लाइसेंस तक नहीं है।

### वहीं, नमन है इन निस्वार्थ दानियों को

जहां मुनाफाखोर बाइक, ई रिक्शा और कार चालक नियमों को ताक पर रखकर मनमाना किराया वसूल रहे हैं वहीं, प्रयागराज के छोटे-बड़े कई कारोबारी अपने प्रतिष्ठान के बाहर निशुल्क चाय-नाश्ते, भंडारों का आयोजन कर श्रद्धालुओं की सहायता कर रहे हैं। ऐसे व्यापारियों को दूर-दूर से आए श्रद्धालु शुभाशीष दे रहे हैं। कह रहे हैं कि असली पुण्य का कार्य तो ये दानी व्यापारी कर रहे हैं।

# कैसे हो महाकुंभ और भक्तों का संगम, वीआईपी के लिए तोड़े जा रहे नियम

## नेता नगरी और अधिकारियों के परिजनों व परिचितों को त्रिवेणी संगम स्नान कराने के लिए मेला क्षेत्र समेत पूरे प्रयागराज में धड़ाधड़ नियम तोड़े जा रहे

- 144 वर्ष बाद यह दुर्लभ संयोग वीआईपी कल्चर की बलि चढ़ रहा है
- खामियाजा देश के कोने-कोने से आए श्रद्धालुओं को भुगतना पड़ रहा है
- बड़ी संख्या में नेपाल से आए भक्तों को भी दुश्वारियां का सामना करना पड़ रहा

जन एक्सप्रेस । प्रयागराज



तीर्थराज प्रयागराज में लगा पूर्ण महाकुंभ विश्व भर के लिए अध्यात्म का केंद्र बिंदु बना है। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि 144 वर्ष बाद यह दुर्लभ संयोग वीआईपी कल्चर की बलि चढ़ रहा है। नेता नगरी और अधिकारियों के परिजनों और परिचितों को त्रिवेणी संगम स्नान कराने के लिए मेला क्षेत्र समेत पूरे प्रयागराज में धड़ाधड़ नियम तोड़े जा रहे हैं। इसका खामियाजा देश के कोने-कोने से आए श्रद्धालुओं को भुगतना पड़ रहा है। बड़ी संख्या में नेपाल से आए भक्तों को भी दुश्वारियां का सामना करना पड़ रहा है।

महाकुंभ को भी नेताओं और पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने अपनी जागीर बना लिया है। नेता ही नहीं उनके परिजनों और मित्रों को त्रिवेणी संगम में स्नान कराने के लिए बार-बार नियमों को तोड़ा जा रहा है। कुछ यही हाल आला प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों का भी है। सीओ और एसडीएम स्तर के अधिकारी के साथ ही कई पुलिस इंस्पेक्टर नेताओं और अधिकारियों के परिजनों और रिश्तेदारों को त्रिवेणी संगम तक ले जाने और उन्हें सकुशल वापस लाने की ड्यूटी तक सीमित हैं। ड्यूटी चार्ट पर भले ही उनकी ड्यूटी सुरक्षा और व्यवस्था के महत्वपूर्ण स्थलों पर लगी हो लेकिन उन्हें वीआईपी की सेवा-सुरक्षा से ही फुरसत नहीं मिल रही है। यही कारण है कि पुलिस और प्रशासन के छोटे बड़े सभी अधिकारियों का ध्यान आम श्रद्धालुओं की सुविधाओं, सुरक्षा से हटकर माननीयों तक सिमट गया है। इसके चलते महाकुंभ में तमाम अत्याधुनिक संसाधन होने के बाद भी भीड़ का प्रबंध नहीं हो पा रहा। ऐसे ही हालात में भगड़द के दौरान मौनी अमावस्या पर 30 लोगों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा। उस दौरान बड़ी संख्या में लोग घायल भी हुए। यह तो बड़ी घटना थी। लगभग रोज कई करोड़ श्रद्धालु प्रयागराज में प्रवेश से लेकर पार्किंग मेला क्षेत्र आने-जाने और खान-पान के दौरान एक के बाद एक समस्याओं को झेलने को मजबूर हैं।

### रॉन्ग साइड से प्रवेश दिलाकर प्रयागराज के महंगे होटलों तक सकुशल पहुंचाया जा रहा

प्रयागराज आने वाले तमाम रास्तों पर वीआईपी कल्चर का नंगा नाच देखा जा सकता है। देश भर से आए श्रद्धालुओं की बस, कार, ट्रैवलर व अन्य वाहन घंटे जाम में फंसकर जैसे तैसे पार्किंग तक पहुंच रहे हैं। वहीं विधायक, सांसद, अधिकारी की गाड़ियों में बैठे उनके परिजन और रिश्तेदार को रॉन्ग साइड से प्रवेश दिलाकर प्रयागराज के महंगे होटलों तक सकुशल पहुंचा जा रहा है।

### होटलों से सरकारी वाहनों द्वारा संगम ले जाया जा रहा

पुलिस प्रशासन के अधिकारियों की ड्यूटी माननीय को होटल पहुंचाने तक सीमित नहीं है। इसके बाद इन वीआईपी को बाकायदा सरकारी गाड़ियों से उनके होटल से ले जाकर त्रिवेणी संगम तक स्नान की सभी व्यवस्थाएं पुलिस प्रशासन के अधिकारी उठा रहे हैं।

### ...और इधर, 20-22 किलोमीटर चलने के बाद भी नहीं मिल रहा संगम स्नान

प्रयागराज पहुंचने वाले आम श्रद्धालु बेला कछार या बेली कछार पार्किंग तक पहुंचने में ही घंटे की मशक्कत कर रहे हैं। वहां से यह श्रद्धालु अपना सामान सिर पर रखकर या बैग में लेकर 20-22 किलोमीटर पैदल चलते हैं। इसके बाद भी कुछ को त्रिवेणी संगम में स्नान करने का मौका मिलता है और कई बेचारे निराश होकर लौटने को इसलिए मजबूर हो जाते हैं कि उनके शरीर में सामर्थ्य ही नहीं रहती, या फिर उनकी टैक्सी और बस का ड्राइवर उन्हें बार-बार समय पूरा होने का हवाला देकर वापस बुला लेता है।

### पार्किंग में भी मजिस्ट्रेट की गाड़ी की दिखी हनक

महाकुंभ में परिवार सहित स्नान करने पहुंच रहे सरकारी अधिकारियों का दुस्साहस इस कदर है कि उन्हें वहां लगे सैकडों सीसीटीवी कैमरों की परवाह नहीं है। नियमों को तोड़कर जल्द पार्किंग से विपरीत दिशा में निकलने के लिए वह अपने पद का रुतबा दिखा रहे हैं। उनकी गाड़ी पर लगी पदनाम की प्लेट देखकर ड्यूटी पर तैनात हेड कांस्टेबल या दरोगा भी उन्हें रोकने की हिम्मत नहीं दिखा पाते। मजबूरन इन पुलिसकर्मियों को उन अधिकारी को सैल्यूट कर न चाहते हुए भी सकुशल बाहर निकालना पड़ता है। इन अधिकारियों की करतूत का खामियाजा आम श्रद्धालुओं को घंटे जाम में जूझकर भुगतना पड़ता है।

# मिल्कीपुर की जंग : सपा के कुनबे ने साइकिल दौड़ाने को झौंकी ताकत, भाजपा ने बदला लेने की ठानी

- तीन फरवरी को रोड शो करेंगे योगी, अखिलेश भी भरेंगे हुंकार
- मिल्कीपुर में अबकी बार आर-पार, द्वार-द्वार नेताओं की कतार

संतोष कुमार दीक्षित

जन एक्सप्रेस लखनऊ। मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव को लेकर राजनीतिक दलों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। साइकिल को दौड़ाने के लिए समाजवादी पार्टी का पूरा कुनबा मिल्कीपुर में डटा है। इस सीट को बचाने के लिए हर तरह के हथकंडे आजमाए जा रहे हैं। वहीं भारतीय जनता पार्टी मिल्कीपुर सीट जीतकर लोकसभा चुनाव में हार की कसक को निकालने की तिगड़म में लगी है। दोनों दलों के लिए नाक का सवाल बन चुकी मिल्कीपुर सीट को लेकर चुनाव काफी अहम हो गया है।

### संगम में डुबकी लगा हिंदुत्व को साधने की कोशिश

भाजपा के हिंदुत्व की रणनीति को भेदने के लिए सपा ने भी संगम में डुबकी लगाकर भगवा तीर चलाया। हालांकि यह कितना सफल होगा यह 8 फरवरी को चुनाव परिणाम आने के बात तय हो जाएगा। जिस तरह भाजपा ने मुस्लिम और यादव वोटरों को साधने के लिए अल्पसंख्यक मंत्री और अपर्णा यादव को चुनावी मैदान में उतारा। ठीक उसी तरह अखिलेश यादव ने भी संगम में डुबकी लगाकर यह बताने का प्रयास किया कि हिंदू उनके लिए कितने अहम है।





### क्रिकेटर रिंकू की होने वाली दुल्हनियां मांग रहीं वोट

एक ओर सपा का कुनबा चुनावी मैदान में डटा है तो दूसरी ओर क्रिकेटर रिंकू सिंह की होने वाली दुल्हनिया एवं मछलीशहर सांसद प्रिया सरोज ने भी चुनावी कमान संभाल रखी है। मैनपुरी से सांसद डिंपल यादव भी अपनी पार्टी को जीत दिलाने के लिए प्रचार में जुटी हैँ। दोनों महिला सांसदों ने मिल्कीपुर में रोड शो भी किया। आजमगढ़ के सांसद धर्मेंद्र यादव भी चुनावी सभा कर चुके हैं। शायद ही कोई ऐसा दिन जाता जो जब मुलायम परिवार का कोई सदस्य मिल्कीपुर में सभा करने नहीं पहुंच रहा हो। तीन फरवरी को सपा प्रमुख अखिलेश यादव मिल्कीपुर में हुंकार भरेंगे। रामनगरी में लोकसभा चुनाव के बाद मिल्कीपुर विधानसभा फिर से जीतकर अखिलेश यादव अलग संदेश देना चाहते हैं।

### हार का बदला लेने को भाजपा जोरदार प्रहार की तैयारी में

रामनगरी में लोकसभा चुनाव में हुई हार का बदला लेने के लिए भाजपा जोरदार और अंतिम प्रहार की तैयारी में है। योगी आदित्यनाथ 2 फरवरी को मिल्कीपुर में चुनावी सभा में सपा पर हमलावर होंगे। वहीं तीन फरवरी को रोड शो के जरिए जन समर्थन जुटाने का भी भरपूर प्रयास करेंगे। इसके लिए भाजपा ने तैयारियां कर ली हैं। राजनीतिक जानकारों की माने तो भाजपा को जिताने के लिए संघ ने भी रणनीति बनाई है और पर्दे के पीछे रहकर भाजपा के समर्थन में लोगों को एकजुट किया जा रहा है।

### छोटी-छोटी चौपालों में बताई जा रहीं उपलब्धियां

भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने मिल्कीपुर में छोटी-छोटे कार्यक्रमों के जरिए आमजन तक पहुंच बनाने की रणनीति बनाई है। जिस पर लंबे समय से काम भी चल रहा है। वहीं सरकार के कराए विकास कार्यों और अयोध्या की बदली आभा का भी बखान किया जा रहा है। भाजपा मिल्कीपुर को जीतने का दंभ इसलिए भी भर रही है क्योंकि बीते साल विधानसभा की 9 सीटों पर हुए उपचुनाव में भाजपा ने 7 सीटों पर कब्जा कर लिया था और सपा को महज 2 सीट ही मिल सकीं थी।

### मिल्कीपुर का परिणाम बढ़ाएगा मनोबल

मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव जो भी दल जीतेगा निश्चित की उसका मनोबल बढ़ेगा। अगर भाजपा यह सीट जीतती है तो इसे फैजाबाद लोस सीट के हार के बदले में रूप में देखा जाएगा। साथ ही रामनगरी में योगी के विकास मॉडल को जनता की मुहर के रूप में पेश किया जाएगा। वहीं यदि सपा इस सीट को फिर से जीत लेती है तो वह इस बात को जोर-शोर से प्रचार करेगी कि लोकसभा चुनाव में सपा उत्तरप्रदेश में सबसे बड़ी पार्टी यूं ही नहीं बनी थी। साथ ही पीडीए फॉर्मूले के सफल होने का मिशन को भी बल मिलेगा।

# पूर्व विधायक विजय मिश्रा की बढ़ी मुश्किलें, मिली इतने दिनों की पुलिस रिमांड

जन एक्सप्रेस । भदोही



सपा और निषाद पार्टी के पूर्व विधायक विजय मिश्रा समेत उनके परिजनों की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। एमपीएमएल साधना गिरी की अदालत ने उन्हें 16 दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। आर्म्स एक्ट मामले में दर्ज मुकदमें मे पुलिस की ओर से रिमांड मांगी गई थी। जिसे स्वीकार करते कोर्ट ने पूर्व विधायक को न्यायिक रिमांड पर भेजा। सपा व निषाद पार्टी के पूर्व विधायक विजय मिश्रा पर दुष्कर्म, लूट डकैती समेत 80 से अधिक मामले दर्ज हैं। पूर्व विधायक इस समय दुष्कर्म के मामले में आगरा की जेल में सजा काट रहे हैं। दूसरी तरफ, उनकी मुश्किलें कम होती नहीं दिख रही है। बीते साल 24 अक्तूबर को पूर्व विधायक विजय मिश्रा और उनके बेटे विष्णु मिश्रा पर आयुष अधिनियम के उल्लंघन मामले में मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोप था कि उनके नाम से स्वीकृत तीन शस्त्रों (दो राइफल व रिवाल्वर) के शस्त्र लाइसेंस निरस्ती किए जाने के बाद भी शस्त्र और लाइसेंस बुक जमा नहीं किया गया था। मामले में मुकदमा दर्ज किए जाने के बाद पुलिस ने कोर्ट में पूर्व विधायक व उनके बेटे के रिमांड की याचिका डाली। जिस पर सुनवाई करते हुए एमपीएमएलए साधना गिरी की अदालत ने पूर्व विधायक के रिमांड को मंजूरी दी।

# गाजीपुर में दर्दनाक हादसा : महाकुंभ से लौट रहे आठ श्रद्धालुओं की मौत

जन एक्सप्रेस । गाजीपुर



उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले में शुक्रवार को दर्दनाक हादसा हुआ। वाराणसी-गाजीपुर मार्ग पर उसमीकला मोड़ के पास डंपर ने श्रद्धालुओं से भरे पिकअप को टक्कर मार दी। सड़क हादसे में आठ लोगों की मौत की सूचना है। मृतकों में एक बच्चा, तीन महिलाएं और चार पुरुष शामिल हैं। वहीं, कई लोग घायल बताए जा रहे हैं। पिकअप सवार श्रद्धालु महाकुंभ से स्नान कर लौट रहे थे। सभी गोरखपुर के रहने वाले बताए जा रहे हैं। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस व स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया जा रहा है। मौके पर डीएम आर्यका अखौरी समेत कई अधिकारी पहुंचे हैं। हादसा इतना भीषण था कि शवों के टुकड़े सड़क पर बिखर गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव के टुकड़ों को इकट्ठा किया। घटनास्थल पर अफरा- तफरी का माहौल है। पुलिस लोगों से पूछताछ कर घटना की जानकारी जुटी रही है। वहीं मृतकों के शव को कब्जे में लिया गया है।

### एक ही गांव के हैं सभी मृतक

1. अमर सिंह (45) पुत्र शंभू सिंह हरदीचक थाना बांसगांव
2. नित्या सिंह (5) पुत्री अमर सिंह हरदीचक थाना बांसगांव
3. सुधा चौरसिया (55) पत्नी त्रिलोकी चौरसिया हरदीचक थाना बांसगांव
4. सुरेंद्र गुप्ता (54) पुत्र रामप्यारे गुप्ता हरदीचक थाना बांसगांव
5. लीलावती (40) पत्नी सिधु गुप्ता हरदीचक थाना बांसगांव
6. श्याम सुंदर (45) पुत्र शहजादे सिंह हरदीचक थाना बांसगांव
7. पुष्पा देवी (स्नेहलता) (40) पत्नी अजय यादव हरदीचक थाना बांसगांव
8. गुलाबी देवी (45) पत्नी रविंद्र यादव हरदीचक थाना बांसगांव

## दुष्कर्म के आरोप में दो को आजीवन कारावास, 80 हजार का जुर्माना

**जन एक्सप्रेस/उरई।** किशोरी से दुष्कर्म के मामले में दोष सिद्ध होने पर न्यायाधीश ने आरोपित को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 80 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। कोंच कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी पिता ने 29 सितंबर 2023 को थाना पुलिस को तहरीर दी थी। जिसमें आरोप लगाते हुए बताया था कि उसकी बेटी घर पर अकेली सो रही थी। तभी मोहल्ले के ही दिनेश और टिक्कू उसको उठाकर टिक्कू के घर ले गए, जहां दुष्कर्म किया। किशोरी जब अपने घर पहुंची, तब परिजनों को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने दोनों लोगो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद न्यायालय में चार्जसीट दाखिल कर दी थी। मामला विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट मोहमद कमर की अदालत में चल रहा था, जिसकी शुक्रवार को सुनवाई पूरी हुई। जिसमें दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं की बहस गवाहों के बयान और सबूतों के आधार पर विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट मोहमद कमर ने दिनेश और टिक्कू को किशोरी से दुष्कर्म के मामले में दोषी पाया। दोषी पाए जाने के बाद न्यायाधीश ने दोनों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई और 80 हजार का जुर्माना भी लगाया।

# श्रद्धालुओं की भीड़ के दृष्टिगत डीएम-एसपी ने किया मेला क्षेत्र का भ्रमण

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

मौनी अमावस्या मेले में धर्मनगरी में दर्शन के लिए प्रयागराज महाकुंभ मेले से आए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को प्रबंधित करने के दृष्टिगत जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक सहित पुलिस-प्रशासनिक अधिकारी लगातार मेला क्षेत्र का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। मेले में प्रयागराज महाकुंभ से धर्मनगरी आए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के दृष्टिगत जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम व अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी सहित पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों ने लगातार रामघाट, बेडी पुलिया, बरहा के हनुमान मंदिर सहित मेला क्षेत्र के महत्वपूर्ण स्थानों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे। रामघाट में निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि जो दुकानदार दुकान के बाहर कढाई रखकर समोसे-जलेबी आदि बना रहे हैं, उन्हें तत्काल अंदर कराए। साथ ही रामघाट पर रखी चैकियो को भी तत्काल हटाने के निर्देश दिए। कहा कि नाव का किराया जो 50 रुपये निर्धारित किया गया है, इसके अतिरिक्त कोई पैसा न वसूलने पाए। उन्होंने अधिशासी अधिकारी कर्वी को निर्देशित किया कि रामघाट व मेला क्षेत्र के आसपास साफ सफाई बनी रहनी चाहिए। इस अवसर पर उप जिला अधिकारी कर्वी पूजा साहू सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## धर्मनगरी आए श्रद्धालुओं को सेवा भाव से खिलाई खिचड़ी



**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

प्रयागराज महाकुंभ से जनपद आए श्रद्धालुओं को समाजसेवियों ने जलपान कराकर सेवा की।

चित्रकूटधाम रेलवे स्टेशन के बाहर प्रख्यात चिकित्सक डॉ सुरेन्द्र अग्रवाल एंव श्री जी इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंधक स्वपनिल अग्रवाल द्वारा महाकुंभ से लौटे श्रद्धालुओं के बीच खिचड़ी का वितरण किया गया। स्टेशन में उमड़े जन सैलाब के बीच सबेरे से खिचड़ी वितरण कार्यक्रम शुरू किया गया, जो देर शाम तक जारी रहा। इस दौरान प्रबंधक स्वपनिल अग्रवाल ने कहा कि धर्मनगरी आने वाले श्रद्धालुओं के रुकने, ठहरने और भोजन की व्यवस्था के लिए उन्होंने अपने विद्यालय के द्वार खोल दिए है। विद्यालय में श्रद्धालुओं के सुरक्षित ठहरने और उन्हें तहरी खिलाने की व्यवस्था की गई है। इस मौके पर समाजसेवी गणेश मिश्रा ने कहा कि धर्मनगरी आने वाले श्रद्धालुओं की परेशानियों को देखते हुए वह लोग पूरी टीम के साथ सेवाभाव से जुटे हुए हैं। इसी क्रम में शीतल सेवा संस्थान द्वारा सीतापुर में श्रद्धालुओं को निःशुल्क चाय, बिस्किट एवं हलवे का वितरण किया गया। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने जलपान किया। संस्थान के अध्यक्ष राममिलन मिश्र ने बताया कि मेला क्षेत्र में प्रयागराज महाकुंभ से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए संस्थान द्वारा जलपान के लिए यह कार्य किया जा रहा है। इस मौके पर संस्थान के सचिव डॉ सतीश कुमार मिश्र, संयोजक बिजेन्द्र कुमार मिश्र, शांति शरण मिश्र, चंद्रभान मिश्र, धीरेंद्र सिंह, आशीष गुप्ता, उमेश द्विवेदी, रेवती मिश्र आदि मौजूद रहे।

# बगैर हेलमेट के पेट्रोल भरने की खबर प्रकाशित करने पर भड़के पेट्रोल पंप संचालक

- उरई के राजमार्ग स्थित वी-मार्ट के सामने पेट्रोल पंप का मामला

**जन एक्सप्रेस । 000**



**उरई।** डीएम के आदेशों के चीथड़े उड़ाकर चुनिंदा अधिकारी की शह पर बगैर हेलमेट के बाइकों में डाले जा रहे हैं पेट्रोल की फोटो व खबर प्रकाशित होने पर अपना आपा खोकर आग बबूला हुए पेट्रोल संचालक, और पत्रकारों को देखते ही अभद्रता करना शुरू कर देते है। जबकि बगैर हेलमेट के पेट्रोल भरने का सिलसिला बखूबी जारी है।

डीएम राजेश कुमार ने 26 जनवरी से ÷नो हेलमेट नो फ्यूल÷ का फरमान जारी किया था। लेकिन कुछ दबंग पेट्रोल पंप संचालक चुनिंदा अधिकारी की शह पर खुलेआम बिना हेलमेट के पेट्रोल भरने में चूक नहीं कर रहे है। ऐसा ही मामला अंबेडकर चौराहा राजमार्ग स्थित वी-मार्ट के सामने एचपी पेट्रोल पंप पर देखने को मिला। बता दें कि इस नामचीन पेट्रोल पंप पर संचालक एक चुनिंदा अधिकारी की सांठगांठ के चलते पंप कर्मचारी डीएम की आदेशों की धज्जियां उड़ाते हुए बगैर हेलमेट संचालकों की बाइक में पेट्रोल भरने में लगे हुए थे। इसी दौरान किसी ने वीडियो व फोटो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी थी और खबरें भी प्रकाशित की गई थी। खबर प्रकाशित होने के बाद पंप संचालक व कर्मचारी आग बबूला हो गए और पत्रकारों को देखकर अभद्रता करनी शुरू कर देते है। सूत्रों की माने तो पंप संचालक द्वारा एक निजी हेलमेट टैंक पर रख लिया गया है। जैसे ही बगैर हेलमेट के कोई बाइक चालक पेट्रोल लेने आता है, तो उसे तत्काल हेलमेट देकर डीएम के आदेशों को ठेंगा दिखा दिया जाता है। लेकिन सूत्रों के हवाले से दिन में रुक-रुककर और देर शाम 8 बजे के बाद से बगैर हेलमेट के भी तेल देने की प्रक्रिया बखूबी शुरू हो जाती है। फिलहाल यह जांच का विषय है। अब देखना होगा क्या अधिकारी ऐसे दबंग पंप संचालक व कर्मियों पर करवाई करते है, या फिर मामला सलटा लिया जाएगा।

### एआरटीओ ने झाड़ा पल्ला, पूर्ति अधिकारी ने नहीं उठाया फोन

उरई। राजमार्ग पर वी-मार्ट के सामने स्थित पेट्रोल पंप पर बगैर हेलमेट के पेट्रोल देने के कारनामे कई अखबारों व सोशल मीडिया पर उजागर हुए। लेकिन गाड़ी कमाई में रोक लगते ही पंप संचालक ने आपा खो दिया और मीडिया कर्मियों को देखते ही भड़कना शुरू कर दिया। मामले को लेकर एआरटीओ प्रवर्तन राजेश कुमार से बात की गई तो उन्होंने अपना पल्ला झाड़ने हुए बताया कि पेट्रोल पंप पर नियंत्रण जिला पूर्ति अधिकारी का है, हम लोग तो सिर्फ पहुंचकर चालान ही कर सकते हैं। इस बात को लेकर मोबाइल नंबर 7380821015 पर जिला पूर्ति अधिकारी से बात करनी चाहि, तो उन्होंने फोन को रिसीव करना उचित नहीं समझा।

## डीएम ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर सम्बन्धितों को दिए निस्तारण के निर्देश



**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने शुक्रवार को कलेक्टरेट कार्यालय में जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत आए हुए फरियादियों की समस्याएं सुनी। इस दौरान डीएम ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए।

जनसुनवाई कार्यक्रम में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने आए हुए फरियादियों की शिकायतों को एक-एक कर सुना तथा सम्बन्धित अधिकारियों को शासन की मंशानुरुप, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जमीन से सम्बन्धित समस्याओं को पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम तत्काल मौके पर जाकर निस्तारण कराएं। कहा कि निस्तारण से समस्याग्रस्त व्यक्ति को संतुष्टि भी मिलनी चाहिए, इसका भी ध्यान रखा जाए। कहा कि जन सुनवाई के दौरान जो भी समस्याएं आ रही है, उनका निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ससमय सुनिश्चित कराएं। इस मौके पर उपजिलाधिकारी राकेश कुमार पाठक सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## छात्रा का शव पैतृक गांव पहुंचते ही परिजनों ने काटा हंगामा

**जन एक्सप्रेस । उरई**

बीए की छात्रा मौत के मामले ने शुक्रवार को तूल पकड़ लिया और शव गांव पहुंचते ही परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया। खबर मिलते ही उरई व कालपी सीओ फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझा-बुझाकर शांत कराया। बल्कि पुलिस की मौजूदगी में ही शव का अन्तिम संस्कार कर दिया गया।

शहर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी 19 वर्षीय बीए की छात्रा अपने फूफा के गांव एट थाना क्षेत्र में रह रही थी। जो बुधवार शाम को बीए की परीक्षा देने के बाद फूफा के घर जा रही थी। तभी अज्ञात लोगों ने उसकी बेरहमी से हत्या कर दी थी। जिस पर पुलिस ने मामले की जांच करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि छात्रा की मुंह दबाकर बेरहमी से हत्या की गई। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने हत्या व गैंगरेप की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। वही जैसे ही छात्रा का शव उसके पैतृक घर पहुंचा, तो शुक्रवार सुबह परिजनों ने दोषियों की गिरफ्तारी के बाद छात्रा का दाह संस्कार करने की बात कही और हंगामा शुरू कर दिया। मामले की खबर मिलते ही सीओ सिटी अर्चना सिंह और कोंच सीओ डॉ. देवेंद्र पचौरी भारी फोर्स के साथ गांव पहुचे जिन्होंने परिजनों को जल्द से जल्द आरोपियों को गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया। इसके बाद परिजनों ने पुलिस अभिरक्षा में छात्रा का दाह संस्कार कर दिया।

# नशे से दूर रहें युवा, शिक्षा पर दें ध्यान- एसपी

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



जिले के तिरहार क्षेत्र के अंतिम छोर पर स्थित विलास बांगर गांव में इंटरनेशनल पायनियर्स क्लब के तत्वाधान में शुक्रवार को जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने लोगों को नशे के दुष्परिणाम बताते हुए नशे के प्रति जागरूक किया। साथ ही शिक्षा पर जोर दिया। इस दौरान गांव के गरीब, असहाय जरूरतमंद लोगों को कंबल एवं मोजे वितरित किए गए।

चैपाल में पुलिस अधीक्षक ने लोगों को बताया कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए महिला हेल्प लाइन 1090 से हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। इस दौरान एसपी ने ग्राम वासियों को सुरक्षा का एहसास कराया और कहा कि पुलिस सदैव उनकी सुरक्षा और सेवा में तत्पर है। उन्होंने लोगों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। साथ ही नशे के दुष्परिणाम बताते हुए नशे से दूर रहने की सलाह दी। इस दौरान एसपी ने गांव के दो सैकड़ा जरूरतमंदों को कंबल और मोजे भी वितरित किए। इंटरनेशनल पायनियर्स क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष केशव शिवहरे ने कहा कि ग्राम चैपालों का उद्देश्य ग्रामीणों को उनके अधिकारों और सुरक्षा के प्रति जागरूक करना है। यह पहल पुलिस और ग्रामीणों के बीच विश्वास को भी मजबूत करेगी। उन्होंने बताया कि उनकी संस्था लगातार 25 वर्षों से निःस्वार्थ भाव से जरूरतमंद लोगों की विभिन्न क्षेत्रों में हर तरह की सहायता करती रहती है। पत्रकार अरविन्द रघुवंशी ने इस पहल का स्वागत किया। उन्होंने जन जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से गांव वालों को अपनी समस्याओं को पुलिस तक पहुंचाने का एक कारगर मंच बताया। यह गांव वालों के लिए एक अच्छा अवसर है। गांव वाले हमेशा अपनी समस्याओं को सुलझाने के लिए पुलिस की मदद चाहते हैं। आज पुलिस गांव में चैपाल लगाकर उनकी हर समस्या को सुना और निस्तारण करने का भरोसा दिलाया। इस मौके पर संस्था के सदस्य नितेश केशरवानी, राजा सिंह, संजय सिंह, अपराध निरीक्षक अंजनी कुमार सिंह, एसपी पीआरओ प्रदीप कुमार पाल आदि मौजूद रहे।

# बिजली का खंबा गिरने से किशोर की मौत, पेड़ काटते समय हुआ हादसा

**जन एक्सप्रेस । उरई**



आटा थाना क्षेत्र के ग्राम संदी में बबूल का पेड़ काटने के बाद ट्रेक्टर से खींचने पर पेड़, बिजली के तार पर गिर गया, जिससे पोल धराशाई हो गया। जिससे उसके नीचे खड़े 12 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने किशोर के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

आटा थाना क्षेत्र के ग्राम संदी निवासी राजेन्द्र प्रसाद उर्फ रजन का 12 वर्षीय पुत्र देव मोहल्ले के बच्चों के साथ खेल रहा था। वही पड़ोसी गंगाराम अपने दरवाजे पर खड़े बबूल का पेड़ को कटवा रहे थे, जब पेड़ आधा कट गया तो उसे ट्रैक्टर से खींचा गया, तो कटा हुया पेड़ का आधा भाग वहां से निकली एलटी बिजली की लाइन पर गिर गया। दवाब होने की वजह से बिजली का पोल टूटा इसी दौरान देव बिजली पोल के नीचे आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मौके पर पुलिस ने पहुचकर कागजी कार्यवाई पूरी की। जब पिता राजेन्द्र प्रसाद माँ फूलनदेवी और भाई गजेंद्र और बहिन चाँदनी को उसकी मौत की जानकारी हुई तो उनका रो-रोकर बहुत बुरा हाल हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि दिवंगत कक्षा 2 में पढ़ता था और उसके पिता बडोदरा गुजरात में रहकर पानी पूरी का व्यापार करता है। वही एसओ अजय कुमार सिंह ने बताया कि अभी तक किसी भी प्रकार की कोई तहरीर नही दी गयी है। मामले की जांच करते हुए आवश्यक कार्यवाई की जाएगी।

### चबूतरे के विवाद में हुई धक्का मुक्की, महिला की गोद से गिरकर बच्ची की मौत

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कोतवाली क्षेत्र के बिनौरा में चबूतरे को लेकर हुए विवाद के दौरान हुई धक्का मुक्की में महिला की गोद से गिरकर मासूम बच्ची की मौत हो गई।

शहर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बिनौरा निवासी परशुराम बरार का अपने ताऊ भूप सिंह से चबूतरे को लेकर विवाद चल रहा है। बताया गया कि यह विवाद पिछले एक महीने से चल रहा है। जिसकी शिकायत परशुराम ने पुलिस से भी की थी, लेकिन आज तक इसका कोई सही समाधान नहीं हो सका था। गुरुवार की शाम को भी परशुराम और भूप सिंह में चबूतरे को लेकर फिर से कहासुनी होने लगी। जिससे परशुराम की पत्नी विनीता अपनी एक साल की बच्ची नंदनी को गोद में लेकर वहां पहुंच गई। आरोप है कि ताऊ भूप सिंह ने बहू को धक्का दे दिया। जिससे उसकी गोद से बच्ची जमीन पर गिर गई और उसकी मौत हो गई।

# गांव की समस्या, गांव में समाधान जन चौपाल का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । उरई**



डीएम राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत कुठौंदा बुजुर्ग में गांव की समस्या, गांव में समाधान जनचौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनचौपाल में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर संचालित योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी गई। डीएम ने जनचौपाल में ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक पात्र लाभार्थी को योजना का लाभ मिलना चाहिए। इसमे किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी। डीएम ने पात्र लाभार्थियो को मिल रहे, लाभ का सत्यापन भी किया। उन्होंने निर्देशित किया कि फार्मर रजिस्ट्री अधिक से अधिक कराई जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि नमामि गंगे पेयजल योजना के तहत क्षतिग्रस्त सड़को को तत्काल ठीक कराये और साथ ही पेयजल की समस्या न होने पाए। उन्होंने गांव में खेल का मैदान बनाये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समाधान जनचौपाल का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं को प्रशासन तक सीधे पहुंचाना और उनका त्वरित समाधान करना है। डीएम ने ग्रामीणों से प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना, किसान सम्मान निधि योजना और स्वच्छ भारत मिशन जैसी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन पात्र लोगों को इन योजनाओं का लाभ नहीं मिला है, वे जल्द से जल्द आवेदन करें। डीएम ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि गांव में विकास कार्यों में तेजी लाई जाए और जनचौपाल में उठाई गई समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान किया जाए। इस अवसर पर परियोजना निदेशक अखलेश तिवारी, उप जिलाधिकारी विनय कुमार मौर्य, जिला विकास अधिकारी महेंद्र चौबे, डीसी मनरेगा रामेन्द्र सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी मनोज अवस्थी, जिला पंचायत राज अधिकारी राम अयोध्या प्रसाद सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## एक्सप्रेस खबरें...

### उमाकांत मालवीय बाल साहित्य सम्मान से अनिल को किया गया पुरस्कृत



**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** जनपद के खुटहा ग्राम निवासी शिक्षक अनिल कुमार निलय को उमाकांत मालवीय युवा बाल साहित्य सम्मान से पुरस्कृत किया गया। उनके सम्मान मिलने पर जनपदवासियों ने उन्हें बधाई दी है। उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान के तत्वावधान में निराला सभागार हिन्दी भवन लखनऊ में आयोजित किए गए अभिनन्दन पर्व समारोह में चित्रकूट के खुटहा गांव के मूलनिवासी एवं राजकीय हाईस्कूल सराय आनादेव के विज्ञान शिक्षक व युवा बाल साहित्यकार अनिल कुमार निलय को उमाकांत मालवीय युवा बाल साहित्य सम्मान से पुरस्कृत किया गया। जिसमें उन्हें उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान के निदेशक राज बहादुर ने 51,000 रूपये की धनराशि व प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रधान संपादक डॉ अमिता दुबे ने किया। अनिल कुमार निलय की इस उपलब्धि पर जनपदवासियों ने खुशी जाहिर करते हुए उन्हें बधाई दी है।

### घर से नकारात्मक शक्तियों को दूर करता है रामायण पाठ- पं नारायण दत्त त्रिपाठी

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** जिला मुख्यालय स्थित बल्दाऊ मंदिर में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा समारोह में प्रख्यात ज्योतिषाचार्य पंडित नारायणदत्त त्रिपाठी की मौजूदगी में पंचमुखी श्रीहनुमत मूर्ति प्रतिष्ठा कराई गई। इस दौरान मंडप प्रवेश और जलधिवास के बाद श्रद्धालुओं ने नगर भ्रमण किया। समारोह में शुक्रवार को अखंड रामायण पाठ का शुभारम्भ किया गया। इस दौरान प्रख्यात ज्योतिषाचार्य पंडित नारायणदत्त त्रिपाठी अखंड रामायण पाठ से व्यक्ति की जीवन शैली सुधरती है। साथ ही व्यक्ति को ज्ञान और अनुभव मिलता है। लगातार 24 घंटे तक चलने वाले इस पाठ को पंडितों के सहयोग से पूर्ण किया जाता है। इससे भगवान श्रीराम और बजरंगबली का आशीर्वाद मिलता है। साथ ही प्रभु श्रीराम जीवन की बाधाएं दूर करते हुए भक्त पर कृपा करते है। इसका पाठ करने और सुनने वालों के घर में मौजूद नकारात्मक शक्तियां दूर होती है। हिंदू धर्म में अखंड रामायण का पाठ करने से व्यक्ति अमोघ फल की प्राप्ति होती है, लेकिन इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि यह पाठ बिना खंडित किए हुए पूरा होना चाहिए। इसके पूर्व विद्वान प्रभाकर त्रिपाठी, कृष्णकांत त्रिपाठी आदि ने मंडप प्रवेश, जलाधिवास के बाद बल्दाऊ मंदिर में पंचमुखी श्रीहनुमत मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कराई। साथ ही श्रद्धालुओं ने नगर भ्रमण किया। इस मौके पर कार्यक्रम आयोजक दुर्गा प्रसाद गुप्ता, अम्बिका प्रसाद गुप्ता, आनंद कुमार गुप्ता, अमित कुमार गुप्ता, सभासद विनीत पयासी, गोविंद पयासी आदि मौजूद रहे।

### ईर्ष्या-द्वेष से दूर रहकर भगवान की भक्ति में हों लीन- सत्यानंद महराज

**जन एक्सप्रेस/बरगढ़, चित्रकूट।** मऊ तहसील के कनियाढ़ में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिन शुक्रवार को कथा व्यास डॉ सत्यानंद महराज ने भागवत कथा का महत्व बताया। कहा कि सभी प्राणियों को एक बार कथा का रसपान अवश्य करना चाहिए। श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम कथा व्यास डॉ सत्यानंद महाराज ने कथा की महिमा बताते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण से जीवन में भक्ति, ज्ञान व वैराग्य का आगमन होता है। कथा सुनने का मुख्य उद्देश्य मानव को कभी भी किसी से ईर्ष्या-द्वेष नहीं करने का संदेश देना है। कहा कि मानव को कभी किसी की निंदा नहीं करना चाहिए। कहा कि श्रीमद्भागवत कथा व्यक्ति को जीवन जीने की कला सिखाती है। इस मौके पर यजमान सुरेन्द्र बहादुर सिंह, जैन बहादुर, रणधीर, मुन्ना, पप्पू, जितेन्द्र, दिवाकर, पुष्पेन्द्र, आलोक सहित अन्य श्रोतागण मौजूद रहे।

### गाय में होता है 33 करोड़ देवी-देवताओं का वास- आचार्य विनय

**जन एक्सप्रेस/रामनगर, चित्रकूट।** कस्बे में चल रही संगीतमय भागवत कथा महापुराण के दूसरे दिन कथा व्यास आचार्य विनय कृष्ण महराज ने सुकदेव जन्म तथा राजा परीक्षित की कथा सुनाई। जिसे सुनकर श्रोता भाव विभोर हो गए। दूसरे दिन की कथा में कथा वाचक आचार्य विनय कृष्ण महराज ने कहा कि जहां सत्य और भक्ति का समावेश होता है, वहां भगवान का आगमन अवश्य होता है। वर्तमान का इंसान घमण्ड में भगवान को भूलता जा रहा है, इसी कारण प्राणी (मनुष्य) चिंता में डूबता जा रहा है। भगवान की कृपा तब होती हैं, जब जीव अपना कर्म करके भगवान पर छोड़ देता है। कथा व्यास ने गाय की सेवा का महत्व समझाते हुए कहा कि गाय में 33 करोड़ देवी देवताओं का वास होता है। गौमाता की सेवा ही सभी देवताओं की सेवा है। कथा का महत्व बताते हुए कथा व्यास ने कहा कि श्रीमद्भागवत महापुराण कथा ज्ञान व वैराग्य के साथ चेतना को जागृत करने का बहुत बड़ा साधन है। कहा कि श्रीमद्भागवत महापुराण कथा कल्पवृक्ष के समान है, जिसके श्रवण मात्र से ही प्राणी के संपूर्ण पाप नष्ट हो जाते हैं और जीव को मोक्ष की प्राप्ति होती है। इस मौके पर श्रीनाथ अग्रहरि सहित श्रोतागण आदि मौजूद रहे।

### सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को दी गई भावभीनी विदाई

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में शुक्रवार को पुलिस विभाग में अपनी सेवा पूर्ण करने वाले पांच उपनिरीक्षकों, एक एफएसएसओ, एक आरक्षी व एक संदेशवाहक को भावभीनी विदाई दी गई। पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में पुलिस विभाग में अपनी सेवा पूर्ण करने वाले एफएसएसओ सतीश कुमार, उपनिरीक्षक सुरेन्द्र कुमार, कमलेश सिंह, राजेन्द्र प्रताप सिंह, महेन्द्र सिंह, राजकुमार सिंह, आरक्षी राम आसरे यादव व संदेश वाहक रेडियो शाखा जय प्रकाश सिंह को भावभीनी विदाई दी गई। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने सेवानिवृत्त हो रहे पांच उपनिरीक्षक, एक एफएसएसओ, एक आरक्षी व एक संदेश वाहक पुलिस कर्मी को माला पहनाकर, प्रशस्ति-पत्र एवं उपहार प्रदान कर विदाई दी गयी। उन्होंने सेवानिवृत हो रहे पुलिसकर्मियों से कहा कि वह अपने घर जाकर अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए एवं निरन्तर व्यायाम करते रहें। इस मौके पर प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण, वाचक राजीव कुमार सिंह, प्रधान लिपिक अनिल मोहन शुक्ला, पीआरओ प्रदीप पाल सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### घर में घुसकर महिला से दुराचार करने वाले को 10 साल की कैद

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** घर में घुसकर दुष्कर्म करने के मामले में दोष सिद्ध होने पर त्वरित न्यायालय ने आरोपी को 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 19,000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी सुशील सिंह ने बताया कि बीती 19 फरवरी 2022 को पहाड़ी थाने में एक महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पीड़िता के अनुसार ओरा गांव के निवासी शिवाकांत लोध उर्फ पंडा ने उसके घर में घुसकर उसके साथ दुष्कर्म किया था। साथ ही गाली-गलौज करते हुए इस घटना के बारे में किसी को भी बताने पर जाने से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के 24 घंटे के अंदर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। साथ ही न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष की दलीलें सुनने के बाद शुक्रवार को त्वरित न्यायालय के अपर जिला जज नीरज कुमार श्रीवास्तव ने इस मामले में निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर आरोपी शिवाकांत लोध उर्फ पंडा को 10 वर्ष सश्रम कारावास के साथ 19,000 रुपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई।

# लखनऊ एक्सप्रेस

हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive | लखनऊ, शनिवार, 01 फरवरी, 2025






### वेणुगोपाल ने निर्मला सीतारमण को लिखा पत्र...

शनिवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का दूसरा बजट पेश करेंगी। इसी बीच कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने शुक्रवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र लिखकर रियल एस्टेट पर पूंजीगत लाभ के टैक्स में हाल... ▸ पढ़ें पेज 12 पर...

# स्कूलों में 52 फीसदी छात्रों की नहीं बनीं अपार आईडी

## बोर्ड परीक्षाओं तक अपार बनाने का काम रोकने की मांग

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

शिक्षा मंत्रालय की पहल पर प्रदेश में निजी व सरकारी विद्यालयों के छात्रों की ऑटोमेटेड परमानेंट एकेडमिक अकाउंट रजिस्ट्री (अपार) आईडी की गति बहुत धीमी है। प्रदेश के निजी ही नहीं सरकारी स्कूलों की स्थिति बहुत अच्छी नहीं है। सरकारी स्कूलों में भी 52 फीसदी छात्रों की आईडी नहीं बनी है। अब इसके लिए दो दिन कैंप भी लगाया जा रहा है। प्रदेश के कई जिलों में जिला विद्यालय निरीक्षकों द्वारा अपार आईडी न बनाए जाने क दशा में वेतन रोकने की बात कही गई है। प्रदेश में निजी व सरकारी विद्यालयों में छात्रों की अपार आईडी बनाने के लिए यूं तो काफी दिनों से कवायद चल रही है। किंतु जिला स्तरीय अधिकारी इसमें बहुत रुचि नहीं ले रहे हैं। वहीं कई तकनीकी दिक्कत भी इसकी राह में बाधा बन रही है। शिक्षकों के अनुसार अपार आईडी बनाने में विद्यार्थियों के यू डायस, आधार कार्ड व विद्यायल का एसआर रजिस्टर पर उपलब्ध डाटा मैच नहीं कर रहा है। इसके कारण अपार आईडी जेनरेट नहीं हो पा रही है। जबकि पिछले दिनों विभाग की ओर से की गई समीक्षा में सामने आया है कि सरकारी विद्यालयों में बेसिक स्तर पर कई जिलों में 71 फीसदी तक छात्रों की अपार आईडी नहीं बनी है। वहीं माध्यमिक विद्यालयों की तो और खराब स्थिति है। यहां पर कई जिलों में 93 फीसदी तक छात्रों की आईडी नहीं बनी है। ओवरआल बेसिक व माध्यमिक सरकारी विद्यालयों में 52 फीसदी छात्रों की ही अपार आईडी बनी है। महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने सभी जिलाधिकारियों को पत्र भेजकर हर बृहस्पतिवार व शुक्रवार को अपार मेले का आयोजन कराते हुए इसमें गति लाने को कहा है। इसके साथ ही पांच फरवरी को प्रदेश स्तर पर समीक्षा करने की भी तिथि तय की है। इसके बाद से जिलों में डीआईओएस की ओर से सख्ती भी शुरू कर दी गई है।



### बोर्ड परीक्षा तक अपार आईडी का काम रोकने की मांग

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (चंदेल गुट) के प्रदेश मंत्री संजय द्विवेदी ने बोर्ड परीक्षा होने तक अपार आईडी बनाने के काम को रोकने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इसकी वजह से बोर्ड परीक्षा की तैयारियों, प्रयोगात्मक परीक्षा व पाठ्यक्रम पूरा करने में कठिनाई हो रही है। तकनीकी कठिनाइयों से अपार आईडी का काम पूरा न होने के कारण प्रदेश के कई जिलों में शिक्षकों का वेतन रोक दिया है। इससे शिक्षकों में काफी नाराजगी है। उन्होंने कहा कि 23 फरवरी से यूपी बोर्ड परीक्षा है। एक फरवरी से प्रयोगात्मक परीक्षा शुरू हो रही है। इस समय अधिकांश विद्यालयों में शिक्षक अधूरा पाठ्यक्रम पूरा करने व परीक्षा की तैयारी में लगे है। अपार आईडी बनाने के दबाव से बोर्ड परीक्षा से संबंधित कार्य प्रभावित हो रहे हैं। डीआईओएस लगातार पत्र भेजकर प्रधानाचार्य व शिक्षकों के वेतन रोकने व मान्यता समाप्त करने की धमकी दे रहे हैं। इससे पूरे प्रदेश में आपाधापी मची हुई है।

## महाकुंभ 2025 : चार एसपी व तीन एएसपी भेजे गए प्रयागराज, बसंत पंचमी स्नान के लिए सतर्क हुई सरकार

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

महाकुंभ में मची भगदड़ के बाद प्रदेश सरकार बसंत पंचमी को होने वाले स्नान के लिए सतर्क हो गई। शुक्रवार को प्रदेश सरकार ने अतिरिक्त सतर्कता बरतते हुए चार एसपी और तीन एएसपी को महाकुंभ के लिए प्रयागराज भेज दिया है। इन अफसरों में दीपेंद्र नाथ चौधरी, लक्ष्मीनिवास मिश्र, राज धारी चौरसिया और श्रवण कुमार सिंह शामिल हैं। इसके अलावा, एएसपी विकास चंद्र त्रिपाठी, ओम प्रकाश सिंह और प्रवीण कुमार यादव को भी महाकुंभ भेजा गया है। इसके पहले, प्रयागराज महाकुंभ में दर्दनाक हादसे के बाद सरकार ने पांच और अनुभवी अधिकारियों की टोली संगम नोज में तैनात की थी। इन अफसरों में एक आईएएस व चार पीसीएस अधिकारी शामिल थे। यह वे अधिकारी हैं, जो पहले प्रयागराज में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। वर्ष 2019 में कुंभ के दौरान प्रयागराज में बतौर मंडलायुक्त सेवाएं देने वाले वरिष्ठ आईएएस अधिकारी आशीष गोयल और भानु चंद्र गोस्वामी पहले ही महाकुंभ में तैनात किए जा चुके हैं। यह अधिकारी 15 फरवरी तक प्रयागराज में उपस्थित रहकर व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने में सहयोग देंगे। जिन अधिकारियों की बृहस्पतिवार को ड्यूटी महाकुंभ में लगाई गई है, उनमें वर्ष 2016 बैच के आइएएस अधिकारी अतुल सिंह हैं। वह इस समय खाद्य एवं रसद विभाग में विशेष सचिव के पद पर तैनात हैं। इनके अलावा पीसीएस अधिकारियों में युवा कल्याण विभाग में संयुक्त निदेशक अशोक कुमार, कानपुर में अपर जिलाधिकारी नागरिक आपूर्ति आशुतोष कुमार दुबे, हरदोई में अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी व बस्ती के अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रतिपाल चौहान शामिल हैं।



## ग्रामीण युवाओं के कौशल संवर्धन पर क्षेत्रीय कार्यशाला संपन्न

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के तत्वावधान में आगरा में आयोजित दो दिवसीय क्षेत्रीय कार्यशाला का आज समापन हुआ। दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना 2.0 और आरएसईटीआई 2.0 के कार्यान्वयन की चुनौतियों और रणनीतिक हस्तक्षेपों पर विस्तृत चर्चा के साथ कार्यशाला के अंतिम दिन विभिन्न राज्यों की वार्षिक कार्य योजनाओं की प्रस्तुति दी गई। कार्यशाला का उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को आधुनिक और रोजगारपरक कौशल से जोड़ना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रभावी रणनीतियां तैयार करना था।

## बिजली का निजीकरण रोकने के लिए नियामक आयोग पहुंचा उपभोक्ता परिषद, मसौदे को रद्द करने की मांग

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

उपभोक्ता परिषद ने शुक्रवार को विद्युत नियामक आयोग में लोक महत्व प्रस्ताव दाखिल किया। निजीकरण के प्रस्ताव पर पूरी तरह से रोक लगाने और इसे निरस्त करने की मांग की। बताया कि गर्मी का मौसम आने वाला है। ऐसे में उपभोक्ताओं के हितों को देखते हुए निजीकरण के बजाय बिजली व्यवस्था सुधारने पर फोकस बढाया जाए। उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने शुक्रवार को नियामक आयोग के सदस्य संजय सिंह से मुलाकात की। उन्हें परिषद की ओर से लोक महत्व प्रस्ताव सौंपा। इसमें बताया कि केंद्रीय ऊर्जा राज्य मंत्री की अध्यक्षता में गठित सात सदस्यों वाली ऊर्जा मंत्री समूह के संयोजक प्रदेश के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा है। बृहस्पतिवार को इस समूह की पहली बैठक में ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने उत्तर प्रदेश के ऊर्जा क्षेत्र में चौतरफा सुधार और आरडीएसएस में सर्वोत्तम कार्य होने का दावा किया है। ऐसे में मल्टी ईयर टैरिफ रेगुलेशन 2025 में प्रस्तावित निजीकरण मसौदे को तत्काल रद्द किया जाए। दक्षिणांचल व पूर्वांचल के 42 जिलों में ट्रांजक्शन एडवाइजर नियुक्त करने के बजाय सुधार के लिए कार्य शुरू किया जाए। मंत्री समूह ऊर्जा क्षेत्र में सुधार कार्यक्रम की रणनीति बना रहा है। ऐसे में इस रणनीति के सामने आने तक निजीकरण की प्रक्रिया ना की जाए।

## जैन विद्या शोध संस्थान के स्थापना दिवस पर 06 जैन विभूतियां सम्मानित

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

■ जैन दर्शन के अहिंसा परमो धर्मा के सिद्धांत को जीवन में उतारें - जयवीर

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने उत्तर प्रदेश जैन विद्या शोध संस्थान के 34वें स्थापना दिवस के अवसर पर जैन धर्म के प्रचार-प्रसार एवं उपदेशों को जीवन में उतारने में सहयोग करने वाले जैन धर्म से जुड़ी 06 विभूतियों को सम्मानित करते हुए कहा कि जैन धर्म प्राचीन धर्म है इसके उपदेश लोकहित एवं लोक कल्याकारी तथा मानवता को सद्मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। जैन दर्शन अहिंसा परमोधर्मा के सिद्धांत पर आधारित है। इस धर्म के तीर्थंकरों ने मानव जीवन को आदर्श बनाने पर जोर दिया। जैन धर्म के उपदेश सर्वकालिक एवं कालजयी हैं इनको जीवन में उतारने की अवश्यकता है। जैन शोध संस्थान में सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि जैन धर्म की सांस्कृतिक परम्परा को सनातन धर्म के करीब है। राज्य सरकार जैन धर्म को मानवता का धर्म बनाने के लिए इस धर्म से संबंधित स्थलों को बेहतर बनाने पर जोर दे रही है। जैन सर्किट के विकास के लिए 31 करोड़ रुपये की धनराशि पर्यटन विभाग को उपलब्ध करा दी गई है। जैन तीर्थस्थलों से संबंधित योजनाओं को धरातल पर उतारने का कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है। युवाओं को जैन धर्म की शिक्षा एवं उपदेशों से जोड़ने के लिए भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय से संबद्ध जैन विद्या शोध संस्थान में आगामी सत्र से स्नातक की पढ़ाई शुरू करने का निर्णय लिया गया है।पर्यटन मंत्री ने अलंकरण समारोह में तीर्थंकर ऋषभदेव सम्मान से प्रो. राजा राम जैन, नोएडा को प्रथम सम्मान के रूप में एक लाख रुपये की धनराशि देने की घोषणा की। अस्वस्थ होने के कारण वह समारोह कारण शामिल नहीं हो सके। तीर्थंकर महावीर अहिंसा सम्मान से डॉ. पत्रिका जैन, लखनऊ और आचार्य कुन्दकुन्द सम्मान से डॉ. सचिन्द्र जैन, मंगलायतन, अलीगढ़ को सम्मानित किया । इन्हें 51-51 हजार रुपये की धनराशि दी गई। भरत चक्रवर्ती सम्मान से डॉ. ज्योति जैन, मुजफ्फरनगर को पुरस्कार स्वरुप 31 हजार रुपये की धनराशि दी गई। गणेश प्रसाद वर्णी श्रुत आराधक सम्मान से भोपाल के डॉ. पंकज जैन तथा श्रुत संवर्धन सम्मान से जैन अमन अकलंक को सम्मानित किया गया। इन्हें पुरस्कार स्वरूप 21-21 हजार रुपये की धनराशि दी गई। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले आइडियल पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य दिलशाद हुसैन, वर्धमान इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य अंकित जैन, प्रयाग पब्लिक इंटर कॉलेज की श्रीमती ज्योति और शशिभूषण डिग्री कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर सौरभ मिश्रा को स्मृति चिह्न सम्मान स्वरूप दिया गया। सम्मान समारोह में युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न विद्यालयों के छात्रों के बीच प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र भी दिया गया। इस अवसर पर संस्कृति विभाग के वित्त नियंत्रक दिलीप कुमार गुप्ता, सहायक निदेशक तुहिन द्विवेदी, जैन विद्या शोध संस्थान के निदेशक अमित अग्निहोत्री उपस्थित रहे।

## जिला पंचायत सदस्य ने बुजुर्ग को घर में घुसकर लोहे के रॉड से पीटा



**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

मलिहाबाद लखनऊ बुजुर्ग की जमीन पर जबरदस्ती कब्जा कर रहे दबंग को जब रोका गया तो दबंगों ने दबंगई दिखाते हुए बुजुर्ग के घर में घुसकर लोहे की रॉड और डंडे से बुजुर्ग को बुरी तरह पीटा बुजुर्ग ने रहीमाबाद थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई। बताते चले की रहीमाबाद थाना क्षेत्र के सुस्वारा गांव के मजरा सुरती खेड़ा निवासी राजेंद्र पुत्र स्वर्गीय बैजू थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि गांव में उनका मकान बना हुआ है जिसके पीछे क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य जीत बहादुर पुत्र मैकू उनकी जमीन पर निर्माण कर कब्जा कर रहे हैं जबकि जमीन का मुकदमा न्यायालय में चल रहा है जब उनको निर्माण कार्य करने से रोका गया तो आक्रोशित होकर जीत बहादुर लड़ने पर आमादा हो गए और अपनी बहन निर्मला के साथ जीत बहादुर मेरे घर में घुसकर लोहे की सरिया और डंडों से मेरी जमकर पिटाई की जिससे मेरे शरीर में काफी चोटेआई पीड़ित ने रहीमाबाद थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाइ है।

## राजस्व निरीक्षक और अमीन की सेवानिवृत्ति सम्मान के साथ हुई विदाई

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

राजस्व निरीक्षक संगम लाल एवं संग्रह अमीन माधो पांडेय तहसील में कार्यरत थे शुक्रवार को वह सेवानिवृत हुए इस अवसर पर नायब तहसीलदार किरत सेन ने सम्मान के साथ अपनी सरकारी गाड़ी से घर तक छोड़ने का सराहनीय कार्य किया। सेवानिवृत पार्टी का आयोजन तहसील सभागार मे किया गया इस अवसर पर नायब तहसीलदार किरत सेन ने कहा संगम लाल और माधो पांडेय ने अपने कार्यकाल में बहुत मेहनत और समर्पण के साथ काम किया है हमें उनकी सेवाओं का लाभ उठाने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा सेवानिवृत्ति के इस अवसर पर सम्मान के साथ वह अपनी सरकारी गाड़ी से घर तक छोड़ने जा रहा हूं। यह मेरे लिए एक सम्मान का अवसर है और मैं उनके लिए अपनी शुभकामनाएं देता हूं।

इस अवसर पर संगम लाल ने भी अपने शब्दों में कहा मैं किरत सेन का आभारी हूं जो मुझे सम्मान के साथ अपनी गाड़ी से घर तक छोड़ने का आए है। यह मेरे लिए एक बहुत ही सम्मानजनक और यादगार पल है। नायब साहब के इस कदम से मुझे मेरी सेवाओं का गौरवपूर्ण प्रतिफल मिल गया है।



## 52 फीसदी कर्मचारियों ने नहीं दिया संपत्ति का ब्योरा, जनवरी का वेतन रोकने की तैयारी

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

राज्य सरकार के स्पष्ट आदेश के बावजूद राज्यकर्मी संपत्तियों का ब्यौरा मानव संपदा पोर्टल पर ऑनलाइन देने में आनाकानी कर रहे हैं। संपत्तियों का ब्यौरा देने की अंतिम तिथि 31 जनवरी है, लेकिन 30 जनवरी तक मात्र 52 फीसदी कर्मियों ने इसकी जानकारी ऑनलाइन की है। संपत्तियों का ब्यौरा तय समय पर न देने वालों की पदोन्नति के साथ वेतन रोकने की भी तैयारी है। कार्मिक विभाग इस संबंध में जल्द ही स्पष्ट आदेश जारी करने की तैयारी कर रहा है। प्रदेश में 8.32 लाख राज्य कर्मचारी हैं। इनमें से मात्र 4.33 लाख कर्मियों ने ही संपत्तियों का ब्यौरा दिया है। यह करीब 52 फीसदी के आसपास है। शासन के सूत्रों के मुताबिक, संपत्तियों का ब्यौरा न देने वाले कर्मियों के संबंध में 1 फरवरी के बाद सख्त आदेश जारी करते हुए कार्रवाई की जा सकती है।

### नहीं दी एनुअल कांफिडेंशियल रिपोर्ट

प्रदेश में समूह क व ख श्रेणी के अधिकारियों को अपनी 2023-24 की एनुअल कांफिडेंशियल रिपोर्ट (एसीआर) मानव संपदा पोर्टल पर ऑनलाइन दाखिल करनी है। सचिवालय प्रशासन ने कड़े निर्देश दिए हैं कि रिपोर्ट न देने पर संबंधित अधिकारियों का जनवरी महीने का वेतन रोक दिया जाएगा। सचिवालय प्रशासन की ओर से हाल ही में सभी अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव व सचिव को पत्र भेजकर कहा गया है कि इन अधिकारियों की वर्ष 2023-24 की ऑनलाइन गोपनीय प्रविष्टि दाखिल करने के निर्देश दिए गए हैं। हाल में की गई समीक्षा में पता चला है कि काफी लोगों द्वारा मानव संपदा पोर्टल पर अपनी स्व मूल्यांकन आख्या नहीं अपलोड की गई है। ऐसे में समीक्षा अधिकारियों समेत सभी समूह क व ख श्रेणी के अधिकारियों की रिपोर्ट ऑनलाइन कराना सुनिश्चित करें।

## 17 ओबीसी जातियों अनुसूचित जाति सूची में शामिल

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

उत्तर प्रदेश में 17 अति पिछड़ी जातियों को अनुसूचित जाति का आरक्षण दिलाने के प्रयासों को नया आयाम मिल रहा है। उच्च न्यायालय द्वारा पूर्व में जारी अधिसूचनाओं को रद करने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार ने इस मुद्दे को गंभीरता से लिया है। सरकार की योजना मझवार जाति समूह की उपजातियों को परिभाषित कर केंद्र को प्रस्ताव भेजने की है, जिससे इन जातियों को आरक्षण का लाभ मिल सके।उत्तर प्रदेश की 17 जातियां, जिनमें कहार, कश्यप, केवट, मल्लाह, निषाद, कुम्हार, प्रजापति, धीवर, बिंद, भर, राजभर, धीमर, बाथम, तुरहा, गोड़िया, मांझी, और मछुवा शामिल हैं, लंबे समय से अनुसूचित जाति वर्ग में शामिल होने की मांग कर रही हैं। इन जातियों को आरक्षण का लाभ दिलाने की मांग दशकों से उठती रही है, लेकिन इसे कानूनी और तकनीकी कारणों से अब तक लागू नहीं किया जा सका।सपा सरकार के दौरान जारी अधिसूचनाएं अदालत में असंवैधानिक घोषित हो गईं, जिसके बाद योगी सरकार ने नए सिरे से इस प्रक्रिया को शुरू करने का फैसला किया।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंत्री डॉ. संजय निषाद और एमएसएमई मंत्री राकेश सचान के साथ बैठक में मझवार जाति समूह की उपजातियों को परिभाषित करने पर जोर दिया। उत्तराखंड में शिल्पकार जाति को परिभाषित करने के उदाहरण को ध्यान में रखते हुए, योगी सरकार उत्तर प्रदेश में मझवार जाति समूह के लिए ऐसा ही प्रस्ताव तैयार करेगी।मंत्री डॉ. संजय निषाद ने मुख्यमंत्री को यह स्पष्ट किया कि मछुवा समुदाय की उपजातियां पहले से अनुसूचित जाति की सूची में मझवार और तुरैहा के रूप में दर्ज हैं। इसे संविधान अनुसूचित जाति आदेश, 1950 के तहत परिभाषित करना होगा।मुख्यमंत्री ने समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण को निर्देश दिया कि मझवार आरक्षण की प्रक्रिया में मौजूद तकनीकी खामियों को दूर किया जाए। इस प्रस्ताव को केंद्र सरकार तक भेजने की तैयारी तेजी से की जा रही है। यह कदम समाज के उन वर्गों को आरक्षण दिलाने में मील का पत्थर साबित होगा, जो आर्थिक और सामाजिक पिछड़ेपन से जूझ रहे हैं।

## शिक्षकों के तबादले की प्रक्रिया में लगा ग्रहण आदेश के एक महीने बाद जारी नहीं हुआ कार्यक्रम

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों का जिले के अंदर परस्पर तबादले व एक से दूसरे जिले में परस्पर तबादले की प्रक्रिया एक महीने बाद भी नहीं शुरू हो पाई है। शिक्षामित्रों के समायोजन की प्रक्रिया भी आगे नहीं बढ़ पाई है। इससे शिक्षक व शिक्षामित्र खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं। प्रदेश में परस्पर व सामान्य तबादला जाड़े व गर्मी की छुट्टी में करने का पूर्व में निर्देश दिया गया है। इसके तहत 2023 में शुरू हुई तबादले की प्रक्रिया जनवरी 2024 में पूरी की गई। करीब एक साल बाद जिले के अंदर तबादले का शासनादेश 27 दिसंबर व जिले के बाहर तबादले का शासनादेश सात जनवरी को जारी किया गया था। इसके बाद 10 जनवरी तक शिक्षकों का डाटा अपडेट करने का निर्देश दिया गया। पर, स्थिति ये है कि जिले के अंदर परस्पर तबादले की प्रक्रिया बेसिक शिक्षा विभाग नहीं शुरू कर सका है। वहीं, शिक्षकों को एक से दूसरे जिले में परस्पर तबादले का इंतजार है। शिक्षकों का कहना है कि एक तो विभाग हर छह महीने में होने वाली प्रक्रिया को एक साल बाद शुरू कर रहा है। अब उसे भी टरकाया जा रहा है। शिक्षकों का कहना है कि शासनादेश जारी करने में जाड़े की छुट्टी बीत गई, अब प्रक्रिया पूरी करने में गर्मी की छुट्टी बीत जाएगी। विभाग को गर्मी की छुट्टियों से पहले सभी औपचारिकता पूरी करनी चाहिए ताकि छुट्टी के दौरान शिक्षकों को रिलीव और जॉइन कराया जा सके। शिक्षकों ने बताया कि विभाग में इस पर कोई जानकारी भी नहीं दे रहा है।

शिक्षकों के साथ हो रहा है छल
बेसिक शिक्षा विभाग शिक्षकों के साथ छल कर रहा है। एक-एक प्रक्रिया पूरी करने में छह-छह महीने लगेंगे तो शिक्षक को तबादले के लिए काफी लंबा इंतजार करना पड़ेगा। जल्दी ही प्रक्रिया पूरी कर गर्मी की छुट्टियों में तबादले का लाभ शिक्षकों को देना चाहिए।- डॉ. दिनेश चंद्र शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ

### जिलों से मांगी गई है सूचना

परस्पर तबादले का शासनादेश जारी होने के बाद शिक्षकों का डाटा अपडेट करने की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। इसकी सूचनाएं जिलों से मांगी गई हैं। उच्च स्तर पर वार्ता करके आगे का कार्यक्रम जल्द जारी किया जाएगा। **- सुरेंद्र तिवारी, सचिव, बेसिक शिक्षा परिषद**

## हिन्दी संस्थान में नौ बाल साहित्यकार सम्मानित, तकनीकी युग में खोता दिखायी पड़ता है बचपन : करूणा

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान द्वारा 'अभिनन्दन पर्व समारोह' का आयोजन आज हिन्दी भवन के निराला सभागार लखनऊ में किया गया। इस अवसर पर बाल साहित्य सम्मान से सम्मानित साहित्यकार डॉ करुणा पाण्डे,डॉ आर पी सारस्वत, डॉ मोहम्मद अरशद खान, दिलीप शर्मा, नरेन्द्र निर्मल, बलराम अग्रवाल, देवी प्रसाद गौड़, डॉ दीपक कोहली, अनिल कुमार 'निलय' का स्वागत स्मृति चिह्न भेंटकर राज बहादुर, निदेशक उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान द्वारा किया गया। डॉ करुणा पाण्डे ने कहा कि बचपन जीवन का परिचय होता है। पूरे जीवन का ढ़ांचा बचपन में ही तैयार हो जाता है। आज बच्चों के बचपन में अकेलापन दिखायी पड़ता है। वर्तमान में तकनीकी युग में बचपन खोता दिखायी पड़ता है। बच्चों को संस्कारवान बनाना है तो बाल साहित्य को समृद्ध करना होगा। बच्चों के बाल मनोविज्ञानको समझना होगा। वातावरण का प्रभाव बालमन पर पड़ता है। आज आवश्यकता है बच्चों के पास तक एक अच्छा बाल साहित्य पहुँचाया जाना चाहिए।डॉ आरपी सारस्वत ने कहा कि ''नानी के गाँव चले बड़ा मजा आयेगा। मामा के संग-संग घूमेंगे खेत में। बम्बा की पटरी पे दौड़ेंगे रेत में। नंगे ही पाँव चले बड़ा मजा आयेगा।'' अपनी कविता सुनायी। डॉ मोहम्मद अरशद खान ने कहा कि अपनी कहानी 'मिट्टी का कटोरा' का पाठ पढ़कर सुनाया। कहानी का भाव व उसमें उल्लिखित मनोभावों ने श्रोताओं के मन को छू लिया। दिलीप शर्मा ने कहा कि चित्रकला के लिए चित्रकार को कल्पना लोक निर्माण करना पड़ता है। चित्रकला के लिए भी अच्छे साहित्य को पढ़ने की आवश्यकता होती है। नरेन्द्र निर्मल ने कहा कि बच्चों को पढ़ने के लिए व उन्हें प्रेरित करने के लिए बच्चों से जुड़ना होगा। यह कहना उचित नहीं कि बच्चों का साहित्य पढ़ा नहीं जा रहा है। बाल साहित्यकारों को बच्चों के मन मस्तिष्क व उनके मानसिक स्तर को समझना होगा। बाल साहित्य आज काफी पढ़ा जा रहा है। बाल साहित्यकार को बाल मनोविज्ञान को समझ कर लिखना होगा।इस अवसर पर बलराम अग्रवाल ने कहा कि माता पिता अपनी संतानों को बहुत कुछ दे देते हैं, जो हमें दिखाई नहीं देता है। बाल साहित्य के लिए बचपन को जीना पड़ता है। बाल साहित्य बड़ों को भी सीख देता है कि बच्चों को क्या सिखाया जाये। देवी प्रसाद गौड़ ने कहा कि साहित्य साधक और आत्म साधक में कोई विशेष अन्तर नही होता है। आज बाल साहित्य बच्चों पर लिखा जा रहा है, न कि बच्चों के लिए। साहित्य समीक्षा एक निरन्तर व सतत प्रक्रिया है। साहित्य सागर के मंथन से कई रत्न निकले। इन रत्नों में कविता, कहानी भी रही। समीक्षा साहित्य का एक महत्वपूर्ण तत्व है। डॉ दीपक कोहली ने कहा कि बालमन में हमेशा एक प्रश्न आता है ''क्यों और कैसे''। बच्चों को उनके प्रश्नों का उत्तर उनकी भाषा में ही दिया जाना चाहिए। बच्चों के प्रश्न ही बाल-विज्ञान को लिखने के लिए प्रेरणा प्रदान करते हैं। अनिल कुमार 'निलय' ने कहा कि साहित्य हो या साहित्यकार ने अपने समय में अपने दायित्वों का निर्वहन किया है। न ही हिन्द संकट में रहा है, न कभी हिन्दी संकट में रही है। हमें आशावान बने रहना है। निदेशक महोदय ने कहा कि बालसाहित्य की रचना करना बहुत ही कठिन कार्य है। जब एक बाल रचनाकार बालसाहित्य के लिए अपनी लेखनी चलाता है, तब उसके भीतर उसके कार्य, उसके व्यवहार एवं उसके मन मस्तिष्क में एक बालक एवं बचपन समाहित होता है अर्थात उसे अपने बचपन में पुनः लौटना पड़ता है। मेरा मानना है कि जिस रचनाकार में बचपन व बालमन जीवित रहता है, वही रचनाकार एक उत्कृष्ट बालसाहित्य की रचना कर सकता है। एक उत्कृष्ट बाल साहित्य उसे ही माना जा सकता है, जिसमें एक बालमन में अच्छे संस्कारों व चरित्र निर्माण करने की क्षमता हो व उन्हें एक सही दिशा दिखा सके। डॉ अमिता दुबे, प्रधान सम्पादक हिन्दी संस्थान द्वारा कार्यक्रम का संचालन एवं संगोष्ठी में उपस्थित समस्त साहित्यकारों, विद्वत्तजनों एवं मीडिया कर्मियों का आभार व्यक्त किया गया।

# मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने 26 लाख की लागत से बनाए गए मानक विहीन तालाब को देख लगाई फटकार

जन एक्सप्रेस । अमेठी



जमीन पर उतरकर ही सही मायने में गाँव का समुचित विकास सुनिश्चित किया जा सकता है।अधिकारी और कर्मचारी ग्रामीणों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं को समझें।और उनका समाधान निकालने की हर सम्भव कोशिश करें।यह बातें स्टेट नोडल एजेंसी वाटर शेड डेवलपमेंट कमेटी प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. हीरा लाल ने शुक्रवार को गौरीगंज के नेवादा में कृषि विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ बैठक करते कही।विभाग की जिम्मेदारी संभालने के एक महीने के भीतर जिले के तीसरे दौरे पर पहुंचे डॉ.हीरा लाल ने सख्त चेतावनी दी कि विभागीय कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही और हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं की जाएगी।उन्होंने गौरीगंज के गुड्डनपुर संभावा में करीब 26 लाख की लागत से बनाए गए तालाब का निरीक्षण करते हुए जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों को मानक का सही-सही पालन न करने पर फटकार लगायी।उन्होंने निर्देश दिया कि हर कार्य की एक चेक लिस्ट होनी चाहिए।ताकि मानक का सही-सही पालन सुनिश्चित किया जा सके।उन्होंने तालाब निर्माण की गुणवत्ता को भी परखा।और मानक के अनुरूप कार्य करने का सख्त निर्देश दिया।उन्होंने तालाब निर्माण की पूरी फ़ाइल के साथ अधिकारियों को तीन फरवरी को लखनऊ में होने वाली बैठक में तलब किया है।तथा तालाब के किनारे बाउंड्री पर वृक्षारोपण करने और तालाब में पानी के आवागमन की व्यवस्था सुचारू बनाने को कहा।उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों से कहा कि वह विभाग की गाइडलाइन व विभागीय परियोजना रिपोर्ट डीपीआर का भलीभांति अध्ययन करें।और अपने दायित्वों को समझें। ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को पहुंचाकर उनमें खुशहाली लाएं।इसके साथ ही व्यावहारिक ज्ञान पर भी ध्यान दें। किसानों और ग्रामीणों को इतना व्यावहारिक ज्ञान होता है,कि वह हवा का रुख देखकर मौसम का मिजाज बता सकते हैं।इसलिए ग्रामीणों की इज्जत करना सीखें। उनसे मिलकर परियोजना के बारे में चर्चा करें।एवं उनकी सलाह व सुझाव को भी अहमियत दें।संभावा की ग्राम प्रधान ज्ञानमती देवी ने डॉ. हीरा लाल से मिलकर गाँव की समस्याओं से अवगत कराया। इस पर उन्होंने ग्राम प्रधान को समस्याओं के समाधान के लिए विभागीय अधिकारियों से मिलने और कृषि विभाग के अधिकारियों को उनकी मदद करने का निर्देश दिया।इस मौके पर उप निदेशक कृषि सतेन्द्र कुमार तिवारी,भूमि संरक्षण अधिकारी संदीप कुमार और अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ हीरालाल ने नेवादा में विभागीय समीक्षा बैठक करते हुए अभी तक के कार्यों और आय-व्यय की समीक्षा की।बैठक में मौजूद ग्राम प्रधानों और स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने अपनी दिक्कतों व अनुभवों को साझा किया।उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिया कि सरकारी पैसे का सही इस्तेमाल कर अधिक से अधिक लोगों को लाभ पहुंचाएं।उन्होंने स्वयं सहायता समूहों की मार्केटिंग टीम बनाने और उन उत्पादों को बाजार मुहैया कराने का भी निर्देश दिया। इसके अलावा महिलाओं का क्षमतावर्धन करने को कहा।साथ ही किसान उत्पादन संगठन एफपीओ के बारे में भी विस्तार से चर्चा की।

# भाजपा की मंशा दलितों पिछड़ों का अपमान-इं.वीरेन्द्र यादव



जन एक्सप्रेस । रायबरेली

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के आह्वान पर जनपद में चल रही पीडीए चर्चा कार्यक्रमों को सम्बोधित करते हुए जिला अध्यक्ष इं.वीरेन्द्र यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में दलितों पिछड़ों पर अत्याचार एवं अन्याय लगातार बढ़ा है विगत दिनों ग्राम बारा नसीराबाद में अर्जुन पासी की हत्या,सलोन के उमरन में रामखेलावन पासी की हत्या, खीरों के मोहनपुर में रामदेव पासी की हत्या ऊँचाहार के डेडौली में शैलेन्द्र मौर्य की हत्या सहित अनेकों बड़ी घटनाएँ हुई है। बीजेपी सरकार की मंशा पीडीए के लोगों को अपमानित कर दबाव बनाने की है इसीलिए लगातार महापुरुषों बाबा साहब एवं नेता जी मुलायम सिंह पर अमर्यादित बयान बीजेपी के लोग करवा रहें हैं। बीजेपी सरकार आस्था के नाम पर भोले भाले लोगों के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रही है। बछरावा विधायक श्याम सुंदर भारती ने कहा कि पिछड़ों दलितों अल्पसंख्यकों का सम्मान एवं विकास सिर्फ़ समाजवादी पार्टी ही कर सकती है भाजपा भ्रम एवं अफ़वाह फैलाती है पीडीए कार्यक्रमों को बछरावा विधानसभा अध्यक्ष ब्रजेन्द्र चौधरी,हरचंदपुर विधानसभा अध्यक्ष राकेश यादव,ऊँचाहार विधानसभा अध्यक्ष जगदेव प्रसाद,सलोन विधानसभा अध्यक्ष पुत्तन सिंह यादव,मुनेश्वर पासी,कृपा शंकर यादव,राजेश मौर्याशिवपाल सिंह यादवनन्दलाल पासी,देशराज, विजय बहादुर,देवतादीन पासी आदि अनेकों नेताओं द्वारा पीडीए चर्चा कार्यक्रम को संबोधित किया।इस अवसर बड़ी संख्यामेंमज़दूर,किसान,छात्र,महिलाएँ उपस्थित रहीं सभी को पीडीए का पर्चा दिया गया।

# फरवरी माह की ग्राम चौपाल के लिए अधिकारी नामित

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय ने माह फरवरी 2025 के प्रत्येक शुक्रवार को समस्त विकास खंडों की ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाली ''ग्राम चौपाल'' (गाँव की समस्याए गाँव में समाधान) के लिए विकास खण्डवार रोस्टर निर्धारित किया है। निर्धारित रोस्टर के अनुसार परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, जिला विकास अधिकारी, उपायुक्त, श्रम रोजगार एवं उपायुक्त, स्वतः रोजगार द्वारा ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाले ग्राम चौपाल में से किसी एक विकासखंड की ग्राम चौपाल में प्रतिभाग कर जनसमस्याओं का निस्तारण किया जायेगा निर्धारित रोस्टर के अनुसार 07 फरवरी को परियोजना निदेशक जि0ग्रा0वि0अभि0 विकास खण्ड राही में, जिला विकास अधिकारी विकास खण्ड डीह में, उपायुक्त, श्रम रोजगार विकास खण्ड महराजगंज में एवं विकास खण्ड सतांव में उपायुक्त, स्वतः रोजगार की अध्यक्षता में किसी एक विकास खण्ड के ग्राम चौपाल में प्रतिभाग कर जनसमस्याओं का निस्तारण किया जायेगाइसी प्रकार 14 फरवरी को परियोजना निदेशक, जि0ग्रा0वि0अभि0 डलमऊ में, जिला विकास अधिकारी जगतपुर में, उपायुक्त, श्रम रोजगार खीरों में एवं उपायुक्त, स्वतः रोजगार सलोन में। 21 फरवरी को परियोजना निदेशक, जि0ग्रा0वि0अभि0 सरेनी में, जिला विकास अधिकारी रोहनियां में, उपायुक्त, श्रम रोजगार शिवगढ़ एवं उपायुक्त, स्वतः रोजगार छतोह में।

# जिला वृक्षारोपण,पर्यावरण एवं गंगा समिति की बैठक संपन्न

जन एक्सप्रेस । अमेठी




जिलाधिकारी निशा अनंत की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला वृक्षारोपण, पर्यावरण एवं गंगा समिति की बैठक आयोजित हुई।बैठक में वर्ष 2025 में होने वाले वृक्षारोपण की तैयारियों पर्यावरण से संबंधित किए गए कार्यों एवं गंगा व उसकी सहायक नदियों को स्वच्छ व निर्मल रखने एवं नदियों के किनारे वृक्षारोपण, घाट,पार्क व अन्य कार्यों को कराए जाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी रणवीर मिश्रा ने बताया कि शासन द्वारा वर्ष 2025 में होने वाले वृक्षारोपण का लक्ष्य विभागवार आवंटित किया गया है।जिसके क्रम में उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 में वन विभाग सहित अन्य विभागों को लेकर जनपद का लक्ष्य 4364560 पौधे लगाने का दिया गया है।जिसमें अकेले वन विभाग द्वारा 2002400 पौधे लगाए जाएंगे।इसके साथ ही पर्यावरण विभाग को 305000, ग्राम्य विकास को 1203600, राजस्व विभाग को 52000, पंचायती राज को 75000,उद्योग विभाग को 20000,नगर विकास को 17000,लोक निर्माण को 11000,सिंचाई विभाग को 60000,ग्रामीण जिला पूर्ति विभाग को 6000,कृषि विभाग को 251000,रेलवे विभाग को 15000,रक्षा विभाग को 50000, पशुपालन विभाग को 19000, सहकारिता को 5600,विद्युत को 10020,बेसिक शिक्षा को 50000, माध्यमिक शिक्षा को 8000, प्राविधिक शिक्षा को 4000,उच्च शिक्षा को 16000,श्रम विभाग को 9000,स्वास्थ्य विभाग को 14000, परिवहन विभाग को 900,उद्यान विभाग को 155000 तथा पुलिस विभाग को 5040 पौधे लगाए जाने का लक्ष्य आवंटित किया गया है। बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित विभागाध्यक्षों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी विभाग वर्ष 2025 में होने वाले वृक्षारोपण के लिए स्थल का चयन करते हुए अपनी कार्य योजना 15 फरवरी तक वन विभाग को उपलब्ध कराएं।

बैठक में डीएम ने जिला पर्यावरण समिति की समीक्षा करते हुए जनपद में पर्यावरण को लेकर किए गए कार्यों की जानकारी ली।एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।उन्होंने एक सप्ताह के अंदर सभी विद्यालयों में पानी की जांच करने के निर्देश अधिशासी अभियंता जल निगम व बीएसए को दिया।इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल,डीपीआरओ मनोज त्यागी,बीएसए संजय तिवारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## उपचुनाव: सपा के बागी विधायक ने भाजपा के लिए किया प्रचार, बोले-अवधेश के बेटे को टिकट क्यों दिया

जन एक्सप्रेस । अयोध्या

समाजवादी पार्टी के बागी विधायक अभय सिंह ने मिल्कीपुर में भाजपा प्रत्याशी के लिए चुनाव प्रचार किया। उन्होंने सपा पर सांसद अवधेश प्रसाद के बेटे को टिकट देने को लेकर निशाना साधा।

मिल्कीपुर सीट पर होने जा रहा उपचुनाव दोनों प्रमुख पार्टियों भाजपा और सपा के लिए प्रतिष्ठा का प्रश्न बन गया है। भाजपा ने प्रदेश सरकार के सात मंत्री समेत 40 विधायकों को चुनाव मैदान में उतार रखा है तो समाजवादी पार्टी ने भी अपने 40 स्टार प्रचारकों को मिल्कीपुर के चुनाव मैदान में उतार दिया है। वहीं, दूसरी तरफ मिल्कीपुर में सपा को एक झटका भी लग रहा है। समाजवादी पार्टी से गोसाईगंज के बागी विधायक अभय सिंह भाजपा के पक्ष में प्रचार कर रहे हैं।

मिल्कीपुर क्षेत्र में पहुंचे सपा के बागी विधायक अभय सिंह ने भाजपा प्रत्याशी चंद्रभानु पासवान के पक्ष में प्रचार किया और कहा कि मिल्कीपुर सीट से भाजपा की जीत सुनिश्चित है। अभय सिंह ने कहा कि इस क्षेत्र में हमारे बहुत से रिश्तेदार हैं, उनको भाजपा के पक्ष में करने के लिए हम लोग लगातार प्रचार कर रहे हैं। सपा के बागी विधायक ने केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं का बखान भी किया। अभय सिंह ने कहा कि मिल्कीपुर क्षेत्र की जनता सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से काफी लाभान्वित हुई है।

मिल्कीपुर की जनता भाजपा उम्मीदवार को लेकर एक सुर में बात कर रही है। भाजपा प्रत्याशी की तारीफ करते हुए अभय सिंह ने कहा कि यह ऐसा परिवार है।

# वरिष्ठजनों के विधिक अधिकार विषय पर आयोजित किया गया शिविर

जन एक्सप्रेस । रायबरेली



उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राज कुमार सिंह के निर्देशानुसार व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,रायबरेली के तत्वाधान में वृद्धजन आवास (वृद्धाश्रम), आई0टी0आई0 कैम्पस दूरभाष नगर, रायबरेली में आवासित वृद्धजनों के देख-रेख, खानपान, रहन-सहन आदि हितों से सम्बन्धित मामलों के सम्बन्ध में अनुपम शौर्य अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली द्वारा वृद्धजन आवास का निरीक्षण किया गया। सचिव द्वारा अधीक्षक वृद्धाश्रम से आवासित वृद्धों की देखभाल व खान-पान के सम्बन्ध में चर्चा कीनिरीक्षण उपरांत वृद्धजनों के विधिक अधिकार विषय पर विधिक साक्षरता जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपर जिला जज/सचिव अनुपम शौर्य के द्वारा उपस्थित वृद्धजनों को यह बताया गया कि कैसे आप अपने अधिकारों के प्रति सचेत रहे। इस अवसर पर वृद्धाजनों को उनके निःशुल्क अधिकारों के विषय पर जानकारी दी गयी एवं बताया गया कि किसी भी प्रकार की निःशुल्क विधिक सहायता के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायबरेली के कार्यालय में किसी कार्यदिवस में उपस्थित होकर अपनी शिकायत दर्ज कराकर सहायता प्राप्त कर सकते हैं। उक्त शिविर में वृद्धजनों को वृद्धा पेंशन, आधार कार्ड व आयुष्मान कार्ड बनवाये जाने के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गयी। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली द्वारा अधीक्षक वृद्धाश्रम धनंजय सिंह को वृद्धजनों के उक्त कार्डों को अद्यतन किये जाने व बनवाये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के हेल्पलाइन नंबर 15100 के बारे में उपस्थित वृद्धजन को बताया गया कि वह उक्त नंबर पर फोन कर निशुल्क विधिक सहायता प्राप्त कर सकते हैं।उक्त शिविर में पराविधिक स्वयं सेवक पूनम सिंह व पवन कुमार श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के लिए 01 से 15 तक करें आवेदन

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य पालक विकास अभिकरण इरफानुल्लाह खान ने बताया है कि मत्स्य विभाग की संचालित प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना हेतु वर्ष 2024-25 में विभिन्न परियोजना हेतु 01 से 15 फरवरी तक ऑनलाइन आवेदन करने हेतु विभागीय पोर्टल https://fish-eries.up.gov.in खोला जा रहा है, इच्छुक व्यक्ति आवेदन कर सकते हैं, आवेदन हेतु विस्तृत जानकारी पोर्टल एवं कार्यालय मत्स्य पालक विकास अभिकरण, रायबरेली से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है, विभिन्न परियोजनान्तर्गत विभाग द्वारा परियोजना अंश की अनुदान धनराशि-सामान्य/अल्पसंख्यक पिछड़ा वर्ग 40 प्रतिशत एवं अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति तथा महिलाओं हेतु 60 प्रतिशत अनुदान विभाग द्वारा देय है, अवशेष लाभार्थी अंश की धनराशि आवेदकों द्वारा स्वयं के संसाधनों से व्यय की जायेगी।

# योगी ने अयोध्या का किया हवाई सर्वेक्षण उमड़ी भीड़ का आसमान से किया आकलन



जन एक्सप्रेस । अयोध्या

महाकुंभ में स्नान के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालु अयोध्या पहुंच रहे हैं। इसे लेकर पुलिस अधिकारी व प्रशासन अलर्ट हो गया है। महाकुंभ के बाद रामनगरी में भी लगातार आस्था का सैलाब उमड़ रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अयोध्या का हवाई सर्वेक्षण किया। सीएम ने राम जन्मभूमि, हनुमानगढ़ी और सरयू के घाट का हवाई सर्वेक्षण किया। प्रयागराज महाकुंभ में स्नान के पहले और बाद में बड़ी संख्या में श्रद्धालु लगातार अयोध्या पहुंच रहे हैं।श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा देने के लिए ग्राउंड जीरो पर सीएम योगी के अधिकारी उतरे हुए हैं। मुख्यमंत्री की ओर से अयोध्या में पहुंच रहे श्रद्धालुओं की भीड़ की आसमान से निगरानी और आकलन किया गया।

महाकुंभ मेले से लौट रहे श्रद्धालुओं की भीड़ से अयोध्या पटी हुई है। शुक्रवार को भी रामनगरी में पांच लाख से अधिक श्रद्धालु दर्शन पूजन कर रहे हैं। इसी बीच सीएम योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या का हवाई सर्वेक्षण कर मेला व्यवस्था की जानकारी ली है। अयोध्या में कमिश्नर गौरव दयाल और आईजी प्रवीण कुमार समेत अन्य आला अधिकारी जमे हुए हैं और क्षेत्र की निगरानी कर रहे हैं। बसंत पंचमी के स्नान के बाद यानी पांच फरवरी तक अयोध्या में श्रद्धालुओं की भीड़ के उमड़ने की संभावना है।

## मुंशी, मौलवी, अलीम की परीक्षाएं 17 से 22 फरवरी तक

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

रायबरेली जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी महिमा ने बताया है कि उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद, लखनऊ द्वारा संचालित अरबी तथा फारसी की मुंशी (सेकेण्डरी फारसी), मौलवी (सेकेण्डरी अरबी) तथा आलिम (सीनियर सेकेण्डरी अरबी / फारसी) परीक्षा वर्ष-2025 से सम्बन्धित बोर्ड परीक्षाएं 17 फरवरी से 22 फरवरी 2025 के मध्य सम्पन्न करायी जायेंगी। प्रथम पाली पूर्वान्ह 8ः00 बजे से 11ः00 बजे तथा सीनियर सेकेण्ड्री की परीक्षाएं द्वितीय पाली अपरान्ह 02ः00 से 05ः00 बजे के मध्य होंगी। मदरसों एवं परीक्षार्थियों की सुविधा हेतु उक्त समय सारिणी परिषद के मदरसा पोर्टल https://madarsaboard.upsdc.gov.in पर भी उपलब्ध है।

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

मुख्य कारखाना प्रबंधक, सवारी एवं माल डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निम्न कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 01 | कार्य का नाम | सेग्रीगेशन, कलेक्शन, लीडिंग, लोडिंग एन्ड अनलोडिंग ऑफ मिसलेनियस फेरस एन्ड लो-वैल्यू स्क्रैप फ्रॉम सी. एन्ड डब्लू. वर्कशॉप टू स्टोर डिपो आलमबाग। |
| 02 | कार्यस्थल | सवारी एवं माल डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ |
| 03 | अनुमानित लागत | रु. 74,74,297.60 मात्र। |
| 04 | निविदा प्रपत्र का मूल्य | शून्य |
| 05 | बिड सिक्युरिटी | रु. 1,49,500/- मात्र। |
| 06 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 03 वर्ष। |
| 07 | निविदा जमा करने की तिथि एवं समय | दिनांक-11.02.2025 से 25.02.2025 समय 15:00 बजे तक |
| 08 | प्रमाणपत्र | फर्म के सभी Members द्वारा ANNEXURE-A (यदि Company/Proprietorship फर्म है) के साथ Annexure-A (a) (यदि Partnership/HUF/JV/LLP फर्म है) के अनुरूप प्रमाणपत्र अवश्य अपलोड किया जाना चाहिए। |
| 09 | खुलने का समय | निविदा फॉर्म जमा होने के पश्चात निविदा को किसी भी समय खोला जायेगा। निविदाकर्ताओं को निविदा खुलने के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। |
| 10 | कार्यालय जहां से निविदा प्रपत्र क्रय किया जा सकता है | निविदा सूचना एवं प्रपत्र का पूर्ण विवरण नियम व शर्तों सहित वेबसाइट-www.ireps.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। |
| 11 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा का पूरा विवरण आदि देखा जा सकता है | |

निविदा सूचना सं.: 2025-ए.एम.वी-सी एंड डब्लू-ईनिविदा-06 दिनांक: 30.01.2025

339/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# डीएम की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड की बैठक संपन्न

जन एक्सप्रेस । रायबरेली



जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित बचत भवन सभागार में सीएम डैशबोर्ड के अंतर्गत विकास एवं निर्माण कार्यों, राजस्व संबंधी कार्यक्रमो एवं विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक संपन्न हुईजिलाधिकारी ने बैठक में संबंधित विभागों के विकास एवं निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने विभागीय अधिकारियों व कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया गया कि निर्माण कार्यों को समय से और गुणवत्तापरक पूर्ण किया जाए जिलाधिकारी ने सीएम डैशबोर्ड में जिन विभागों की रैंकिंग ठीक नहीं है, पिछले तीन महीने में रैंकिंग में सी0, डी0 या फिर ई0 श्रेणी में रहे है, उनके विभागीय अधिकारियों से नाराजगी व्यक्ति करते हुवे निर्देश दिए गए, सभी संबंधित विभाग अपने कार्यों की प्रगति में सुधार लाए, जिन विभागीय अधिकारियों द्वारा अपने कार्यों की प्रगति में संतोषजनक सुधार नहीं किया जाएगा, उनकी जवाबदेही सुनिश्चित की जाएगी जल जीवन मिशन के अंतर्गत कराए जा रहे कार्यों की प्रगति भी संतोषजनक न होने पर निर्देशित किया गया कि समयबद्ध कार्यों को गुणवत्ता व मानक के अनुरूप पूर्ण कराया जाए छात्रवृति व पेंशन की समीक्षा करते हुवे निर्देश दिए गए की लक्ष्य के सापेक्ष शतप्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित कराया जाए।जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति को दिलाया दिलाया जाए

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट प्रफुल्ल कुमार शर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नवीन चंद्रा, सिटी मजिस्ट्रेट राम अवतार, जिला विकास अधिकारी अरुण कुमार परियोजना निदेशक डीआरडीए सतीश चंद्र मिश्रा सहित अन्य संबंधित विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहें।

## गूगल मैप के सहारे महाकुंभ से अयोध्या आ रहे पश्चिम बंगाल के श्रद्धालुओं की कार मकान में घुसी, एक घायल

जन एक्सप्रेस । अयोध्या



महाकुंभ से अयोध्या जा रहे श्रद्धालुओं की तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर एक मकान में जा घुसी। हादसे में एक श्रद्धालु की मौत हो गई।

प्रयागराज महाकुंभ में स्नान कर गूगल मैप के सहारे अयोध्या आ रहे पश्चिम बंगाल के श्रद्धालुओं की कार ककोली गांव के कोटेदार नीरज सिंह के मकान में अनियंत्रित होकर घुस गई। हादसे में एक श्रद्धालु घायल हो गए।

शुक्रवार को इस हादसे में दार्जलिंग के सिलीगुड़ी निवासी अमिलेन्दु शाहा (52) का बायां पैर टूट गया है। पक्के मकान का अगला हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया। उसमें रखा तख्त सहित अन्य सामान टूट गया। घायल श्रद्धालु को ग्रामीणों की मदद से 108 एंबुलेंस से इलाज के लिए तारुन सीएचसी भेजा गया है।

कोटेदार नीरज सिंह का कहना है कि उनका काफी नुकसान हो गया है। चालक गूगल मैप के सहारे कार चला रहा था। कार मोड़ के पास पहुंची तो उसका ध्यान भटक गया। सीएचसी के फार्मासिस्ट चंद्र प्रकाश वर्मा ने बताया कि घायल का प्राथमिक उपचार करने के बाद मेडिकल कॉलेज, दर्शन नगर रेफर कर दिया गया है। कार में सवार अन्य श्रद्धालु बाल बाल बच गए।




**मात्र एक कप चाय के लिए हैवानियत पर उतरा...**

शुक्रवार को सुबह करीब आठ बजे थाना मितौली क्षेत्र के अंतर्गत गांव खंजन नगर में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई चाय बनाने को लेकर ससुर और बहू के बीच विवाद हो गया। इससे गुस्साए ससुर ने बांके से काटकर बहू की हत्या कर दी। चाकू से भी उसके.. ▸ पढ़ें पेज 07 पर...


# क्रिकेट कोच ने नाबालिग से किया रेप

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

पनकी पुलिस ने एक क्रिकेट कोच पर नाबालिक खिलाड़ी के साथ दुष्कर्म करने का मुकदमा दर्ज किया है। आरोपी कोच पिछले 3 महीने से किशोरी को कोचिंग टिप्स देने के नाम पर अपने घर ले जाता था। यहां कॉफी में नशीला पदार्थ खिलाकर रेप करता था। उसका फोटो वीडियो भी बना लिया। किशोरी ने जब विरोध किया तो आरोपी में उसे बदनाम करने की धमकी दी। कहां घर में किसी को बताया तो जान से मार दूंगा। रोज-रोज की जबरदस्ती से तंग आकर किशोरी ने परिजनों को आपबीती बताई। इसके बाद किशोरी की मां और चचेरे भाई ने पनकी थाने जाकर आरोपी कोच के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। आरोपी कोच की तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मूल रूप से कानपुर देहात की रहने वाली महिला ने बताया कि वह बेटी को पढ़ने और क्रिकेट प्रैक्टिस के लिए पनकी रतनपुर में किराए के मकान में परिवार के साथ रहती है। उसकी 12 साल की बेटी न्यू स्टार अकैडमी फील्ड गन फैक्ट्री कानपुर के अरमापुर स्टेडियम में क्रिकेट सीखने जाती है। यह ईडब्ल्यूएस-4530 आवास विकास नंबर 3 थाना कल्याणपुर के रहने वाले कोच नीरज खिलाड़ियों को कोचिंग देते हैं। वर्तमान में नीरज महावीर नगर प्रधानमंत्री आवास योजना गंगागंज भाग 4 पनकी में रहता है। आप है कि नीरज किशोरी को कोचिंग टिप्स देने के बहाने पिछले तीन-चार माह से अपने आवास पर लेकर जाता था। यहां पर किशोरी को कॉफी में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला देता इसके बाद उसके साथ रेप की घटना को अंजाम देता था। इस दौरान उसने नाबालिक खिलाड़ी का अश्लील वीडियो और फोटो भी बना लिया था। जब पीड़िता विरोध करती तो वह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर बदनाम करने की धमकी देता। इतना ही नहीं यह भी धमकता था कि अगर किसी को यह बात बताई तो जान से मार दूंगा। उसके परिवार की हत्या कर देगा। इसी डर के कारण नाबालिक खिलाड़ी चुप रही। मगर रोज-रोज की जबरदस्ती से वह परेशान हो गई थी। हदें पार होने पर उसने मां को कोच की हरकतों के बारे में बताया। मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी कोच नीरज के खिलाफ रेप, पास्को एक्ट, एससी एसटी एक्ट, समेत अन्य गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है आरोपी कोच की तलाश में पुलिस की टीमें दबिश दे रही है। मामले में पनकी थाना प्रभारी मानवेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी कोच के खिलाफ गुरुवार रात को रेप पास्को एक्ट और एससी एसटी एक्ट समेत अन्य गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जांच के दौरान उसके कमरे से लेकर अलग-अलग जगह पर अहम सबूत मिले हैं। पीड़िता का मेडिकल चेकअप करा कर कोर्ट के सामने बयान करने की प्रक्रिया की जा रही है। जल्दी ही आरोपी को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया जाएगा।




# शहर की तीन बड़ी औद्योगिक ईकाइयों को वित्तीय प्रोत्साहन



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

कानपुर मंडल में एमएसएमई क्षेत्र को बड़ी राहत मिली है। मंडल आयुक्त के विजयेंद्र पांडियन की अध्यक्षता में हुई मंडल स्तरीय समिति की बैठक में तीन औद्योगिक आयोग को वित्तीय प्रोत्साहन देने की मंजूरी दी गई है। यह कदम उत्तर प्रदेश सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम प्रोत्साहन नीति-2017 के तहत उठाया गया है। स्वीकृति पानी वाली इकाइयों में कानपुर नगर केडी पॉलीमरस प्राइवेट लिमिटेड और प्लास्ट प्रोजेक्ट और कानपुर देहात की कैफ्शन इंडिया शामिल है। इन इकाइयों को नेट स्टेट जीएसटी प्रतिपूर्ति अव स्थापना ब्याज उपादान, पूंजीगत ब्याज उपादान, ईपीएफ प्रतिपूर्ति, बिजली शुल्क में छूट, और स्तंभ शुल्क छूट जैसी विभिन्न वित्तीय लाभ मिलेंगे। यह निर्णय प्रदेश में औद्योगिक विकास को गति देने पूंजी निवेश को बढ़ावा देने और नए उद्योगों की स्थापना को सुगम बनाने के लिए लिया गया है। बैठक का संचालन संयुक्त उपयुक्त उद्योग सुनील कुमार ने किया। बैठक स्टैंप विभाग राज्य का विभाग बैंक और उद्योग विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# 11वीं की छात्रा के साथ रेप, वीडियो बनाकर किया ब्लैकमेल



## आरोपी ने पीड़िता को धमकाया अब तुम्हारे पास आत्महत्या ही एकमात्र विकल्प

हद तो तब हो गई जब आरोपी ने छात्रा को अपने घर बुलाने के लिए धमकाने लगा कहा कि अगर नहीं आओगी तो तुम्हारा वीडियो वायरल कर दूंगा। किसी को मुंह दिखाने लायक नहीं रहोगी, आत्महत्या करने के अलावा तुम्हारे पास कोई और विकल्प नहीं होगा। जब पीड़िता का भाई मोबाइल लेने पहुंचा तो उसने साथियों के साथ मारपीट की। उसे उसकी बहन के अश्लील वीडियो दिखाएं। बर्रा थाना प्रभारी नीरज ओझा ने बताया कि मामले में आरोपी छात्र के खिलाफ रेप, पास्को, नशीला पदार्थ देने समेत अन्य गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। जबकि आरोपी के भाई के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज की गई है। छात्र का मेडिकल और मजिस्ट्रेटी बयान दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है। इसके बाद आरोपी को अरेस्ट करके जेल भेजा जाएगा।

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

शहर में रेप की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। कानपुर कमिश्नरेट पुलिस लाख प्रयासों के बावजूद भी घटनाओं पर अंकुश लगा पाने में नाकाम साबित हो रही है। बर्रा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ऐसा ही मामला सामने आया है जहां पर दसवीं के स्टूडेंट ने अपने ही स्कूल की 11वीं की छात्रा को घर बुलाकर नशीला पदार्थ पिलाकर रेप की घटना को अंजाम दिया। इसके बाद उसकी अश्लील वीडियो बना लिया। फिर उसे ब्लैकमेल करके अपने घर से लेकर अलग-अलग होटल में बुलाकर उसका शोषण करता रहा। आरोपी की हरकतों से त्रस्त होकर छात्र ने परिजनों को आप बीती बताई। पीड़िता के भाई ने इसका विरोध किया तो आरोपी और उसके भाई ने बेरहमी से पीड़िता के भाई को पीट दिया। इसके बाद छात्रा ने पिता की तहरीर पर बर्रा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रेप, पास्को समेत अन्य गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली है।

सूत्रों के मुताबिक बर्रा विश्व बैंक में रहने वाले एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी बेटी रतनलाल नगर स्थित एक स्कूल में 11वीं की छात्रा है। आप है कि इसी स्कूल में पढ़ने वाले दसवीं के एक नाबालिक छात्रा ने उसकी बेटी को नशीला पदार्थ देकर सितंबर 2024 में अपने घर में रेप किया। बेहोशी का फायदा उठाकर उसकी अश्लील वीडियो भी बना लिया। इसके बाद वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करता रहा और अपने घर व अलग-अलग होटलों में बुलाकर रेप की घटना को अंजाम देता रहा। हर बार उसका वीडियो भी बनाया। पीड़िता का भाई भी इसी स्कूल में इंटर का छात्र है। उसने अपनी बहन को धमकाते हुए आरोपी को देख लिया। इस पर आरोपी को समझने का प्रयास किया तो जान से मारने की धमकी देते हुए गाली गलौज शुरू कर दी। इसके बाद फोन पर धमकाते हुए कहा कि यदि तुम लोगों ने और बखेड़ा किया तो तुम लोगों की हत्या कर दूंगा। 28 जनवरी को पीड़ित छात्रा से आरोपी ने स्कूल गेट के बाहर सुबह 8:30 बजे से 9:00 के बीच मोबाइल छीन लिया।

# कलक्टरगंज में युवकों ने कारोबारी पर की फायरिंग, घटना सीसीटीवी में कैद, पुलिस हमलावरों की तलाश में जुटी



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

कानपुर में कलक्टरगंज की नीलवाली गली में गुरुवार को स्कूटी सवार युवकों ने परचून व्यापारी पर गोली चला दी। व्यापारी के झुकने पर गोली उनके बगल से निकल गई और स्कूटी सवार मौके से भाग निकले। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। व्यापारी की तहरीर पर पुलिस ने हमलावरों की तलाश कर रही है। किदवईनगर गंगापुर कॉलोनी निवासी मुकेश अग्रवाल परचून के सामान का कारोबार करते हैं। उनकी नीलवाली गली में दुकान है। मुकेश ने बताया कि गुरुवार शाम करीब पांच बजे वह अपनी दुकान के पास ही लघुशंका करने गए थे। पेशाब कर मुड़ते समय एक लड़की उधर से निकली।

## युवकों की तलाश में जुटी पुलिस

उसके पीछे स्कूटी से दो युवक निकले। स्कूटी पर पीछे बैठे युवक ने उनपर फायर कर दिया। वह नीचे नहीं झुकते तो गोली उनको लग जाती। वारदात के बाद युवक और लड़की कृष्णा होटल के रास्ते निकल गए। घटना कृष्णा होटल के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। थाना प्रभारी के मुताबिक स्कूटी के नंबर और फुटेज के आधार पर युवकों की तलाश की जा रही है।

# दर्दनाक सड़क हादसे में डंपर ने युवक को कुचला मौत

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

बिधनू थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में 25 वर्षी युवक मौत हो गई। पतारा कस्बे के रहने वाले पीयूष त्रिपाठी गुरुवार की थी रात अपनी बाइक से कानपुर जा रहे थे। बिधनू थाना क्षेत्र के कानपुर सागर हाईवे पर स्थित हरबसपुर गांव के पास एक तेज रफ्तार डंपर ने उसकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी और युवकों को कुचलते हुए फरार हो गया। राज्यों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक की जेब से मिले आईडी कार्ड से उसकी पहचान की और परिजनों को सूचना दी। पीयूष त्रिपाठी एक ट्रांसपोर्टर कंपनी में प्राइवेट नौकरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करते थे। बिधनू थाना प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। और परिजनों की तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस पर डंपर चालक की तलाश कर रही है। मृतक के पिता देवेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि पियूष उनका इकलौता बेटा था और बुढ़ापे का सहारा था। वह गहरे सदमे में है और लगातार यही पूछ रहे हैं कि भगवान ने उन्हें इतनी बड़ी सजा क्यों दी। उन्होंने कहा कि बेटे की मौत के साथ उनके घर का चिराग बुझ गया है।

# नव विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत 6 माह पूर्व हुई थी शादी

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

बर्रा थाना क्षेत्र के कर्रही इलाके में शुक्रवार भोर के समय नव विवाहिता ने संदीप हालत में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। सुबह मायके वालों को सूचना मिली तो वह भागते हुए लड़की के ससुराल पहुंचे लेकिन उन्हें वहां पर कोई नहीं मिला। इसके बाद बेटी को ढूंढते हुए कानपुर मेडिकल कॉलेज के हैलेट अस्पताल पहुंचे। जहां पर उन्हें बेटी मृत अवस्था में मिली। वहीं घटना के बाद से ससुराल वाले मौके से फरार हो गए हैं।

सूत्रों के मुताबिक बनपुरवा के रहने वाले ऑर्डिनेंस फैक्ट्री से रिटायर्ड सत्यनारायण सिंह ने अपनी बेटी प्रियंका यादव उम्र 29 वर्ष का विवाह 9 जुलाई 2024 को कर्रही के रहने वाले रिटायर्ड दरोगा श्याम बाबू यादव के पुत्र राहुल यादव से की थी। सत्यनारायण का आरोप है कि शादी के बाद से ही प्रियंका के ससुराल वाले अतिरिक्त रूपयों की मांग कर रहे थे। कई बार हम लोगों ने उनसे बातचीत कर मामले को सुलझाने का प्रयास किया लेकिन बात नहीं बन पाई। सत्यनारायण ने बताया कि सुबह करीब 4-30 बजे श्याम बाबू यादव का फोन आया कि तुम्हारी बेटी ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली है। इसके बाद जब बेटी के ससुराल पहुंचे तो वहां पर कोई नहीं मिला। जब उन्होंने मोहल्ले में जानकारी की तो पता चला की बेटी को अस्पताल ले गए हैं। इसके बाद हम लोग बेटी को ढूंढते हुए हैलेट अस्पताल पहुंचे। यहां पर बेटी स्टेचर पर मृत अवस्था में पड़ी थी। हम लोगों के पहुंचते ही श्याम बाबू यादव और उनका बेटा राहुल यादव मौके से भाग निकले। प्रियंका के भाई आशीष यादव ने कहा कि जिस कमरे में प्रियंका ने सुसाइड किया है उसे कमरे में उसका पति राहुल यादव भी सो रहा था। जिस पंखे से सुसाइड किया है उसे पंखे के ठीक नीचे बेड पर दोनों लोग सो रहे थे। आखिर जब प्रियंका ने पंखे से लटक कर फांसी लगाई तो राहुल क्यों नहीं जान पाया। पंखे की ऊंचाई इतनी ऊपर थी कि वहां पर पहुंच पाना आसान काम नहीं था। बर्रा पुलिस का कहना है कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। रिपोर्ट आने के बाद मौत की सही वजह का पता चल सकेगा।



# कुंभ स्नान कर लौट रहा परिवार हादसे का हुआ शिकार, महिला की मौत





**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

महाराजपुर थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे कुंभ स्नान कर वापस लौट रहे एक परिवार को झकझोर कर रख दिया है। महोली मोड़ के पास शुक्रवार सुबह एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने अर्टिका कर में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें एक महिला की मौत हो गई और दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के मुताबिक राजस्थान के केलवाड़ा के बारा गांव से पदम राठौर अपने परिवार के साथ प्रयागराज कुंभ स्नान करने गए थे। दुर्घटना में कार सवार आशा देवी उम्र 60 वर्ष के मौके पर ही मौत हो गई। वही तनु प्रिया शर्मा उम्र 14 वर्ष पुत्री महेश शर्मा और शकुन राठौर उम्र 40 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गई। घायलों को पहले सरसौल स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने आशा राठौर को मृत घोषित कर दिया। अनुप्रिया और शकुन की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। हादसे में आर्टिका कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस में मृतक्का के शो को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। महाराजपुर पुरवा मीर चौकी पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# कोरोना से हो गई बायोमेट्रिक हाजिरी की मौत, नगर निगम में मशीनें बनीं शोपीस

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

कानपुर में सरकारी कार्यालयों में कर्मचारियों की हाजिरी बायोमेट्रिक प्रणाली से फिर रजिस्टरों में लौट आई है। लेटलतीफ कर्मचारियों पर अंकुश लगाने के लिए सरकार ने 2018 में यह व्यवस्था लागू की थी। समय पर लोग पहुंचने भी लगे थे, लेकिन कोरोना काल में इस व्यवस्था की मौत हो गई। डेढ़ साल में कोरोना पर तो अंकुश लग गया, लेकिन व्यवस्था बेलगाम हो गई। सिर्फ कानपुर विकास प्राधिकरण (केडीए) कार्यालय ही खरा साबित हुआ। यहां कोरोना काल के बाद हाजिरी वापस बायोमेट्रिक प्रणाली पर लौट आई।

## मनरेगा ऑफिस में लगी नहीं, आरईएस से गायब

ग्रामीण क्षेत्र के विकास कार्यों से जुडे मनरेगा कार्यालय में 2019 में बायोमिट्रिक्स मशीन लगाने के आदेश सीडीओ ने दिए थे, लेकिन नहीं लगाई गई। इसी तरह ग्रामीण अभियंत्रण विभाग और डूडा कार्यालय में मशीन तो लगी थी, लेकिन कोरोना के बाद वो कहां गईं, इसके बारे में किसी को कुछ पता नहीं है। दोनों कार्यालयों में रजिस्टर पर ही हाजिरी लगती है।

इसी के आधार पर कर्मचारियों का वेतन जारी होता था। देर से आने पर कर्मचारी को अनुपस्थित माना जाता था। उस दिन का वेतन भी कट जाता था। फिर कोरोना फैल गया। मशीनों पर अंगूठा लगाने पर रोक लग गई। कार्यालयों में हाजिरी रजिस्टरों में लौट आई। लंबे समय तक बायोमेट्रिक हाजिरी मशीनो का प्रयोग नहीं हुआ। ऐसे में कई कार्यालयों में मशीनें खराब हो गईं और इन्हें हटा दिया गया। बाकी जगह खराब मशीनें यूं ही दीवारों लटकी हैं और...रजिस्टर में हाजिरी दिन फिर लौट आए।

## नगर निगम में तीन मशीनें बनीं शोपीस

नगर निगम में लगभग 8000 कर्मचारी हैं। यहां कोरोना काल से पहले बायोमेट्रिक हाजिरी लगती थी। अब यहां अलग-अलग विभागों में लगीं तीन मशीनें खराब हैं। मुख्य द्वार पर केयर टेकर कार्यालय के बाहर सिर्फ एक मशीन चालू है। बाकी जगह रजिस्टर में हाजिरी लगती है। प्रशासनिक अधिकारी का कहना है कि खराब होने के बाद मशीनें सही नहीं हो सकीं। जल्दी ठीक कराया जाएगा।

## कलेक्ट्रेट, जीएसटी भवन से मशीकें ही गायब

कलेक्ट्रेट, स्टेट जीएसटी कार्यालय, यूपीसीडा, श्रम आयुक्त कार्यालय में करीब 10 से 15 हजार कर्मचारी काम करते हैं। सभी कार्यालयों के मुख्य द्वार पर 2018 में बायोमेट्रिक मशीनें लगाई गईं थीं। हाजिरी भी इन्हीं से दर्ज होती थी। कोरोना काल बीतते-बीते इन कार्यालयों से भी मशीनें गायब हो गईं। इन कार्यालयों के नाजिर बताते हैं चीनी मशीनें थीं, जो न चलने से खराब हो गईं।

## समाजकल्याण में शोपीस बनीं मशीन

विकास भवन में करीब 18 विभागों के कार्यालय हैं। इसमें से समाजकल्याण विभाग के ऑफिस में बायोमेट्रिक मशीन लगी थी। अब यह मशीन खराब है। विभाग के कर्मचारियों का फिर से मनमाने समय पर आना-जाना चालू हो गया है। रजिस्टर में हस्ताक्षर कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हैं।

# स्टार्ट करते समय आग का गोला बनी स्कूटी, बुझाने में युवक झुलसा

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



कुलपहाड़ कस्बे की कांशीराम कॉलोनी के पास स्कूटी को स्टार्ट करते समय आग लग गई। आग बुझाने में युवक गंभीर झुलस गया। कस्बे के मोहल्ला कठवरिया निवासी माजिद का बेटा आसिफ (18) शुक्रवार को अपने साथी के साथ किसी काम से कांशीराम कॉलोनी गया था। कॉलोनी से कुछ दूर पहले स्कूटी बंद हो गई। आसिफ उसे स्टार्ट करने लगा। कई बार किक मारने पर स्कूटी ने आग पकड़ ली। देखते ही देखते स्कूटी आग का गोला बन गई। आग बुझाने में युवक के दोनों हाथ झुलस गए। दमकल वाहन ने आधा घंटा की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया लेकिन तब तक स्कूटी पूरी तरह जल गई। आशंका जताई जा रही है कि इंजन हीट होने से स्पार्किंग के चलते आग लगी।

# भैंस की खाल की समस्या से जूझ रहा चमड़ा उद्योग

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को भुवनेश्वर में 'उत्कर्ष ओडिशा, मेक इन ओडिशा कॉन्क्लेव' के उद्घाटन अवसर पर कच्चे माल के निर्यात पर चिंता व्यक्त की। कहा है कि देश की तेज प्रगति सिर्फ कच्चे माल के निर्यात से संभव नहीं है। कच्चे माल का निर्यात और तैयार उत्पाद का आयात स्वीकार नहीं है। प्रधानमंत्री के इस संबोधन का शहर के चमड़ा कारोबारियों और निर्यातकों ने स्वागत किया है। उनका कहना है कि प्रधानमंत्री की चिंता उचित है। दस हजार करोड़ से ज्यादा के सालाना कारोबार वाला चमड़ा उद्योग भैंस की खाल की समस्या से जूझ रहा है। कच्चा माल उपलब्ध न होने से टेनरियों में उत्पादन प्रभावित है। वहीं, सौ से दो सौ रुपये में कच्चा चमड़ा का निर्यात किया जा रहा है, जबकि बाजार में 1000 से 1200 रुपये में प्रति खाल मिल रही है। शहर में चमड़ा उद्योग सबसे ज्यादा लोगों को रोजगार और सरकार को विदेशी मुद्रा उपलब्ध कराता है।

## कच्चे चमड़े के निर्यात पर 100 प्रतिशत शुल्क लगता

शहर और उन्नाव को मिलाकर करीब चार सौ टेनरियां हैं। शहर में इनकी संख्या करीब 240 है। 2014 से पहले तक कच्चे चमड़े के निर्यात पर 100 प्रतिशत शुल्क लगता था। बाद में इसे 80, फिर 60 और मौजूदा समय में यह शुल्क 40 प्रतिशत है, जिसे बढ़ाने की मांग की गई थी।

# चौकी में समझौता बाहर कुल्हाड़ी से हमला दंपति घायल

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

घाटमपुर के मोहम्मदपुर गांव में एक विवाद के बाद चौकी में हुए समझौते के तुरंत बाद दबंगों ने दंपति पर जानलेवा हमला कर दिया। गुरुवार को सुशील और उनके पति मनोज ने ग्रामीणों के खिलाफ नंदना चौकी में शिकायत दर्ज कराई थी। चौकी में आरोपियों ने माफी मांगी और मामला सुलझ गया। लेकिन चौकी से लौटते समय आरोपियों ने दंपति को रास्ते में घेर लिया। पहले गाली गलौज की और विरोध करने पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। हमले में सुशीला के सिर पर गंभीर चोटें आईं वहीं मनोज तुरंत अपनी घायल पत्नी को नंदना चौकी ले गए। जहां से पुलिस ने एंबुलेंस से घाटमपुर सीएचसी भेज दिया। डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद सुशील को गंभीर हालत में कानपुर के हैलेट अस्पताल रेफर कर दिया। घाटमपुर इंस्पेक्टर धनंजय पांडे ने बताया कि पीढ़ी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस टीम आरोपियों की तलाश में डटी हुई है और मामले की गहन जांच की जा रही है फिलहाल महिला की हालत स्थिर बताई जा रही है।



# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का हुआ भव्य समापन

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का समापन 31 जनवरी 2025 को जीआईसी चुन्नीगंज में हो गया। इस अवसर पर पुलिस उपयुक्त यातायात रविंद्र कुमार ने यातायात एवं सड़क सुरक्षा के प्रति विशेष जागरूकता अभियान का नेतृत्व किया। कार्यक्रम के दौरान डीसीपी यातायात मैं उपस्थित छात्रों शिक्षकों और आम नागरिकों को यातायात के महत्वपूर्ण नियमों की जानकारी दी। उन्होंने हेलमेट और सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग पर विशेष जोर दिया तथा तेज रफ्तार से होने वाली दुर्घटनाओं के बारे में भी लोगों को सचेत किया। पुलिस अधिकारियों ने सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सभी से यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सुरक्षित यात्रा के लिए इन नियमों का पालन बेहद जरूरी है। साथ ही नागरिकों से अनुरोध किया गया कि वह न केवल स्वयं नियमों का पालन करें बल्कि दूसरों को भी उनके लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम में यातायात विभाग के वरिष्ठ अधिकारी शिक्षण संस्थान के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।





मैं केजरीवाल से कहना चाहता हूं कि चुनाव जीतने के लिए झूठ बोलना बंद करो। ये कहते हैं कि भाजपा वालों ने दिल्ली वालों को परेशान करने के लिए हरियाणा से यमुना जी के जल में जहर मिलाया है। अरे, केजरीवाल जी कौनसा जहर मिलाया है, कौनसी लेबोरेटरी में आपने टेस्ट कराया है, उसका नाम बताइए। –अमित शाह


# विचार एक्सप्रेस




**अवैध अतिक्रमण के खिलाफ़ निगम हुआ...**

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण से गाजियाबाद नगर निगम क्षेत्र में हस्तांतरण के बाद जनता की शिकायतों और पार्षद के पत्रों पर निगम स्तर से संज्ञान ले के कार्यवाही का कार्य शुरू कर दिया गया है। इसी क्रम के अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध 3 दिवसीय... पढ़ें पेज 12 पर...



## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# 30 लोगों की मौत बड़ी खबर है या 30 करोड़ लोगों का सकुशल स्नान करना बड़ी बात है?

**30 श्रद्धालुओं की मौत होना हृदय विदारक है और मृतकों के परिजनों की दशा समझी जा सकती है लेकिन हमें यह भी देखना होगा कि अब तक 30 करोड़ लोग सकुशल स्नान करके जा चुके हैं। देखा जाये तो कुंभ मेले की बड़ी तस्वीर भगदड़ की एक घटना की नहीं बल्कि यहां करोड़ों की संख्या में उत्साह के साथ स्नान कर बिना किसी नुकसान के जा चुके श्रद्धालुओं की है। यहां हमें यह भी समझना होगा कि भगदड़ या भूकंप या दुर्घटनाओं या हत्याओं से होने वाली मौतों पर प्रतिक्रिया करते समय या उससे संबंधित समाचार दिखाते समय हमें संयम बरतना चाहिए।**

*महाकुंभ मेले में मौनी अमावस्या पर्व पर मची भगदड़ में 30 श्रद्धालुओं की मृत्यु होना बहुत दुखद खबर है। लेकिन इस हादसे के बावजूद आठ करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने उसी दिन स्नान किया और सकुशल वापस घर गये यह उत्तर प्रदेश प्रशासन की एक बड़ी उपलब्धि भी है। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले की आबादी देखें तो वह लगभग 60 लाख के आसपास है। कुम्भ मेले में अब तक आ चुके श्रद्धालुओं का आंकड़ा देखें तो वह 30 करोड़ के पास पहुँचने वाला है। योगी सरकार का आकलन है कि 26 फरवरी तक चलने वाले धरती के इस सबसे बड़े मेले में 45 करोड़ के आसपास लोग आयेंगे। ऐसे में आप कल्पना करके देखिये कि इतनी बड़ी भीड़ को संभालने और उनके लिए तमाम तरह की व्यवस्थाएं करने के लिए प्रशासन ने कितने समय से कितने प्रयास किये होंगे। भगदड़ की एक घटना को लेकर पूरी व्यवस्था पर प्रश्न उठाने वालों को यह भी देखना चाहिए कि मौनी अमावस्या से पहले ही रात को लगभग पांच करोड़ लोग सकुशल स्नान कर चुके थे और घटना के बाद भी आठ करोड़ लोगों ने सकुशल स्नान किया था। इससे पहले के अमृत स्नान के दौरान भी लगभग पांच करोड़ श्रद्धालुओं ने स्नान किया था लेकिन किसी को खरोंच तक नहीं आई थी। जिन लोगों को एक दिन में एक जगह पर आठ से दस करोड़ लोगों का स्नान करना मामूली बात लगती है उन्हें पता होना चाहिए कि यह संख्या कई देशों की कुल जनसंख्या से भी अधिक है। आपने देखा होगा कि भगदड़ की घटना की खबर मिलते ही विपक्ष के कई नेता इतनी तेजी से बयान जारी करने लग गये थे जैसे कि वह पहले से टाइप करके रखा गया था और किसी हादसे की प्रतीक्षा की जा रही थी ताकि योगी सरकार को घेरा जा सके। कुछ मीडिया संस्थानों ने भी सनसनी फैलाने में देरी नहीं लगाई और अपनी जिम्मेदारी को नहीं समझते हुए सिर्फ अव्यवस्था संबंधी खबरें चलाईं। जबकि सच्चाई यह थी कि घटना के कुछ ही मिनटों के भीतर हालात पर काबू पाया जा चुका था और इसी का परिणाम था कि पूरे दिन स्नान सुचारू रूप से चला और आज भी करोड़ों लोग अब तक डुबकी लगा चुके हैं और सरकार के इंतजामों की तारीफ कर रहे हैं। कुछ लोगों ने सोशल मीडिया और मीडिया के मंचों से सवाल उठाया कि जब यूपी सरकार सुबह-शाम श्रद्धालुओं की संख्या के आंकड़े जारी कर रही है तो उसे सुबह मारे गये श्रद्धालुओं की संख्या बताने में सोलह घंटे क्यों लग गये? ऐसे लोगों को समझना होगा कि महाकुंभ मेले में आ रहे श्रद्धालुओं की गिनती के लिए एआई कैमरों सहित तमाम तरह की तकनीक की मदद ली जा रही है और भगदड़ में मारे गये लोगों की संख्या बताने में समय इसलिए लगा होगा क्योंकि मौत का आंकड़ा किसी की मृत्यु के बाद ही बताया जाता है। यदि आपने घटना के बाद के वीडियो देखें हों तो उसमें साफ प्रदर्शित हो रहा है कि घायल अवस्था में कई लोगों को एम्बुलेंसे ग्रीन कॉरिडोर बनाकर तेजी से अस्पताल ले जा रही हैं। यूपी सरकार सुबह से ही कह रही थी कि कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। हो सकता है कि किसी की इलाज के दौरान मृत्यु हुई हो या किसी की अस्पताल लाये जाने के दौरान ही मृत्यु हो गयी हो। यह भी सर्वविदित है कि जब तक डॉक्टर किसी को मृत घोषित नहीं कर देते और उसकी पहचान तथा अन्य औपचारिकताएं पूरी नहीं हो जातीं तब तक आंकड़े सामने नहीं आते।*

---

### एक्सप्रेस आलेख

**एक फरवरी को होने वाली आर्थिक घोषणाओं को चाहे जो नाम दिया जाये, उनसे वह दशा एवं दिशा स्पष्ट होनी चाहिए कि भविष्य के लिये हम कौनसी राह पकडने वाले हैं। हम किस तरह से आदिवासी समुदाय के उन्नयन के लिये प्रतिबद्ध होंगे। भारत की अर्थव्यवस्था के उन्नयन एवं उम्मीदों को आकार देने की दृष्टि से हम किस तरह से मील का पत्थर साबित होंगे। किस तरह से समाज के सभी वर्गों का सर्वांगीण एवं संतुलित विकास सुनिश्चित होगा। इससे देश की अर्थव्यवस्था का जो नक्शा सामने आयेगा वह इस मायने में उम्मीद की छांव देने वाला साबित होगा, जिससे शहर एवं गांवों के संतुलित विकास पर बल मिल सकेगा।**

# क्या बजट आम आदमी की उम्मीदों पर खरा उतरेगा?



**ललित गर्ग**

**जिससे नया भारत- सशक्त भारत के निर्माण का संकल्प भी बलशाली बन सकेगा। सच्चाई यही है कि जब तक जमीनी विकास नहीं होगा, तब तक आर्थिक विकास की गति सुनिश्चित नहीं की जा सकेगी। अक्सर बजट में राजनीति, वोटनीति तथा अपनी व अपनी सरकार की छवि-वृद्धि करने के प्रयास ही अधिक दिखाई देते है लेकिन मोदी सरकार के बजट राजनीति प्रेरित नहीं होकर राष्ट्र प्रेरित रहे है।**

केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी को लगातार अपना आठवां बजट पेश करेंगी। यह केंद्रीय बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार का अपने तीसरे कार्यकाल का दूसरा पूर्ण वित्तीय बजट होगा। इस बार के बजट से हर सेक्टर की बड़ी उम्मीदें टिकी हुई हैं, इस बजट की घोषणाओं से भविष्य में राष्ट्र किन दिशाओं में आगे बढ़ेगा, उसकी मंशा एवं दिशा अवश्य स्पष्ट होगी। टैक्सपेयर्स भी इस बार वित्तमंत्री से इनकम टैक्स में राहत देने की उम्मीद कर रहा है। मिडिल-क्लास और वेतनभोगियों को भी राहत की उम्मीद है। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण की एक मौलिक सोच एवं दृष्टि से यह बजट दुनिया में भारतीय अर्थव्यवस्था को एक चमकते सितारे के रूप में स्थापित करने एवं सुदृढ़ आर्थिक विकास के लिये आगे की राह दिखाने वाला होगा। संभावना है कि इस बजट में समावेशी विकास, वंचितों को वरीयता, बुनियादी ढांचे में निवेश, क्षमता विस्तार, हरित विकास, महिलाओं एवं युवाओं की भागीदारी, मोदी की गारंटियों पर बल दिया जायेगा। इंफ्रास्ट्रक्चर, मैन्युफैक्चरिंग, डिजिटल और सामाजिक विकास की दृष्टि से देश को आत्मनिर्भर बनाने की रफ्तार को भी गति दी जायेगी। यह बजट देश को न केवल विकसित देशों में बल्कि इसकी अर्थव्यवस्था को विश्व स्तर पर तीसरे स्थान दिलाने के संकल्प को बल देने में सहायक बनेगा। आम आदमी बढ़ती महंगाई, बेरोज़गारी और घटती खपत के बीच कुछ राहत की उम्मीद लगा रहा है। बजट, शिक्षा, रक्षा, उद्योग, महिलाओं और गरीब वर्गों के लिए सुधारों और प्रोत्साहनों का खाका तैयार करेगा। वित्त मंत्री से उम्मीद की जा रही है कि वे आयकर स्लैब में बदलाव करेंगी, जिससे वेतनभोगियों एवं करदाताओं को राहत मिलेगी। इस समय वेतनभोगी एवं करदाता की 15 लाख रुपये से अधिक की आमदनी पर 30 प्रतिशत टैक्स लगता है। सरकार 10 लाख रुपये तक की आय को पूरी तरह टैक्स-फ्री करने और 15 से 20 लाख रुपये की आमदनी पर 25 प्रतिशत का नया टैक्स स्लैब लाने पर विचार कर रही है। इससे मध्यम वर्ग के लोगों की खर्च करने की क्षमता बढ़ेगी, जो अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहित करेगा। केंद्र सरकार बजट सत्र 2025 में नया आयकर कानून पेश करने की योजना बना रही है, जो करदाताओं को लाभान्वित करेगा और कर प्रणाली को सरल बनाएगा। इसके अलावा, सरकार इस बार के बजट में शेयर से होने वाली कमाई पर टैक्स लगाने का प्रावधान कर सकती है। इसमें शेयरों से मिलने वाले लाभांश, ब्याज से होने वाली कमाई और पूंजीगत लाभ पर भी टैक्स लगाया जा सकता है। यह बजट न केवल देश की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करेगा, बल्कि सामाजिक और तकनीकी विकास की दिशा में भारत को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। बढ़ती महंगाई पर नियंत्रण की भी संभावनाएं हैं। इस बजट से विभिन्न क्षेत्रों में कई महत्वपूर्ण घोषणाओं की उम्मीद है, जो अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने और आम जनता को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से की जा सकती हैं। आम आदमी के लिए सबसे पीड़ादायक टैक्स का बोझ है। हालांकि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) जैसे टैक्स का फ़ैसला समय-समय पर जीएसटी काउंसिल में लिया जाता है, लेकिन सरकार से उम्मीद की जाती है कि वो इन शुल्कों को और तर्कसंगत बनाकर आम लोगों को कुछ राहत दे। अर्थव्यवस्था की रफ़्तार धीमी पड़ने के कारण निवेशकों में घबराहट है और इसने रोज़गार के अवसरों को भी कम किया है जबकि महंगाई के हिसाब से मज़दूरी और वेतन में बढ़ोतरी नहीं होने से ख़ासकर सीमित आमदनी वाले परिवारों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। पिछली तिमाहियों में कंपनियों के निराशाजनक प्रदर्शन ने भी इन हालात को मुश्किल बनाया है। जिससे नौकरी चाहने वाले युवाओं को पर्याप्त संख्या में रोज़गार नहीं मिल पा रहा है। इन सारे कारकों के कारण मध्य वर्ग ने अपने खर्चों में कटौती की है जिससे पिछले कुछ महीनों में उपभोग में गिरावट आई है। इन परेशानियों एवं चिन्ताओं को कम करने में इस बार का बजट राहतभरा होने की उम्मीदे हैं। बजट में विभिन्न उद्योगों, विशेषकर सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए प्रोत्साहन योजनाओं की घोषणा से रोजगार सृजन और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। सड़कों, रेल, बंदरगाहों और हवाई अड्डों के विकास के लिए बड़े पैमाने पर निवेश की योजना बनाई जा सकती है, जिससे लॉजिस्टिक्स में सुधार होगा और व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने



**महंगाई के हिसाब से मज़दूरी और वेतन में बढ़ोतरी नहीं होने से ख़ासकर सीमित आमदनी वाले परिवारों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। पिछली तिमाहियों में कंपनियों के निराशाजनक प्रदर्शन ने भी इन हालात को मुश्किल बनाया है। जिससे नौकरी चाहने वाले युवाओं को पर्याप्त संख्या में रोज़गार नहीं मिल पा रहा है।**

और शिक्षा के स्तर में सुधार के लिए बजट में विशेष प्रावधान किए जा सकते हैं, जिससे मानव संसाधन का विकास हो सके। महिलाओं के लिए विशेष योजनाओं की घोषणा की जा सकती है, डिजिटल बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा देने के लिए नई योजनाएं लाई जा सकती हैं। उच्च शिक्षा और अनुसंधान संस्थानों के लिए अतिरिक्त अनुदान दिया जा सकता है। विज्ञान, प्रौद्योगिकी, और चिकित्सा के क्षेत्र में इनोवेशन को प्रोत्साहित करने के लिए नई योजनाएं लाई जा सकती हैं। ÷मेक इन इंडिया÷ पहल के तहत स्वदेशी हथियार निर्माण को प्रोत्साहित किया जाएगा। साइबर खतरों से निपटने के लिए रक्षा बजट का एक हिस्सा डिजिटल सुरक्षा पर केंद्रित हो सकता है। बुलेट ट्रेन परियोजनाओं और रेल नेटवर्क के आधुनिकीकरण को गति दी जाएगी। इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के लिए सब्सिडी और बैटरी निर्माण में निवेश बढ़ाने की योजनाएं पेश की जा सकती हैं। ÷गरीब कल्याण अन्न योजना÷ का विस्तार कर मुफ्त राशन वितरण को जारी रखा जाएगा। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में घर उपलब्ध कराने के लिए बजट बढ़ाया जाएगा। यह बजट इसलिए विशेष रूप से उल्लेखनीय होगा क्योंकि मोदी सरकार ने देश के आर्थिक भविष्य को सुधारने पर ध्यान दिया, न कि लोकलुभावन योजनाओं के जरिये प्रशंसा पाने अथवा कोई राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश की है। राजनीतिक हितों से ज्यादा देशहित को सामने रखने की यह पहल अनूठी है, प्रेरक है। अमृत काल का विजन तकनीक संचालित और ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था का निर्माण करना है। मोदी के विजन में जहां 'हर हाथ को काम' का संकल्प साकार होता हुआ दिखाई दे रहा है, वहीं 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' का प्रभाव भी स्पष्ट रूप से उजागर हो रहा है। श्रम शक्ति की ओर ज्यादा तवज्जों देने की जरूरत है। बहुत सारे लोग औसत से अधिक कमाते हैं और बहुत सारे लोग कम। देखना यह है कि आम आदमी को कितना लाभ पहुंचता है। उम्मीद है कि निर्मला सीतारमण के बजट से क्या-क्या निकलता है। किसी भी देश की अर्थव्यवस्था के आकार का मानक उस देश की जीडीपी होती है और बीते 12 वर्षों में भारत की जीडीपी ने तेज उछाल दर्ज की है। तमाम चुनौतियों को पार करते हुए अर्थव्यवस्था 7 फीसदी से अधिक विकास दर से दौड़ने की अपेक्षा है। तमाम तरह की अनुकूलताओं एवं गुलाबी अर्थ रंगों के बावजूद हमें आर्थिक गति की बाधाओं पर भी ध्यान देना होगा। निजी बचत को बढ़ाये बगैर विकास की तेज रफ्तार का टिके रहना मुश्किल होगा। इसलिए इस ओर अभी से ध्यान देना जरूरी है। श्रम-शक्ति में महिलाओं की कम भागीदारी आर्थिक ही नहीं सामाजिक और अन्य दृष्टियों से भी चिंता की बात है। इस मामले में हम पड़ोस के बांग्लादेश और पाकिस्तान से भी पीछे हैं।

---

### आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे है, गृह प्रवेश कर रहे है, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | तृतीया 11:38 तक |
| नक्षत्रः | पूर्वाभाद्रपद 26:32 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | शनिवार |
| योगः | परिध, 12:24 |
| सूर्योदयः | 07:09 |
| सूर्यास्तः | 17:59 |
| चंद्रमाः | मीन राशि में |
| राहुकालः | 09:52-11:13 |
| विक्रमी संवत्ः | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | माघ |
| शुभ मुहूर्तः | 12:13 - 12:56 |

## जन एक्सप्रेस

### आई है बहार !

*खतरनाक आरोपों की ।*
*आई है बहार ।।*
*चाह रहे सब जनता का ।*
*मिले उन्हें ही प्यार ।।*
*किस्मत आजमाने को ।*
*हैं डटे मैदान ।।*
*जानती सब जनता ।*
*नहीं वो नादान ।।*
*पल पल एक दूसरे पर ।*
*जारी है प्रहार ।।*
*आना ही है हमको ।*
*बन रही सरकार ।।*
*किला ध्वस्त करने को ।*
*है लगाया जोर ।।*
*रैली ताबड़तोड़ ।*
*चल रही चहुंओर ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

---

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# पुरुषों की त्वचा के लिए बेहद फायदेमंद होता है चुकंदर



**चुकंदर** का सेवन आप सभी ने किया होगा। यह स्वास्थ्य के लिए बहुत ही लाभकारी है। यह हार्ट से जुड़ी बीमारियों का जोखिम कम करता है। इससे ब्लड प्रेशर के स्तर को कम करने में मदद मिलती है। चुकंदर में कई ऐसे तत्व भी मौजूद हैं, जो हमारी पाचन क्षमता में सुधार कर पेट से जुड़ी समस्याओं को दूर रखता है। यहां तक कि चुकंदर हमारी स्किन के लिए भी बहुत फायदेमंद है। स्किन के लिए इसका न सिर्फ सेवन किया जाता है, बल्कि इसकी मदद से फेस मास्क आदि भी बनाया जा सकता है।

**एंटी-एजिंगः** चुकंदर एंटीऑक्सीडेंट का बहुत अच्छा स्रोत है। इसकी मदद से स्किन की बढ़ती उम्र के लक्षण कम होते हैं। जैसे चुकंदर की वजह से फाइन लाइंस कम होते हैं, झुर्रियां दूर होती हैं और बढ़ती उम्र के धब्बों से भी छुटकारा मिलता है।

**दमकती त्वचाः** चुकंदर में मौजूद बीटालेन में प्राकृतिक ब्लीचिंग गुण होते हैं, जो त्वचा की रंगत को बेहतर करने और एक समान करने में मदद करते हैं। यही नहीं, चुकंदर हाइपरपिग्मेंटेशन से छुटकारा दिलाने में भी मददगार साबित होता है।

**मुंहासे से छुटकाराः** चुकंदर में एंटीइंफ्लेमेटरी तत्व होते हैं। इससे चेहरे में आई सूजन दूर होती है। यहां तक कि कील-मुंहासों की वजहसे हुई सूजन में कमी करने में भी यह कारगर तरीके से काम करता है।

**हाइड्रेशनः** चेहरे को हाइड्रेट रखने से त्वचा से जुड़ी कई तरह की समस्या होती है। चुकंदर में पोटेशियम सहित विटामिन और मिनरल्स मौजूद हैं। इसके इस्तेमाल से स्किन में नमी बनी रहती है।

**धूप से बचावः** चुकंदर में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट स्किन को धूप से होने वाले नुकसान से बचाने में मदद करता है। ध्यान रखें सूरज की अल्ट्रा वायलेट रेज के कारण स्किन कैंसर जैसी बीमारी का जोखिम बना रहता है। वहीं, अगर आप चुकंदर का इस्तेमाल करते हैं, तो इससे स्किन को फायदा पहुंचता है और स्किन कैंसर का रिस्क भी कम होता है। त्वचा की देखभाल के लिए चुकंदर का

**उपयोग कैसे करें:** चुकंदर का फेस मास्क लगाएं। इसके लिए सबसे पहले एक चुकंदर उबालें। उबले चुकंदर को मैश करें। इसमें जरूरत अनुसार पानी या दही मिलाकर पेस्ट तैयार करें। तैयार फेस मास्क को अपने चेहरे पर अप्लाई करें। करीब 15-20 मिनट तक लगाकर रखें। सूखने पर हल्के गुनगुने पानी से चेहरा धो लें। पुरुषों की स्किन के लिए चुकंदर का रस भी लाभकारी है। सबसे पहले चुकंदर का रस निकालें। इस रस में कॉटन पैड को गीला करें। इस गीले कॉटन पैड से अपने चेहरे पर चुकंदर का रस लगाएं। 10 से 15 मिनट लगाए रखने के बाद अपने फेस को सादे पानी से धो लें। चुकंदर का पाउडर भी त्वचा में निखारे के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं। चुकंदर का पाउडर बाजार से खरीदें। इसमें जरूरत अनुसार पानी या दही मिक्स करके पेस्ट तैयार करें। इस पेस्ट को चेहरे पर लगाएं। पेस्ट सूखने पर फेस धो लें।

**एक्सपर्ट की सलाहः** आमतौर पर पुरुषों की त्वचा के लिए चुकंदर फायदेमंद है। इसके बावजूद, जरूरी है कि आप इसे पैच टेस्ट जरूर लें। अगर किसी को इससे एलर्जी है, तो बेहतर है कि इसे अप्लाई न करें। इसे लगाते वक्त सावधानी बरतें।

---

### एक्सप्रेस विशेष

# महाकुंभ में तैयार होगी 2027 की पिच



**डॉ. ओ0पी0 मिश्र**

**जबकि आम आदमी को पांच-पांच किलोमीटर दूर उतार दिया जाता है। इतनी शिकायत करने के बावजूद अधिकांश पैदल यात्रा करने वाले श्रद्धालु इस बात से जरूर संतुष्ट थे की व्यवस्था काफी हद तक तो ठीक ही है और इसके लिए महाराज जी बधाई के पात्र हैं।**

**क्या देश अब मनुवाद से चलेगा या संविधान से? इस बात को स्पष्ट करना होगा वरना भाजपा का नुकसान होना तय है। जबकि भाजपा 2027 का उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव इन्हीं भावनात्मक मुद्दों पर लड़ना चाहती है। तमाम लोगों ने गृहमंत्री अमित शाह के संगम स्नान को लेकर टिप्पणी करते हुए कहा कि हर कोई फोटो खींचवाने और चर्चा में आने के लिए यहां आ रहा है।**

**आज** हम बात करेंगे महाकुंभ की यानी प्रयागराज में 13 जनवरी को प्रारंभ हुए महाकुंभ की। यह महाकुंभ महाशिवरात्रि यानी 26 फरवरी तक चलेगा। इस महाकुंभ को देखने समझने का सबका अपना अपना नजरिया हो सकता है। लेकिन जो एक पत्रकार के नजरिया से हमने देखा उसके अनुसार सत्ता विरोधी चाहे जितना इसकी आलोचना करें, कमियां निकाले, भ्रष्टाचार की बात करें, वीआईपी कल्चर की बात करें, अध्यात्म की नहीं व्यवसाय की बात करें, सिस्टम के कमजोर होने तथा व्यवस्थाओं पर कटाक्ष करें लेकिन हकीकत यह है कि इतने बड़े दिव्य और भव्य व्यवस्था का आयोजन करना अपने आप में कल्पना से परे है। लाखों की संख्या वाले संगम तट पर जब करोड़ की संख्या आएगी तो जाहिर सी बात है की व्यवस्था हिचकोले लेगी। इसके बावजूद यदि सारे काम सुचारू रूप से चल रहे हैं तो इसके लिए योगी सरकार ही नहीं बल्कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यकीनन बधाई के पात्र है। जिसके लिए उनकी न केवल भूरि भूरि प्रशंसा की जानी चाहिए बल्कि उनका साधुवाद भी दिया जाना चाहिए । वैसे यह सही है कि राजनीतिक दल या सत्ता प्रतिष्ठान कोई आयोजन करता है जिसमें जन सामान्य की सहभागिता बड़े पैमाने पर होती है तो उसके राजनीतिक निहितार्थ बड़े पैमाने अवश्य होते हैं। ऐसे में अगर मैं यह कहूं कि योगी आदित्यनाथ ने इस विशाल आध्यात्मिक यज्ञ जिसे आप आयोजन भी कह सकते हैं के जरिए धर्म ध्वजा को फहराने, हिंदुत्व के भाव को जगाने तथा सनातन की भावना को परवान चढ़ाने का काम किया है। तो गलत नहीं होगा। क्योंकि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक राजनीतिक दल के सदस्य हैं और जिनका अभीष्ट 2027 का विधानसभा चुनाव है। कहा जाता है की ÷स्टेटमैन थिंक अबाउट न्यू जनरेशन बट पॉलिटिशियन थिंक अबाउट न्यू इलेक्शन। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का यह कहना है कि सनातन पर संकट आया तो कोई सुरक्षित नहीं रहेगा। भारत सुरक्षित है तो हर पथ, हर संप्रदाय सुरक्षित है। उनकी यह बात या उनका यह भाषण यह बताने और जताने के लिए काफी है कि 2027 का चुनाव वह किस पिच पर खेलेंगे। इस अवसर पर मुझे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ नेता भैया जी जोशी का वह भाषण भी याद आ रहा है जो पिछले दिनों उन्होंने अहमदाबाद में दिया था। भैया जी जोशी ने कहा था कि अहिंसा की अवधारणा की रक्षा के लिए कभी-कभी हिंसा आवश्यक होती है। उन्होंने महाभारत का हवाला देते हुए कहा था कि अपने धर्म की रक्षा के लिए हमें वह काम भी करने होंगे जिन्हें दूसरे लोग अधर्म करार देंगे। जबकि ऐसे काम हमारे पूर्वजों ने किए थे । मतलब बिल्कुल साफ है कि 2027 और 2029 के चुनाव का एजेंडा तय हो चुका है और इसमें आहुति डालने का काम संत समाज अपने एजेंडे के जरिए करेगा और शायद यही महाकुंभ का संदेश भी है। आज महाकुंभ में भ्रमण के दौरान हमने धर्म भी देखा, धर्म ध्वजा भी देखा, अध्यात्म का स्वाद चखा तो गंगाजल से आचमन भी किया और पाया कि विश्व हिंदू परिषद अब मथुरा और काशी की मुक्ति के आंदोलन आंदोलन की आवाज को मुखर करेगा। दूसरी तरफ संत समाज गो हत्या को बंद करने सनातन बोर्ड की स्थापना करने तथा वक्फ बोर्ड को समाप्त करने के लिए तेजी से आगे बढ़ेगा। इस तरह एक बार फिर धर्म का सहारा लेकर सत्ता प्राप्त करने का प्रयास होगा। ऐसा बेली रोड, दारागंज, तेलियागंज, तथा मेला क्षेत्र में घूम रहे हजारों श्रद्धालुओं ने इन पंक्तियों के लेखक से कहा। दारागंज के जेके रेस्टोरेंट में चाय नाश्ता कर रहे लोगों का कहना था कि हिंदुत्व हमारी पहचान जरूर है लेकिन इसका मतलब यह बिल्कुल नहीं की जो भाजपा का समर्थन न करें वे हिंदू नहीं है। आजमगढ़ निवासी अनुरूध सिंह, जौनपुर के रामप्यारे, मैनपुरी के दाता दीन तथा रीवा के अशोक चंदेल ने कहा कि हिंदु तो अखिलेश यादव भी है, राहुल गांधी भी हैं और खड़गे जी तथा केजरीवाल भी हैं। इन जैसे तमाम लोगों का कहना था कि जो संगम में स्नान करने ना आए तो क्या वह हिंदू नहीं है। क्या संपूर्ण देश का प्रत्येक हिंदू यहां स्नान करने आएगा? वगैरा-वगैरा वैसे कुछ लोगों ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव के संगम स्नान पर भी सवाल उठाए लेकिन भीड़ में मौजूद तमाम लोगों ने यह कहकर उनकी बात खारिज कि महाकुंभ के जरिए राजनीति तो भाजपा भी कर रही है। नागबास की और अड्डा क्षेत्र से होकर निकल रहे लोगों से जब महाकुंभ की व्यवस्था के बारे में बात की गई तो उन्होंने बताया कि चूंकि गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दोनों लोग यहां है इसलिए अधिकांश रास्तों को रोक देने के कारण भीड़ का दबाव अचानक बढ़ गया है।

रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

# महाकुम्भ मेला विशेष रेलगाड़ियां

**महाकुम्भ मेला–2025** के दौरान रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा नियमित रेलगाड़ियों के अलावा विभिन्न विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जा रहा है। इन विशेष रेलगाड़ियों का तिथिवार विवरण निम्नानुसार है:–

**दिनांक 03.02.2025 (सोमवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर | 14:00 | प्रयाग, फाफामऊ, फूलपुर, जंघई एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग जं., कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली, बछरावां एवं उतरेटिया स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04229 | प्रयाग जं. | 21:10 | अयोध्या कैंट जं. | 01:55 | फाफामऊ जं., सेवाइत, मऊ आइमा, शनिदेव धाम बिश्नाथगंज, माँ बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खंडौर, पीपरपुर, सुल्तानपुर जं., कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड एवं मसौधा स्टेशन |
| 04271 | फाफामऊ | 13:00 | जौनपुर जं. | 16:20 | थरवई, सराय चण्डी, फूलपुर, उग्रसेनपुर, बरियाराम, जंघई, मड़ियाहूँ एवं जफराबाद जं. स्टेशन |
| 04293 | प्रयाग जं. | 20:20 | लखनऊ | 02:00 | फाफामऊ जं., अटरामपुर, रामचौरारोड, लालगोपाल गंज, भदरी, कुण्डाहरनाम गंज, गढ़ी मानिकपुर, परियावाँ कालाकाँकर रोड, अरखा, ऊंचाहार, लक्ष्मणपुर, दरियापुर, रायबरेली, गंगागंज, हरचन्दपुर, कुन्दनगंज, बछरावाँ, श्रीराजनगर, निगोहाँ, कनकहा, मोहनलालगंज और उतरेटिया जं. स्टेशन |
| 04219 | प्रयाग जं. | 05:35 | अयोध्या धाम जं. | 10:30 | फाफामऊ जं., सेवाइत, मऊ आइमा, शनिदेव धाम बिश्नाथगंज, माँ बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खंडौर, पीपरपुर, सुल्तानपुर जं., कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, मसौधा, अयोध्या कैंट जं. एवं अयोध्या कैंट जं. स्टेशन |
| 04225 | प्रयाग जं. | 13:55 | अयोध्या कैंट जं. | 18:55 | फाफामऊ जं., सेवाइत, मऊ आइमा, शनिदेव धाम बिश्नाथगंज, माँ बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खंडौर, पीपरपुर, सुल्तानपुर जं., कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड एवं मसौधा स्टेशन |
| 04233 | प्रयाग जं. | 09:40 | अयोध्या धाम जं. | 15:05 | फाफामऊ जं., सेवाइत, मऊ आइमा, शनिदेव धाम बिश्नाथगंज, माँ बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खंडौर, पीपरपुर, सुल्तानपुर जं., कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, मसौधा एवं अयोध्या कैंट जं. स्टेशन |
| 04251 | प्रयाग जं. | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या कैंट | 15:45 | प्रयाग जं. | 19:55 | |
| 04253 | फाफामऊ जं. | 11:15 | अयोध्या कैंट | 14:45 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या कैंट | 06:15 | फाफामऊ जं. | 10:15 | |
| 04255 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 21:30 | फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, चिलबिला, खुन्डौर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सलारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ा गाँव, रुदौली, रौजागाँव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी, सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ, उतरेटिया, मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहाँ, श्रीराजनगर, बछरावाँ, कुनियनगंज, हरचन्दपुर, गंगागंज, राय बरेली, रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, माँ चंडिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ अइमा, सेवाइत व फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 02275 | सूबेदार गंज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | फतेहपुर, गोविन्दपुरी, इटावा जं., टूण्डला जं., एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन |
| 05011 | गोरखपुर जं. | 14:30 | अयोध्या कैंट | 19:35 | सहजनवा, मगहर, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, स्वामी नारायन छपिया, मसकनवाँ, मनकापुर जं. एवं अयोध्या धाम जं. |
| 05012 | अयोध्या कैंट | 21:50 | गोरखपुर जं. | 04:30 | अयोध्या धाम जं., मनकापुर जं., मसकनवाँ, स्वामी नारायन छपिया, बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, मगहर एवं सहजनवा स्टेशन |
| 05078 | गोण्डा जं. | 21:40 | अयोध्या धाम जं. | 23:50 | बरुआ चक, मोतीगंज, झिलाही, मनकापुर जं., टिकरी, नवाबगंज गोंडा, कटरा एवं रामघाट हॉल्ट स्टेशन |
| 04117 | प्रयागराज जं. | 22:20 | अयोध्या कैंट | 03:30 | प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04118 | अयोध्या कैंट | 05:15 | प्रयागराज जं. | 10:15 | सुल्तानपुर, माँ देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं., देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04120 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 13:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 04:00 | प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुल्तानपुर, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम, गोशाईगंज, अकबरपुर, शाहगंज जं. जौनपुर जं., जफराबाद जं., मड़ियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन |
| 05178 | झूँसी जं. | 14:15 | गोरखपुर जं. | 22:55 | हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी, वाराणसी सिटी, औंडिहार जं., मऊ जं., बेल्थरा रोड, सलेमपुर जं., भटनी जं., देवरिया सदर, गौरी बाजार एवं चौरी चौरा स्टेशन |
| 05186 | प्रयागराज रामबाग | 08:30 | गोरखपुर जं. | 18:00 | झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी, वाराणसी सिटी, मऊ जं., बेलथरा रोड, सलेमपुर जं., भटनी जं., देवरिया सदर, गौरी बाजार एवं चौरी चौरा स्टेशन |
| 05157 | छपरा | 12:30 | झूँसी जं. | 20:40 | सुरेमनपुर, सहतवार, बांसडीह रोड, बलिया, फेफना जंक्शन, चित बड़ागांव, करीमुद्दीन पुर, यूसुफपुर, गाजीपुर सिटी, नंदगंज, औंरिहार जंक्शन, वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड और हंडिया खास स्टेशन |
| 05130 | झूँसी जं. | 13:30 | छपरा | 21:30 | हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी, वाराणसी सिटी, औंरिहार जं., नंदगंज, गाजीपुर सिटी, यूसुफपुर, करीमुद्दीन पुर, चित बड़ागांव, फेफना जंक्शन, बलिया, बांसडीह रोड, सहतवार एवं सुरेमनपुर स्टेशन |
| 05163 | थावे जं. | 15:30 | झूँसी जं. | 02:45 | गोपालगंज, मांझागढ़, रतन सराय, सिधवलिया, दिघवा दुबौली, राजापट्टी, मसरख, शाम कौड़िया, मढ़ौरा, पटेरही, खैरा, छपरा कचहरी, छपरा, सुरेमनपुर, सहतवार, बांसडीह रोड, बलिया, फेफना जं., चित बड़ागांव, करीमुद्दीन पुर, यूसुफपुर, गाज़ीपुर सिटी, औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं. बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन। |
| 05164 | झूँसी जं. | 10:00 | थावे जं. | 20:30 | |
| 05125 | छपरा | 10:05 | प्रयागराज रामबाग | 18:35 | सुरेमनपुर, सहतवार, बांसडीह रोड, बलिया, फेफना जं., चित बड़ागांव, करीमुद्दीन पुर, यूसुफपुर, गाज़ीपुर सिटी, नंदगंज, औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास एवं झूसी जं. स्टेशन |
| 05126 | प्रयागराज रामबाग | 21:55 | छपरा | 06:30 | |
| 05121 | दोहरीघाट | 08:00 | प्रयागराज रामबाग | 16:45 | मुरादपुर (हॉल्ट), अमिला, घोसी, कोपागंज, इंदारा जं., मऊ जं., पनियरा, पिपरी डीह, नायक डीह, दुल्लहपुर, जखनियां, हुरमुजपुर हाल्ट, सादात, माहपुर, औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास और झूसी स्टेशन |
| 05122 | प्रयागराज रामबाग | 21:45 | दोहरीघाट | 06:00 | |
| 05162 | झूँसी जं. | 18:30 | भटनी जं. | 01:10 | हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी, वाराणसी सिटी, औंड़िहार जंक्शन, सादात, जखनियां, दुल्लहपुर, मऊ जं., इंदारा जं., चक्र रोड, कीडिहरापुर, गोबिंदपुर दुगली, बेल्थरा रोड, तुरती पार, लार रोड, सलेमपुर जं. और पिवकोल स्टेशन |
| 05004 | गोरखपुर जं. | 21:30 | झूँसी जं. | 06:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05003 | झूँसी जं. | 07:45 | गोरखपुर जं. | 16:25 | |
| 07110 | बनारस | 17:30 | नरसापुर | 05:00 | वाराणसी, काशी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., चन्दौली मझवार, भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑनसोन, सोन नगर जं., जपला, गढ़वा रोड जं, डालटनगंज, बरवाडीह जं., लातेहार, टोरी, बरकाकाना जं., मूरी, रांची, हटिया, राउरकेला, झारसुगुड़ा जं., सम्बलपुर, बरगढ़ रोड, बलांगीर, टिटिलागढ जं., केसिंगा, मुनिगुड़ा, रायगड़, पार्वतीपुरम, बोब्बिलि जं., विजयनगरम जं., कोत्तावलसा जं., पेन्दुर्ति, उत्तर सिम्हाचलम, दुव्वाडा, अनकापल्ली, एलमंचिली, अन्नवरम, सामलकोट जं., राजमंड्री, निडदवोलु जं., तणुकु एवं भीमवरम जं. स्टेशन |

**दिनांक 04.02.2025 (मंगलवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर | 14:00 | प्रयाग, फाफामऊ, फूलपुर, जंघई एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग जं., कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली, बछरावां एवं उतरेटिया स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04229 | प्रयाग जं. | 21:10 | अयोध्या कैंट जं. | 01:55 | फाफामऊ जं., सेवाइत, मऊ आइमा, शनिदेव धाम बिश्नाथगंज, माँ बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खंडौर, पीपरपुर, सुल्तानपुर जं., कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड एवं मसौधा स्टेशन |
| 04271 | फाफामऊ | 13:00 | जौनपुर जं. | 16:20 | थरवई, सराय चण्डी, फूलपुर, उग्रसेनपुर, बरियाराम, जंघई, मड़ियाहूँ एवं जफराबाद जं. स्टेशन |
| 04293 | प्रयाग जं. | 20:20 | लखनऊ | 02:00 | फाफामऊ जं., अटरामपुर, रामचौरारोड, लालगोपाल गंज, भदरी, कुण्डाहरनाम गंज, गढ़ी मानिकपुर, परियावाँ कालाकाँकर रोड, अरखा, ऊंचाहार, लक्ष्मणपुर, दरियापुर, रायबरेली, गंगागंज, हरचन्दपुर, कुन्दनगंज, बछरावाँ, श्रीराजनगर, निगोहाँ, कनकहा, मोहनलालगंज और उतरेटिया जं. स्टेशन |
| 04233 | प्रयाग जं. | 09:40 | अयोध्या धाम जं. | 15:05 | फाफामऊ जं., सेवाइत, मऊ आइमा, शनिदेव धाम बिश्नाथगंज, माँ बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खंडौर, पीपरपुर, सुल्तानपुर जं., कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, मसौधा एवं अयोध्या कैंट जं. स्टेशन |
| 04251 | प्रयाग जं. | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या कैंट | 15:45 | प्रयाग जं. | 19:55 | |
| 04253 | फाफामऊ जं. | 11:15 | अयोध्या कैंट | 14:45 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या कैंट | 06:15 | फाफामऊ जं. | 10:15 | |
| 04255 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 21:30 | फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, चिलबिला, खुन्डौर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सलारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ा गाँव, रुदौली, रौजागाँव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी, सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ, उतरेटिया, मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहाँ, श्रीराजनगर, बछरावाँ, कुनियनगंज, हरचन्दपुर, गंगागंज, राय बरेली, रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, माँ चंडिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ अइमा, सेवाइत व फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 02417 | सुबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | फतेहपुर, गोविन्दपुरी, इटावा, टूंडला जं. एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन |
| 02276 | दिल्ली जं. | 09:30 | सुबेदारगंज | 19:40 | अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा जं., गोविन्दपुरी एवं फतेहपुर स्टेशन |
| 05011 | गोरखपुर जं. | 14:30 | अयोध्या कैंट | 19:35 | सहजनवा, मगहर, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, स्वामी नारायन छपिया, मसकनवाँ, मनकापुर जं. एवं अयोध्या धाम जं. |
| 05012 | अयोध्या कैंट | 21:50 | गोरखपुर जं. | 04:30 | अयोध्या धाम जं., मनकापुर जं., मसकनवाँ, स्वामी नारायन छपिया, बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, मगहर एवं सहजनवा स्टेशन |
| 05078 | गोण्डा जं. | 21:40 | अयोध्या धाम जं. | 23:50 | बरुआ चक, मोतीगंज, झिलाही, मनकापुर जं., टिकरी, नवाबगंज गोंडा, कटरा एवं रामघाट हॉल्ट स्टेशन |
| 05077 | अयोध्या धाम जं. | 00:45 | गोण्डा जं. | 03:30 | |
| 04117 | प्रयागराज जं. | 22:20 | अयोध्या कैंट | 03:30 | प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04118 | अयोध्या कैंट | 05:15 | प्रयागराज जं. | 10:15 | सुल्तानपुर, माँ देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं., देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04120 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 13:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 04:00 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुल्तानपुर, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम, गोशाईगंज, अकबरपुर, शाहगंज जं. जौनपुर जं., ज़फराबाद जं., मड़ियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन |
| 05158 | झूँसी जं. | 06:30 | भटनी जं. | 14:50 | हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी, वाराणसी सिटी, औंडिहार जं., सादात, जखनियां, दुल्लहपुर, मऊ जं., इंदारा जं., चकरा रोड, कीड़िहरापुर, दुगली, गोबिंदपुर, बेलथरा रोड, तुरतीपार, लार रोड, सलेमपुर जं. और पिवकोल स्टेशन |
| 05164 | झूँसी जं. | 10:00 | थावे जं. | 20:30 | गोपालगंज, मांझागढ़, रतन सराय, सिधवलिया, दिघवा दुबौली, राजापट्टी, मसरख, शाम कौड़िया, मढ़ौरा, पटेरही, खैरा, छपरा कचहरी, छपरा, सुरेमनपुर, सहतवार, बांसडीह रोड, बलिया, फेफना जं., चित बड़ागांव, करीमुद्दीन पुर, यूसुफपुर, गाज़ीपुर सिटी, औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं. बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन। |
| 05004 | गोरखपुर जं. | 21:30 | झूँसी जं. | 06:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05003 | झूँसी जं. | 07:45 | गोरखपुर जं. | 16:25 | |

**रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील वस्तुएं जैसे पटाखे, पेट्रोल, मिट्टी का तेल एवं गैस सिलेंडर आदि लेकर कभी यात्रा न करें।**

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट **https://enquiry.indianrail.gov.in** अथवा **NTES App** देखें।

**उत्तर रेलवे**

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें




# महाकुंभ की भगदड़ में बिछड़े दो लोगों को मिलाया गया, एक महिला की मौत

**जन एक्सप्रेस। तुलसीपुर बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर के तहसील तुलसीपुर क्षेत्र जय महाकुंभ प्रयागराज में मुझे भगदड़ के दौरान बिछड़ गए दो लोगों को प्रशासन ने परिजनों से मिलवा दिया है तथा एक महिला की मौत हो गई है ।

जानकारी के अनुसार तहसील तुलसीपुर अंतर्गत ग्राम गोपीभारी के शिव प्रसाद पांडे व उनकी पत्नी वैजयंती देवी 59 महाकुंभ स्नान को गए हुए थे 29 जनवरी को स्नान पश्चात पति-पत्नी झूसी रेलवे स्टेशन पर भारी भीड़ में बिछड़ गए। पति शिव प्रसाद पत्नी वैजयंती को जब नहीं ढूंढ पाए तो घर वालों को सूचित किया। घर से पुत्र आलोक भतीजा अंकित व नंद कुमार झूसी पहुंच गए।काफी छानबीन की तलाश के बाद जब मेडिकल कॉलेज के मर्चरी हाउस पहुंचे तो उन्हें उनका शव रखा मिला शव को लेकर शुक्रवार को घर के लिए वापस निकले। वहीं पति बनारस अयोध्या की ट्रेन पर बैठ घर वापस आ रहे हैं लेकिन बीमारी के कारण उन्हें उनके पत्नी के मृत्यु होने की सूचना नहीं दी गई है। उपजिलाधिकारी अभय सिंह शुक्रवार सुबह 11¬00 बजे मृतका के ग्राम गोपी भारी पहुंचे जहां उपस्थित परिजनों को हर संभव सहयोग की बात की तथा सांत्वना दिया । श्री सिंह ने बताया कि तहसील अंतर्गत ग्राम परसिया व विलोहा बनकसिया के दंपति भी महाकुंभ में बिछड़ गए थे पर वह लोग मिल गए हैं और सकुशल वापस आ रहे हैं ।परसिया की श्रीमती आशा देवी अपने पति हर प्रसाद वर्मा से बिछड़ कर दूसरे ट्रेन में बैठ गई उनके बेटे ने सोशल मीडिया पर लापता होने की फोटो डाली थी इस आधार पर वह छपरा में ट्रेन में मिली अब उनका पुत्र वहां पहुंचकर उन्हें वापस ले आ रहा है। वहीं बिलोहा बनकसिया के राममिलन पुत्र बैजू भी बिछड़ गए थे उन्हें भी परिजन ला रहे हैं समाचार प्रेषण तक वह सुल्तानपुर पहुंच गए थे।

## 13 फरवरी तक चलाया जाएगा कुष्ठ निवारण जागरूकता अभियान

**जन एक्सप्रेस। बलरामपुर**

जिला कुष्ठ रोग अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत 30 जनवरी से 13 फरवरी तक स्पर्श कुष्ठ रोग अभियान चलाया जाएगा। जिसके तहत ग्राम पंचायत / नगरीय क्षेत्रों में विशेष जागरूकता अभियान स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा चलाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि कुष्ठ रोग बैक्टीरिया माइक्रोबैक्टीरियम वेट्रेस के कारण होता है। कुष्ठ रोग के लक्षणों पर अपने क्षेत्र के आशा एवं एएनएम से संपर्क करें। कुष्ठ रोग का उपचार संभव है , कुष्ठ रोग का उपचार एमडीटी का पूरा कोर्स से द्वारा संभव है।

## निशुल्क पशु चिकित्सा शिविर में 50 जानवरों का किया गया इलाज

**जन एक्सप्रेस। बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर में भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में तैनात सशस्त्र सीमा बल 50वीं वाहिनी द्वारा शुक्रवार को निःशुल्क पशु-चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जानकारी के अनुसार 31 जनवरी को सशस्त्र सीमा बल 50वीं वाहिनी के कमान अधिकारी विकास दीप सिंह के निर्देशन में नागरिक कल्याण कार्यक्रम अंतर्गत 49 (सीएपी) एमएचए, मद के अंतर्गत ग्राम चंदनपुर में निःशुल्क पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया । चिकित्सक डॉ.संजय कुमार सिंह, पशु चिकित्सा अधिकारी पचपेड़वा द्वारा इलाज किया गया । कार्यक्रम 50 वीं वाहिनी, स.सी.ब,



बलरामपुर के ÷ क्र समवाय डिउहरवा के ग्राम चंदनपुर में समवाय प्रभारी निरीक्षक सामान्य कुनाल कुमार के उपस्थिति में डॉ संजय कुमार सिंह, पशु चिकित्सा अधिकारी पचपेड़वा एवं मुख्य आरक्षी पशु चिकित्सा मुकेश कुमार व मुख्य आरक्षी पशु चिकित्सा राहुल कुमार , 50वीं वाहिनी बलरामपुर के द्वारा निःशुल्क पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

## मंडल स्तरीय बॉक्सिंग चैंपियनशिप में पायनियर पब्लिक स्कूल के खिलाड़ी अव्वल

**जन एक्सप्रेस। बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित पायनियर पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज के खिलाड़ियों ने मंडल स्तरीय बॉक्सिंग चैंपियनशिप में पदक जीत कर जिले तथा स्कूलका नाम रोशन किया है । विद्यालय के प्रबंध निदेशक डॉक्टर एमपी तिवारी सहित शिक्षक शिक्षिकाओं ने खिलाड़ियों को बधाई दी है।

जानकारी के अनुसार 31 जनवरी, 2025 को जिला बहराइच बॉक्सिंग एसोसिएशन के तत्वाधान में इंदिरा गांधी स्टेडियम में दो दिवसीय मंडल स्तरीय बॉक्सिंग चैपियनशिप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डॉ0 एम0पी0 तिवारी ने विद्यालय कोच अमित राणा की संरक्षता में विद्यालय के सब जूनियर वर्ग के बालकों को दो दिवसीय मंडल स्तरीय बॉक्सिंग चैपियनशिप हेतु हार्दिक बधाई व शुभकामनाएँ देते हुए जिला बहराइच रवाना किया। पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कालेज के सब जूनियर वर्ग बॉक्सिंग चैपियनशिप में प्रतिभाग करने वाले छात्रों में कैफ खान, देवेश सिंह, शिखर मिश्रा, विवेक गौतम, फैसल अख्तर एवं दद्दन ने प्रतिभाग किया। विवेक गौतम ने बेस्ट बॉक्सर आवार्ड जीतकर अपने विद्यालय का नाम रोशन किया। इस आवार्ड को क्रीडाधिकारी अभिषेक धानुक ने विवेक गौतम को सम्मानित किया । तत्पश्चात् देवांश ने बॉक्सिंग चैंपियनशिप में प्रथम स्थान प्राप्त किया। बहराइच के उप क्रीडाधिकारी अनुपमा धानुक ने देवांश को सम्मानित किया । कैफ खान, शिखर मिश्रा, फैसल अख्तर एवं दद्दन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। साथ ही दो दिवसीय मंडल स्तरीय बॉक्सिंग चैपियनशिप में पॉयनियर पब्लिक स्कूल के सब जूनियर वर्ग के बच्चों ने ट्राफी जीत कर अपने विद्यालय का नाम रोशन किया । क्रीडाधिकारी अभिषेक धानुक ने सभी बच्चों को आशीवार्द देते हुए कहा कि आप सभी लोग इसी तरह मेहनत करते रहे और अपनें विद्यालय व मंडल का नाम रोशन करते रहे। दो दिवसीय मंडल स्तरीय बॉक्सिंग चैपियनशिप के निर्णायक मंडल मे आयोजक अनुराग चैधरी, बहराइच बॉक्सिंक सेक्रेट्री कैलाश यादव, निर्णायक अनुराम चैधरी, सोमयज्ञ सैनी, सोनाली निषाद, नित्यानंद पासवान, विपिन साहू मौजूद रहे। विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक ने विद्यालय के बालक वर्ग की विजयी टीम को बहुत-बहुत बधाई देते हुए।

## एसएसबी द्वारा आयोजित ब्यूटीशियन प्रशिक्षण का विधायक ने किया शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस/बलरामपुर।** जनपद बलरामपुर के इंडो नेपाल सीमा पर तैनात सशस्त्र सीमा बल नवीं वाहिनी के खंगरा नाका सीमा चौकी द्वारा शुक्रवार को नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत ब्यूटीशियन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ला द्वारा किया गया । जानकारी के अनुसार 31 जनवरी को सशस्त्र सीमा बल नवी वाहिनी कमांडेंट मनोरंजन कुमार पाण्डेय (कमांडेंट) के निर्देशानुसार नागरिक कल्याण कार्यक्रम अंतर्गत खंगरानाका के बनकटवा गांव के स्थानीय युवतियों व महिलाओं के लिए ब्यूटीशियन ट्रेनिंग कोर्स की औपचारिक शुरुआत की गई । प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रेरणा फाउंडेशन बालापुर, सिरसिया द्वारा आयोजित करवाया जा रहा है । इस कार्यक्रम की अवधि कुल 15 दिनों की है जिसमें ग्रामीण पृष्ठभूमि की 30 युवा महिलाओं को शामिल किया गया है । भारत-नेपाल सीमा से सटे बनकटवा खुर्द पंचायत भवन, तिकुलीगढ में कैलाश नाथ शुक्ला विधायक तुलसीपुर ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की । कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों एवं मंच पर उपस्थित सभी सम्मानित लोगों का स्वागत किया।

# विश्व आर्द्र दिवस पर गोष्ठी का आयोजन

**जन एक्सप्रेस। बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित एमएलके पीजी कॉलेज सभागार में शुक्रवार को विश्व आर्द्र दिवस के उपलक्ष्य में बलरामपुर फर्स्ट, एन सी सी, एन एस एस व रोवर्स-रेंजर्स के संयुक्त तत्वावधान में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित कैडेटों व स्वयंसेवकों को आर्द्र भूमि दिवस के उद्देश्य व महत्व पर प्रकाश डाला गया। जानकारी के अनुसार 31 जनवरी को कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के मुख्य नियंता प्रो0 राघवेंद्र सिंह ने करते हुए सभी का स्वागत किया। उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि आर्द्र भूमि मानव अस्तित्व के लिए महत्वपूर्ण है। वे दुनिया के सबसे अधिक उत्पादक वातावरणों में से एक है, जैविक विविधता के उदगम स्थल जो पानी और उत्पादकता प्रदान करते हैं जिस पर पौधों और जानवरों की अनगिनत प्रजातियां जीवित रहने के लिए निर्भर हैं। बलरामपुर फर्स्ट के संयोजक वरिष्ठ समाजसेवी सर्वेश कुमार सिंह ने सभी को अवगत कराया कि अंतरराष्ट्रीय आर्द्र भूमि



दिवस के अवसर पर 02 फरवरी को भगवानपुर बंधा पर एक विचार गोष्ठी के साथ साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए सविनय यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने छात्र-छात्राओं का आह्वान करते हुए कहा कि विश्व आर्द्रभूमि दिवस 2025 का थीम है, हमारे साझा भविष्य के लिए आर्द्रभूमियों का संरक्षण। यह दिवस हर साल 2 फ़रवरी को मनाया जाता है । इस दिन का मकसद, आर्द्रभूमियों के संरक्षण और पुनर्स्थापन के लिए जागरूकता बढ़ाना है। अभ्युदय कोचिंग के संयोजक सचिन सिंह ने कहा कि विश्व आर्द्रभूमि दिवस 2025 का विषय ÷हमारे साझा भविष्य के लिए आर्द्रभूमियों का संरक्षण÷ है। यह विषय सभी लोगों के कल्याण के लिए इन प्राकृतिक आवासों की रक्षा के लिए साहसिक कार्रवाई की आवश्यकता को रेखांकित करता है - ताकि भावी पीढ़ियां आर्द्रभूमियों से लाभ उठा सकें। एन एस एस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ रमेश शुक्ल व रोवर्स के प्रभारी डॉ एस के त्रिपाठी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। महाविद्धद्यालय के एसोसिएट एन सी सी ऑफिसर लेफ्टिनेंट डॉ देवेन्द्र कुमार चौहान ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए आर्द्र भूमि के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सांस्कृतिक निदेशक डॉ अनामिका सिंह, डॉ राम रहीस, डॉ बी एल गुप्ता, डॉ भावना सिंह,डॉ अल्पना परमार, डॉ संदीप कुमार, डॉ अमित कुमार, डॉ अभयनाथ ठाकुर, डॉ राजन सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे।

# सुनगढ़ी पुलिस ने दो लोगों को पकड़ा, चाइनीज मांझे के 80 बंडल बरामद



**बरेली से आता था प्रतिबंधित मांझा, पुलिस ने तीन के खिलाफ दर्ज की एफआईआर**

## गश्त के दौरान मिली सूचना, पुलिस ने दबिश देकर पकड़ा

सुनगढ़ी थाने में तैनात दरोगा राहुल शर्मा और हिमांशु गौतम गुरुवार रात करीब साढ़े आठ बजे टीम के साथ गश्त कर रहे थे। इसी दौरान सूचना मिली कि नौगवां चौराहा से ईदगाह रेलवे क्रॉसिंग के पास दो लोग प्रतिबंधित चाइनीज मांझा लिए बैठे हैं। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए बताए गए स्थान पर दबिश दी और दोनों आरोपियों को पकड़ लिया।

गत्ते की पेटियों पर बैठे आरोपियों ने पूछताछ में अपने नाम मोहल्ला नखासा निवासी हरिओम पुत्र रामकिशोर और जनपद बरेली के थाना बारादरी क्षेत्र के मोहल्ला माधोबाढ़ी निवासी श्रीकांत पाल पुत्र रामचंद्र बताए। जब पेटियां खोली गईं, तो उनमें से 80 बंडल चाइनीज मांझा बरामद हुआ।

## तीसरा आरोपी अब भी फरार, बरेली से आता था मांझा

पुलिस पूछताछ में खुलासा हुआ कि इन दोनों के अलावा मोहल्ला नखासा निवासी सागर पुत्र रामकिशोर भी इस धंधे में शामिल है। फरार आरोपी बरेली से चाइनीज मांझा लाकर सुनगढ़ी क्षेत्र में इसकी आपूर्ति करता था। पकड़े गए आरोपी इसे छोटी दुकानों पर बेचने में उसकी मदद करते थे। हालांकि पुलिस ने तीनों के खिलाफ केस दर्ज, दो आरोपी जेल भेजे बतातें चलें ।

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

पीलीभीत। सुनगढ़ी पुलिस ने गुरुवार रात प्रतिबंधित चाइनीज मांझे की बिक्री करने वाले दो लोगों को धर दबोचा, जबकि उनका एक साथी अब भी फरार है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 80 बंडल चाइनीज मांझा बरामद किया, जिसका वजन 41.72 किलोग्राम निकला। इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। गौरतलब है कि चाइनीज मांझे पर प्रतिबंध होने के बावजूद इसकी बिक्री धड़ल्ले से हो रही है। बसंत पंचमी के अवसर पर पतंगबाजी की परंपरा को देखते हुए कई धंधेबाज पहले से ही स्टॉक कर चुके हैं। प्रशासन की औपचारिक कार्रवाई के बावजूद छिपकर बिक्री जारी है, और प्रतिबंध के कारण अब इस मांझे के दाम भी डेढ़ से दो गुना तक बढ़ा दिए गए हैं। हालांकि लगातार चाइनीस मांझा से लोग हो रहे घायल को लेकर स्थानीय लोग प्रशासन से मांग कर रहे हैं कि इस खतरनाक चाइनीज मांझे की बिक्री पर पूरी तरह रोक लगाई जाए। यह मांझा न सिर्फ पक्षियों और आम नागरिकों के लिए खतरनाक है, बल्कि इससे कई गंभीर दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं। अब देखना होगा कि पुलिस आने वाले दिनों में इस अवैध कारोबार पर पूरी तरह लगाम लगाने में कितनी सफल होती है।

## सड़क हादसे में घायल बाइक सवार की रिपोर्ट दर्ज

**बीसलपुर।** बिहारीपुर हीरा के पास दिसंबर में हुए सड़क हादसे में घायल बाइक सवार की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है। गजरौला थाना क्षेत्र के गांव लखा खास निवासी प्रेमशंकर पुत्र भीमसेन ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि दो दिसंबर को उसके पिता भीमसेन उसके फुफेरे भाई सोमपाल निवासी गहलुइया पचपेड़ा के साथ अपनी बाइक से गांव मीरपुर तिल्छी जा रहे थे। जैसे ही वह गांव बिहारीपुर हीरा के पास पहुंचे तभी सामने से आ रही बाइक संख्या यूपी 26 एएच 2149 के चालक ने तेजी व लापरवाही से चलाते हुए उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे भीमसेन व सोमपाल दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज में व्यस्त होने के कारण तहरीर नहीं दी गई। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है। कोतवाली प्रभारी दिगंबर सिंह ने बताया कि दिसंबर में बिहारीपुर हीरा के पास हुए सड़क हादसे की रिपोर्ट दर्ज की गई ।

# बरेली के आईवीआरआई में पैनल से कराया गया पोस्टमार्टम

## वन विभाग की टीम ने मौके पर पंहुचकर की पड़ताल





**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**

जंगल से निकले तेंदुआ की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई।शव गांव से पांच सौ मीटर दूर वर्कशॉप की दुकान के सामने पड़ा मिला।घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने पड़ताल की। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बरेली के आईवीआरआई भेजा गया। अधिकारी तेंदुआ की मृत्यु प्रथमदृष्टया साधारण प्रतीत होना बता रहे हैं।

घटनास्थल से पीटीआर के हरीपुर रेंज का जंगल डेढ कि.मी दूर है।पीटीआर में अनुकूल वातावरण से वन्य जीवन फल-फूल रहा है।बाघों के अलावा तेंदुआ का कुनबा भी लगातार बढ़ रहा है।वन्यजीव शिकार का पीछा कर रिहायशी इलाकों में पंहुच रहे हैं।।

जंगल से निकले नर तेंदुआ की सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के गांव दुर्जनपुर कला में आबादी के निकट संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई। शुक्रवार सुबह तेंदुआ का शव आबादी से पांच सौ मीटर दूर पश्चिम दिशा में स्थित वर्कशॉप की दुकान के सामने पड़ा हुआ था। सुबह दुकान पर पहुंचा ग्रामीण तेंदुआ का शव देख सहम गया। जानकारी पर आस-पड़ोस के सैकड़ो ग्रामीण एकत्र हो गए।यह क्षेत्र शाहजहांपुर सामाजिक वानिकी प्रभाग के अधीन है। ग्रामीणों की सूचना पर खुटार सामाजिक वानिकी रेंजर मनोज कुमार श्रीवास्तव,हरिपुर रेंजर वीरेंद्र सिंह रावत टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। भीड़ अधिक होने के कारण टीम तेंदुआ के शव को लेकर हरिपुर रेंज के दुर्जनपुर वायरलेस चौकी पंहुची।सूचना उच्चाधिकारियों को दी गई। पीटीआर डीएफओ मनीष सिंह, एसडीओ रमेश चौहान, वन्य जीव चिकित्सक डॉ . दक्ष गंगवार,एसडीओ पुवाया सुशील कुमार टीम के साथ मौके पर पहुंच गए।

टीम ने वन्य जीव चिकित्सक के साथ मौके पर पहुंचकर गहनता से जांच पड़ताल की। टीम को तेंदुआ के शव पर चोट के निशान नहीं मिले। टीम शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रवाना हो गई।बरेली के भारतीय पशुचिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) में चिकित्सकों के पैनल द्वारा तेंदुआ के शव का पोस्टमार्टम किया गया।

## मरने से पहले घंटों तडपा तेंदुआ

आबादी से पांच सौ मीटर दूर स्थित दुकान के पास तेंदुआ का शव पड़ा हुआ था। ग्रामीणों के अनुसार मध्यरात्रि के दौरान वन्य जीव के चीखने का शोर सुनाई दिया। सुबह तेंदुआ का शव पड़ा मिला।शव के आसपास मिट्टी में तेंदुआ ने पंजों से जमीन को खरोंचा। पास में खड़े हैंड पंप के पास भी तेंदुआ के पंजों से खरोंचने के निशान मिले। आशंका जताई जा रही कि तेंदुआ मरने से पहले घंटों तड़पा।

### एक सप्ताह से गन्ने के खेतों में थी तेंदुआ की चहलकदमी

ग्रामीणों ने बताया कि बीते एक सप्ताह से तेंदुआ गन्ने के खेतों में देखा जा रहा था। शाम होते ही तेंदुआ गन्ने के खेतों से निकलकर आबादी की ओर चहलकदमी करने लगता था। तेंदुआ की दहशत के चलते किसान खेतों पर जाने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे थे।

### बुखार से ग्रसित होने के कारण हुई थी तेंदुआ की मृत्यु

जंगल से निकलकर आबादी में पंहुचा तेंदुआ बुखार से ग्रसित था।चिकित्सकों को पोस्टमार्टम में तेंदुआ के पेट में भोजन नहीं मिला।अस्वस्थ होने के साथ उम्र अधिक होने के कारण शिकार भी नहीं कर पा रहा था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बुखार ओर भूख की वजह से मृत्यु होना पाया गया।रात्रि के दौरान तेंदुआ जंगल से निकलकर सुरक्षित ठिकाने की तलाश में आबादी से दूर स्थित दुकानों के पास पंहुचा था।

# किसानों के विरोध प्रदर्शन के बाद बैक फुट पर आया चीनी मिल प्रबंधन



**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**

चीनी मिल में गन्ना लेकर पहुंचे किसानों को मिल प्रबंधन ने रिजेक्ट प्रजाति का बताकर वापस लौटा दिया। मामले की जानकारी पर आक्रोशित किसान मिल पंहुच गए। विरोध में मिल प्रबंधन के विरूद्ध जमकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया।घंटों हंगामा होता रहा।इसके मिल प्रबंधन की ओर से लौटाए गए वाहनों को वापस बुलाया गया।

सहकारी चीनीमिल तकनीकी खराबी के चलते बार-बार बंद हो रही है। चीनी मिल में व्याप्त अवस्थाओं के चलते किसानों को गन्ना भरे वाहन खाली कराने में दो दिन समय लग रहा है। सर्द भरी रात किसान मिल यार्ड में वाहनों के ऊपर गुजार रहे हैं। यार्ड में चार सौ के करीब गन्ना भरे वाहन खड़े हैं।

शुक्रवार को मिल में पहुंचे कुछ किसानों को गन्ना रिजेक्ट आदि गलत प्रजाति का बताकर लौटा दिया गया। इसकी जानकारी लगने पर भाकियू के प्रदेश सचिव स्वराज सिंह चीनी मिल पहुंचे। प्रधान प्रबंधक का घेराव कर नारेबाजी की गई। किसानों ने हंगामा भी किया। जीएम त्रिवेणी प्रसाद पाल ने वार्ता के बाद जिन किसानों के गन्ना भरे वाहन लौटाए थे उन्हें बुलाया। किसानों ने दो से तीन दिन में गन्ना भरे वाहन खाली हो पाने की शिकायत की। इसपर तय किया गया कि दस किसानों और एक सेंटर का वाहन खाली किया जाएगा। इससे मिल यार्ड में किसानों को समय नहीं लगेगा। किसानों ने बताया कि चीनी मिल लगातार तकनीकी खराबी के कारण बंद हो रही है। इससे किसानों को और अधिक समय लग रहा है। नियमित रूप से मिल नहीं चल पा रही है। प्रदर्शन करने वालों में विमल शुक्ला, सर्वेश कुमार, सुंदरलाल, युद्धवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

# साठा धान की खेती पर प्रशासन सख्त, नर्सरी नष्ट न करने पर होगी कार्रवाई

**जिलाधिकारी संजय सिंह ने दिए सख्त निर्देश, नियम तोड़ने पर होगी एफआईआर**

## तहसील स्तर पर बनी निगरानी समिति

**साठा धान की खेती को रोकने के लिए तहसील स्तर पर एसडीएम की अध्यक्षता में एक समिति गठित की गई है। इसमें सीओ, तहसीलदार, खंड विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी (कृषि), और थाना प्रभारी को सदस्य बनाया गया है। यह समिति जनपद में नियमित भ्रमण कर साठा धान की खेती पर प्रतिबंध को लागू कराएगी।**

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

जिले में ग्रीष्मकालीन साठा धान की खेती पर पूर्ण प्रतिबंध के बावजूद किसान चोरी-छिपे इसकी नर्सरी तैयार कर रहे हैं। इसे लेकर प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए नर्सरी को नष्ट कराने और नियम तोड़ने वालों पर कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

डीएम द्वारा जारी आदेश के अनुसार, साठा धान की खेती भूमिगत जल पर अत्यधिक निर्भर करती है, जिससे जल स्तर तेजी से गिर रहा है। वैज्ञानिक शोध के अनुसार, एक किलोग्राम चावल उत्पादन के लिए लगभग 4800 लीटर पानी की जरूरत होती है। ऐसे में जल संकट को देखते हुए प्रशासन ने इस फसल को पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया है। इतना ही नहीं? लाइसेंस जब्त, होने तथा किसानों को दिए गए वैकल्पिक फसलों के सुझाव में साठा धान की नर्सरी तैयार करने वालों पर होगी रिपोर्ट दर्ज।

साथ ही साथ साठा धान खरीदने पर आढ़ती, राइस मिल और व्यापारियों का लाइसेंस जब्त होगा।

प्रशासन ने किसानों को उड़द, मूंग, सूरजमुखी, मक्का और सब्जियों जैसी फसलों की खेती को बढ़ावा देने की सलाह दी है।

## चीनी मिल यार्ड में समस्याओं को लेकर गन्ना कृषकों ने किया प्रदर्शन

बीसलपुर । किसान सहकारी चीनी मिल परिसर में गन्ना किसानों ने धीमी गति से गन्ने की तौल होने व अन्य समस्याओं को लेकर चीनी मिल प्रशासन के विरुद्ध जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। किसान नेता देव स्वरूप पटेल ने मंडल आयुक्त से भेंट कर चीनी मिल में अवस्थाओं की शिकायत की। किसान सहकारी चीनी मिल में गन्ना आपूर्ति करने आए किसानों ने चीनी मिल द्वारा मिलने वाली सुविधाएं उपलब्ध न होने के कारण खिन्न होकर किसानों ने बड़ी संख्या में एकत्र होकर प्रदर्शन किया और मिल प्रशासन के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की किसान मांग कर रहे थे कि चीनी मिल प्रशासन द्वारा उतना ही इंडेंट जारी किया जाए जितने गन्ने की मिल को पिराई करने की आवश्यकता हो अधिक इंडेंट जारी करने से किसानों को मिल यार्ड में गन्ना आपूर्ति करने में काफी समय लग जाता है और उन्हें इन बर्फीली हवाओं में अपने ट्रैक्टर ट्राली पर रहकर गुजारना पड़ती है ।

## राष्ट्रीय अध्यक्ष के विरुद्ध अमर्यादित भाषा के प्रयोग का आरोप,प्रदर्शन

पूरनपुर। भीम आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जनपद बिजनौर के संसदीय क्षेत्र नगीना से सांसद चंद्रशेखर के विरूद्ध अमर्यादित टिप्पणी करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी गई। कार्यकर्ताओं ने गेट पर प्रदर्शन किया। शुक्रवार को भीम आर्मी भारत एकता मिशन के तहसील अध्यक्ष विजय कुमार गौतम ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। आरोप है कि दुधिया खुर्द निवासी एक युवक का एक वीडियो इंटरनेट मीडिया पर तेजी के साथ प्रसारित हो रहा है। युवक सांसद के विरूद्ध अमर्यादित भाषा में बोल रहा है। यह संविधान के खिलाफ है। इससे समाज में आक्रोश फैला हुआ है। सामाजिक सौहार्द खराब करने की कोशिश की गई है।

# अपनों से बिछड़ीं एक वृद्धा को पुलिस ने परिजन को सौपा

**दूसरी वृद्धा का पता ढूंढने के प्रयास में जुटी पुलिस**

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

कुंभ मेले में मौनी अमावस्या को अपने परिवार के साथ स्नान करने गई महिला मेले मे हुई भगदड़ मे परिजनों से बिछड़ कर शाहगंज पहुंची वही दूसरी महिला बिहार से कुंभ मेले मे जा रही थी। भगदड़ की वजह से स्थानीय प्रशासन ने कुंभ जाने वाले दर्शनार्थियों पर रोक लगाकर रामलीला मैदान में ठहरने का प्रबंध कराया था। उसी दौरान एक महिला अपने परिवार से दूर होकर शाहगंज मे छूट गई। दोनों बिछडी बृद्धा को स्थानीय लोगों ने पुलिस को सौपा।

पुलिस मामले की जांच करते हुए। मध्य प्रदेश के सागर जनपद के शाहगढ थाना क्षेत्र के बराज गांव निवासी ललिता देवी पत्नी बालचंद को उक्त जनपद के पुलिस अधीक्षक से संपर्क कर उनके परिवार के लोगों को बुलाकर उनके सुपुर्द कर दिया। वही दूसरी महिला के गांव का सही पता न बता पाने की वजह से पुलिस सही पते की तलाश करने का प्रयास कर रही है।

इस संबंध में पूछे जाने पर उपनिरीक्षक संतोष कुमार शुक्ला ने बताया कि भटकी दो वृद्ध महिला को थाने में लाया गया है। एक महिला के परिजनों की शिनाख्त कर उनके सुपुर्द किया गया है। वही दूसरी महिला के घर का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

## कुत्ते को बाइक से टक्कर लगने पर पिता-पुत्रों ने किशोर को लाठी-डंडों से पीटा

**जन एक्सप्रेस /जौनपुर**

जौनपुर के खुटहन थाना क्षेत्र के लखनेपुर गांव में पालतू कुत्ते को बाइक से टक्कर मारने के विवाद ने गंभीर रूप ले लिया। घटना गुरुवार देर शाम की है, जब तेज रफ्तार बाइक से आ रहे बेसहूपुर निवासी अंकित तिवारी ने एक पालतू कुत्ते को टक्कर मार दी। कुत्ते के मालिक आकाश दूबे ने जब बाइक धीमी चलाने की बात कही, तो मामला बिगड़ गया। अंकित ने तुरंत अपने पिता शोभई तिवारी और भाई अंकुश को मौके पर बुला लिया। आरोप है कि तीनों ने मिलकर आकाश दूबे पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई और वह लहुलुहान हो गया। हालांकि, आरोपी पक्ष का कहना है कि पहले आकाश और उसके साथियों ने अंकित को अकेला पाकर मारपीट की, जिससे विवाद शुरू हुआ। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने पिता शोभई तिवारी और उनके दोनों पुत्रों अंकित व अंकुश के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

# सड़क सुरक्षा में विद्यार्थी सकारात्मक भूमिका निभाएँ – अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया

**राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का समापन, गुड सेमेरिटन व रोड सेफ्टी चैंपियन हुए सम्मानित**

**जन एक्सप्रेस । मुकेश कुमार**




पीलीभीत। आज हुए राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के समापन के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने में विद्यार्थी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। सड़क सुरक्षा नियमों का पालन न केवल हमारी सुरक्षा के लिए आवश्यक है, बल्कि इससे दुर्घटनाओं को भी कम किया जा सकता है।

अपर पुलिस अधीक्षक शुक्रवार को केंद्रीय विद्यालय, पीलीभीत में परिवहन विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि जब वह नौकरी में आए तो सड़क दुर्घटनाओं के पीड़ितों को देखकर उन्हें सुरक्षा नियमों का महत्व समझ में आया। उन्होंने बताया कि अक्सर लोग मानते हैं कि खराब सड़कों के कारण दुर्घटनाएँ होती हैं, लेकिन अच्छी सड़कों पर भी तेज गति से वाहन चलाने के कारण हादसे होते हैं। इसलिए आवश्यक है कि सभी यात्री एवं वाहन चालक ट्रैफिक नियमों का पालन करें और हेलमेट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें।

वहीं विशिष्ट अतिथि सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर ने कहा कि सड़क दुर्घटनाएँ रोकने के लिए हमें स्वयं और अपने परिवार को भी नियमों के पालन के लिए प्रेरित करना होगा। उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों से पूछा कि उनके घरों में वाहन चलाने वाले कितने लोग हेलमेट पहनते हैं। इस पर 80त्न से अधिक बच्चों ने हाथ उठाए, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि लोगों में जागरूकता बढ़ रही है। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे अपने पिता, बड़े भाइयों और परिवार के अन्य सदस्यों को हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित करें।

### सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी वीरेंद्र सिंह का संदेश

कार्यक्रम के स्वागत संबोधन में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी वीरेंद्र सिंह ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में 50त्न तक कमी लाना है। उन्होंने बताया कि सड़क सुरक्षा माह के दौरान विभिन्न जागरूकता अभियान चलाए गए, जिनमें वाहन चालकों को नियमों के पालन के प्रति जागरूक किया गया। इसके अलावा इस माह 26 जनवरी से नो हेलमेट नो फ्यूल का नियम पूरे प्रदेश में लागू किया गया है। उन्होंने सभी सडक सुरक्षा एवं यातायात नियमों के पालन का आग्रह किया। गुड सेमरेटिन देव माथुर और आलोक अग्रवाल ने अपने अनुभव प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में केंद्रीय विद्यालय की छात्रा श्वेता सक्सेना ने सडक सुरक्षा पर विचार व्यक्त किये। इसके अतिरिक्त केंद्रीय विद्यालय की अपराजिता के नेतृत्व में विजेताए ।

# जिलाधिकारी ने जिला कारागार का किया आकस्मिक निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। जौनपुर जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र के द्वारा जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बैरकों की सघन तलाशी ली गई, तलाशी के दौरान कुछ भी आपत्तिजनक नहीं मिला। जिलाधिकारी के द्वारा पाकशाला में जाकर बंदियों के लिए पकाए जा रहे खाने की गुणवत्ता की जांच की गई। उन्होंने जेल अस्पताल में जाकर बंदियों के स्वास्थ्य और उनके ईलाज के संबंध में जानकारी प्राप्त की और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.लक्ष्मी सिंह को निर्देशित किया कि बंदियो की नियमित रूप से स्वास्थ्य की जांच कराई जाए और इसके साथ ही बंदियों के दांत, आंख और कान की जांच भी कराई जाए और जिन्हें आवश्यक हो उन्हें चश्मा उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी के द्वारा बुजुर्ग बंदियों सहित अन्य बंदियों से संवाद करते हुए उनसे पूछा गया कि उन्हें किसी भी प्रकार की समस्या तो नहीं है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी भू-राजस्व अजय अंबष्ट, नगर मजिस्ट्रेट, इंद्रनंदन सिंह, जेलर अजय कुमार, डिप्टी जेलर धर्मेंद्र सिंह भदोरिया, डॉ0 विनय कुमार राव, फार्मासिस्ट सतीश सहित अन्य उपस्थित रहे।

# गौशालाओं में उपलब्ध कराई जाये बुनियादी सुविधाऐं : जिलाधिकारी

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**



जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय गौवंश संरक्षण, अनुश्रवण एवं मूल्यांकन समिति बैठक गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान उन्होंने समस्त खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित करते हुये कहा कि अपने क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाली गौशालाओं में हरे चारे की व्यवस्था, भूसा सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। गौशाला हेतु चिन्हित भूमि में जहॉ पर जल भराव हो रहा हो उन गौशालाओं में पानी निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। बैठक में खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिये कि गौशालाओं के निर्माण हेतु भूमि का चयन कराना सुनिश्चित करें जिससे कि नई गौशालाओं का निर्माण कराया जा सके। बैठक में उन्होंने कृत्रिम गर्भाधान के सम्बन्ध में जानकारी ली और अधिक से अधिक कृत्रिम गर्भाधान करने हेतु पशु चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिये। बैठक में उन्होंने कहा कि आवारा गौवंशों को पकड़कर गौशाला भिजवाना सुनिश्चित करें।

बैठक में उन्होंने कहा कि गौशाला में मृत गोवंशों को गहरा गड्ढा खुदवाकर दफनाया जाये। उन्होंने कहा कि गौशालाओं में गोवंशो का रजिस्टर अपडेट रखा जाये, गौशाला में गोवंश की मृत्यु हो जाती है तो उनका पोस्टमार्टम कराया जाये तथा शव विच्छेदन पंजिका में अंकित किया जाये। उन्होंने कहा कि बीमार गोवंशों का तुरन्त इलाज कराये जाने के निर्देश दिये, निर्माणाधीन गौशालाओं के सम्बन्ध में जानकारी ली और कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिये। गौशाला की साफ सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी (वि./रा.), उप जिलाधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, पशु चिकित्सक सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# कुष्ठ रोग स्पर्श जागरूकता अभियान में बच्चों को दी जानकारी, दिलाई शपथ

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**



स्वास्थ्य विभाग ने शुक्रवार को विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। इस दौरान बच्चों, शिक्षकों और नगर पालिका कर्मचारियों को कुष्ठ उन्मूलन की शपथ दिलाई गई। शासन के निर्देश पर 30 जनवरी से 13 फरवरी तक चलने वाले ''स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान'' के तहत कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को कुष्ठ रोग के प्रति जागरूक करना और इसके रोकथाम के लिए आवश्यक जानकारी प्रदान करना था।

पीएचसी प्रभारी डॉ. अल्तमश खान के निर्देशन में स्वास्थ्य कर्मी मोनिका सक्सेना ने आदर्श नगर स्थित कन्या प्राथमिक विद्यालय में जागरूकता अभियान चलाया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं को कुष्ठ रोग के लक्षण, उसके प्रभाव, इलाज और बचाव के तरीकों के बारे में बताया गया। बच्चों को समझाया गया कि कुष्ठ रोग छूने से नहीं फैलता, बल्कि यह एक बैक्टीरिया से होने वाली बीमारी है, जिसका समय पर इलाज संभव है। स्वास्थ्य कर्मचारियों ने बच्चों के साथ-साथ शिक्षकों को भी कुष्ठ रोग के प्रति जागरूक किया और समाज में इसके प्रति फैली भ्रांतियों को दूर करने का संकल्प दिलाया। शिक्षकों को बताया गया कि वे अपने विद्यालय और आसपास के क्षेत्रों में कुष्ठ रोग के प्रति जागरूकता बढ़ाने का कार्य करें, जिससे इस रोग को जड़ से खत्म किया जा सके।

वहीं अधिशाषी अधिकारी मुकेश कुमार मिश्रा ने नगर पालिका के सभासदों और कर्मचारियों को कुष्ठ उन्मूलन अभियान को सफल बनाने के लिए शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि नगर क्षेत्र में लोगों को कुष्ठ रोग के बारे में जानकारी दी जाए और रोग से पीड़ित व्यक्तियों को इलाज के लिए प्रेरित किया जाए। सरकारी अस्पतालों में कुष्ठ रोग का मुफ्त इलाज उपलब्ध है और संभावित लक्षण वाले व्यक्तियों को नजदीकी ''प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में जाकर परामर्श लेना चाहिए। विशेषज्ञों ने बताया कि कुष्ठ रोग का इलाज जितनी जल्दी शुरू किया जाए, उतनी जल्दी यह ठीक हो जाता है। कुष्ठ रोग से संबंधित किसी भी प्रकार के लक्षण दिखाई देने पर नजदीकी सरकारी अस्पताल या पीएचसी पर तुरंत परामर्श लेना चाहिए। सरकार द्वारा इसका मुफ्त इलाज उपलब्ध कराया जाता है, इसलिए रोग को लेकर भयभीत होने की जरूरत नहीं है। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से अपील की कि यदि कोई व्यक्ति कुष्ठ रोग से पीड़ित है, तो उसे समय पर इलाज दिलवाने में मदद करें और इस रोग के प्रति समाज में व्याप्त मिथकों को दूर करने में सहयोग करें।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा चलाया गया जागरुकता अभियान

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**




नवाबगंज, उन्नाव। राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य विभाग स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान जा रहा है। जिसके अंतर्गत जिला कुष्ठ नाभिक टीम ने शुक्रवार को सीएचसी समेत नवाबगंज क्षेत्र में कुष्ठ रोग के प्रति लोगों को जागरूक किया। जिला कुष्ठ नाभिक टीम में डॉ शुभांग अग्निहोत्री जिला कुष्ठ रोग परामर्शदाता के साथ राहुल देव वर्मा फिजियो, प्रमोद सिंह सुपरवाइजर शुक्रवार को नवाबगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। टीम ने सीएचसी में लोगों को जागरूक करते हुये बताया कि राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 30 जनवरी से 13 फरवरी तक 2025 तक स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। बताया कि कुष्ठ संक्रामक बीमारी नहीं है। यह ठीक हो सकता है। कुष्ठ रोगियों की देखभाल एवं इलाज के लिए तत्पर रहने की जरूरत है। कुष्ठ रोग के चिन्हित रोगियों के लिये एमडीटी दवा सीएचसी पर निःशुल्क उपलब्ध है। इसके बाद टीम सेवरा गांव स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय पहुंची। जहां ग्रामीणों को टीम ने कुष्ठ रोग के लक्षणों, बचाव एवं इलाज हेतु जानकारी देकर जागरूक किया। इस दौरान स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ राजेश कुमार, डॉ सिद्धार्थ आनन्द, बीपीएम मलखान सिंह, राम नरेश सिंह, विनोद दीक्षित आदि स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

# समाजसेवी की पुण्यतिथि पर सुंदरकांड पाठ कर कंबल वितरित किए



**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**

नवाबगंज ।सोहरामऊ कस्बे में गुरुवार को समाजसेवी स्व वेदपाल मिश्रा की पुण्यतिथि पर सुंदरकांड का पाठ कर कम्बल वितरण किया गया , कार्यक्रम की शुरुआत समाजसेवी स्व वेदपाल मिश्रा के चित्र पर माल्यार्पण व दीपार्जन कर किया गया , कार्यक्रम का संचालन करते हुए शत्रुघ्न मिश्रा ने कहा कि स्वर्गीय मिश्रा जी ने अपना पूरा जीवन लोगों के उत्थान में लगा दिया था, किसान के बेटे होने के बाद भी उन्होंने समाज सेवा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। वे व्यवहारिकता की जो छाप समाज के बीच जो छोड़ गए है वह हमेशा लोगो को प्रेरित करेगा , इस मौके पर राजेश मिश्रा , शिव प्रसाद मिश्रा, पुत्ती सिंह , इंद्रवीर सिंह , कालीचरण तिवारी , मुदित मिश्रा ,अर्पित मिश्रा सहित सभी लोग मौजूद रहे।

# कलयुगी पिता ही निकला बेटी का हत्यारा




**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**

बीघापुर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत जंगली खेड़ा गांव में घर से लकड़ी बीनने को निकली 17 वर्षीय किशोरी का हत्यारा उसका कलयुगी पिता ही निकला । पुलिस के मुताबिक पिता अपनी पुत्री के बहके कदमों के चलते इतना अधिक तंग हो चुका था कि इसी वजह से उसने अपने एक साथी के साथ मिलकर उसकी गला दबा कर हत्या करके शव को छिपा दिया था।अनुसूचित जाति के दिनेश की 17 वर्षीय पुत्री अनुष्का 20 जनवरी को घर से लकड़ी बीनने जंगल की ओर गई थी जिसका शव 6 दिन बाद ग्रामीणों की सूचना पर शारदा नहर के बीघापुर महाई मार्ग पर गांव से एक किलोमीटर दूर नहर के किनारे झाड़ियों में जंगली जानवरों द्वारा छत विक्षत किया हुआ मिला था। घटना में किशोरी के पिता ने गांव के ही दो लोगो पर हत्या करने का आरोप लगाया था । पुलिस ने आशंका के आधार पर दोनों आरोपितों को हिरासत में लेकर सर्विलांस की मदद से जब घटना की जांच शुरू की तो पुलिस को मालूम चला कि किशोरी ने 20 जनवरी को जंगल मे ही बकरी चरा रहे गांव के एक वृद्ध से फोन मांग कर एक अपने थाना क्षेत्र के ही एक गांव के युवक को फोन करके बात चीत कर उसे बुलाने का प्रयास किया था परन्तु युवक नही आ पाया था।

सी ओ ऋषि कांत शुक्ला ने बताया कि किशोरी कई युवकों से घर के फोन से बात चीत करती थी माता पिता के मना करने पर वह झगड़ा करती थी जिससे वह परेशान था ।पिता अपनी पुत्री के आचरण से इतना तंग हो चुका था कि उसने उसकी हत्या की योजना बना डाली । दिनेश ने अपनी पत्नी व बेटे प्रिंस को 19 जनवरी को उसके मायके मौरावां भेज दिया और 20 जनवरी को स्वयं पड़ोस के सैदपुर गांव रामकुमार के यहाँ अपना फोन लेकर मजदूरी करने चला गया।

दोपहर जब वह घर खाना खाने आया तो पुत्री घर पर मौजूद नही मिली तो वह अपने साथी के साथ जंगल की ओर उसकी तलाश मे चला गया और वहां अपने साथी की मदद से पुत्री की गला दबा कर हत्या कर शव को छिपा दिया सी ओ ऋषि कांत ने बताया कि जांच के दौरान गांव के ही जंगल मे मौजूद एक व्यक्ति की जब पुलिस को जानकारी हुई तो उसे पुलिस ने विश्वास में लेकर बात चीत की तो उसने पिता दिनेश व उसके एक साथी के द्वारा हत्या करने की बात बताई, तब पुलिस ने पिता से सख्ती के साथ पूछताछ की तो उसने हत्या की बाद स्वीकार कर ली ।

थाना अध्यक्ष राजपाल ने बताया कि दिनेश को जेल भेज दिया गया है उसने अपने साथी का नाम नही बताया है उसे रिमांड पर लेने का प्रयास करके साथी की भी जानकारी की जाएगी ।

# कृमि संक्रमण से बचाव के लिये 10 फरवरी को खिलायी जाएगी दवा

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**

नवाबगंज, उन्नाव। स्वास्थ्य विभाग द्वारा कृमि संक्रमण से बचाव के लिये 10 फरवरी को क्षेत्र में कृमि मुक्ति अभियान शुरू किया जाएगा। जिसमें बच्चों को एलबेंडाजोल की गोली खिलायी जाएगी।

अभियान के सफल संचालन के लिये सीएचसी में बीटीएफ कमेटी की बैठक कर रणनीति बनाई गई। कस्बा स्थित स्वास्थ्य केंद्र पर शुक्रवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान को लेकर ब्लॉक टास्क फोर्स कमेटी की बैठक हुई।

स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ राजेश कुमार की अध्यक्षता में कमेटी ने कृमि मुक्ति अभियान की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के एक माह से 19 वर्ष तक के बच्चों व किशोर, किशोरियों को कृमि संक्रमण से बचाव के लिए एल्बेंडाजोल की खुराक दी जाएगी। 10 फरवरी को सरकारी स्कूलों व कालेजों के साथ-साथ प्राइवेट स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों, ईट भठ्ठों और मलिन बस्तियों में रहने वाले आदि बच्चों को यह दवा खिलाने व देने का काम स्वास्थ्य विभाग व बाल विकास विभाग के कर्मचारी करेंगे।

जिसके 14 फरवरी को अभियान से वंचित बच्चों को खुराक दी जाएगी। इस दौरान डॉ महेंद्र कुमार, यूनिसेफ मॉनिटर मो आसिफ, बीपीआर प्रीति चंद्रा, नगर पंचायत कार्यालय से हर्षित तिवारी, रोहित गुप्ता ब्रांड एंबेसडर स्वच्छ भारत मिशन, रत्नेश पाण्डेय, बीपीएम मलखान सिंह, प्रशान्त दीक्षित आदि मौजूद रहे।

# शिक्षक समस्याओं को लेकर, शिक्षक संघ ने बीएसए को सौंपा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस । बस्ती**



शिक्षक समस्याओं को लेकर शुक्रवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष उदयशंकर शुक्ल के नेतृत्व में संघ पदाधिकारियों और शिक्षकों के प्रतिनिधिमंडल ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनूप कुमार तिवारी से कार्यालय में मुलाकात के बाद ज्ञापन सौंप कर समस्याओं के समाधान की मांग किया। प्रतिनिधि मण्डल ने अपार आईडी फीडिंग में शिथिलता को लेकर हजारो अध्यापकों के रोके गए वेतन को बहाल करने और विकास क्षेत्र गौर के एमआईएस शैलेश कुमार अग्रहरी को बीआरसी से हटाने का अनुरोध किया ।

संघ जिलाध्यक्ष उदयशंकर शुक्ल ने बताया कि संगठन के ज्ञापन का संज्ञान लेकर बीएसए ने अपार आईडी को लेकर रोके गए हजारों शिक्षको के वेतन भुगतान का आदेश जारी कर दिया । उन्होने गौर के एमआईएस की आईडी पासवर्ड दूसरे को देकर उन्हें बीआरसी पर जाने से रोक दिया । बताया कि बीएसएस से चार सौ शिक्षकों के चयन वेतनमान के सम्बन्ध में बीएसए ने आश्वासन दिया कि दो दिन के भीतर विभागीय स्तर पर वार्ता के बाद निर्णय लिया जायेगा। जूनियर हाई स्कूल के प्रधानाध्यापकों के खाते से 800 रूपया टेबलेट डाटा क्रय करने हेतु धनराशि काट ली गई थी जबकि विभाग द्वारा जूनियर हाई स्कूल के प्रधानाध्यापकों को टेबलेट दिया ही नहीं दिया गया था। बीएसए ने कहा कि इस धनराशि को वापस किये जाने की कार्यवाही शीघ्र कराया जायेगा। बीएसए को ज्ञापन देते समय अखिलेश मिश्र, महेश कुमार, राजकुमार सिंह, रीता शुक्ला, चन्द्रभान चौरसिया, भैया राम,राम भरत, वर्मा विनोद यादव, नरेन्द्र दुबे, विवेक गौतम, सहित अनेक शिक्षक मौजूद रहे।

## मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाते हुए करी मार पीट, रिपोर्ट दर्ज

**जन एक्सप्रेस /शुक्लागंज, उन्नाव**

गंगाघाट कोतवाली अंतर्गत बिंदा नगर चौकिक्षेत्र के गांधीनगर मोहल्ले में रहने वाले एक दबंग ने पड़ोसी से मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाया। मुकदमा वापस लेने पर राजी न होने पर उसे मारा पीटा। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है। गांधीनगर निवासी जगदीश चंद्र तिवारी ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उसका पड़ोसी रूपेंद्र सिंह उर्फ कल्लू से पुराना विवाद चल रहा है। उसी को लेकर उसने पूर्व में मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप है कि रूपेंद्र मुकदमा वापस लेने का उसपर दबाव बना रहा था। मुकदमा वापस न लेने पर उसे मारा पीटा। जिससे उसे चोटे आई। इसके साथ ही घर के बाहर लगे बिजली का मीटर को भी तोड़ दिया और धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# मित्रता को लाभ हानि के तराजू में नहीं तौले : आचार्य अरुण शास्त्री

**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी**



श्री हनुमंत धाम कमरिया बाग में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का शुक्रवार को समापन हुआ। कथा के समापन मौके पर भी बड़ी संख्या में धर्मालुजनों ने पहुंचकर श्रीमद् भागवत कथा का आनंद लिया। कथा के अंतिम दिन सात दिनों तक भागवत कथा के जरिए से ज्ञान गंगा प्रवाहित करने वाले आचार्य अरुण शास्त्री का सम्मान किया गया। पूर्णाहुति हवन और भंडारा शनिवार को होगा।श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिवस शुक्रवार को कथा वाचक आचार्य अरुण शास्त्री ने श्रीकृष्ण सुदामा मित्रता एवं राजा परीक्षित मोक्ष की कथा श्रवण कराई।उन्होंने कहा कि राजा परीक्षित ने सुखदेव के मुखारविंद से जब तक श्रीमद् भागवत नहीं सुनी थी, तब तक वे अपनी मृत्यु के भय से भयभीत थे। हालांकि सात दिवस तक पूरे मनोभाव से भगवान विष्णु के सभी अवतारों व श्रीकृष्णजी की लीलाएं सुनकर वे अपनी मृत्यु के भय से भयमुक्त हो गए।आचार्य अरुण शास्त्री ने कहा कि श्रीमद् भागवत मनुष्य को भय से मुक्त करती है। मनुष्य जो कि सांसारिक मोह बंधनों से बंधा है। वह यदि श्रीमद् भागवत को मनोभाव से सुनता है तो उसको सभी मोह बंधनों से मुक्ति मिलती है तथा वह भगवान हरि के चरणों में स्थान पा लेता है। श्रीमद् भागवत के सभी अक्षर जीवन में नई प्रेरणा देते है। उन्होंने कहा कि मित्रता को लाभ हानि के तराजू में नहीं तोलना चाहिये। श्री कृष्ण ने सुदामा के साथ उज्जैनी में विद्या अध्ययन किया। सुदामा गरीब ब्राह्मण थे जबकि कृष्ण द्वारिका के शासक थे दोनो की मित्रता आज भी हमारे लिये प्रेरणादायी है।कथा वाचन के समापन पर राधा कृष्ण झांकी का कलाकारों ने शानदार प्रस्तुति से श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। राधा कृष्ण के साथ फूलों की होली खेल कर भक्तों ने पुण्य कमाया।कथा वाचन के दौरान शनिवार को प्रातः दस बजे से पूर्णाहुति हवन तथा अपराह्न 1 बजे से भंडारा का आयोजन होगा।इस अवसर पर विजय आनंद बाजपेई ,मनीष गुप्ता,मनोज गुप्ता, शिवकुमार गुप्ता,पंकज मिश्रा ,रविन्द्र कुमार उर्फ पेड़ा, रामकिशोर मिश्रा, योगेश वर्मा,नीरज जायसवाल , राजकुमार वर्मा ,प्रेम नारायण गुप्ता, आशुतोष तिवारी ,फूल चंद्र श्रीवास्तव, गोविंद दीक्षित सहित काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# शिक्षा विभाग के कर्मचारियों का शराब पीते वीडियो वायरल, बेसिक शिक्षा अधिकारी ने दिये जांच के आदेश



**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी**

खंड क्षेत्र में दूसरों को शिक्षा देने वाले शिक्षा के मंदिर में शराब और कबाब की पार्टी करने वाले कर्मचारियों के कारनामों का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो शिक्षा विभाग के अधिकारियों तक पहुंचा तो विभाग में हड़कंप मच गया। मामला नगर क्षेत्र स्थित खंड शिक्षा कार्यालय का है। जहां पर कार्यालय से सम्बद्ध चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी कुलदीप कुमार व लिपिक के पद पर तैनाद जावेद अहमद के साथ जुड़ा हुआ है। बच्चों को ज्ञान देने वाले विभाग के कर्मचारी इस कदर शराब के नशे में डूबे है। कि इनको यह भी होश नहीं कि यह शिक्षा का एक मंदिर है। शिक्षा के मंदिर में चल रही पार्टी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो पूरे शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया। वायरल हो रहे वीडियो में स्पष्ट तौर पर देखा जा सकता है कि कर्मचारी कुलदीप के सामने रखी मेज पर अंग्रेजी शराब की तीन बोतल और ग्लास रखे हुए है।

जिसमें दो बोतल खाली है और एक मे शराब मौजूद है। इस संबंध में कर्मचारी कुलदीप कुमार ने अपनी सफाई में बात रखते हुए कहा, साजिशन उन्हें फसाया जा रहा है। यह वीडियो विगत कई महीने पूर्व का है। इस संबंध में बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष देव पांडे से बात की गई तो उन्होंने बताया, मामले की जानकारी हुई है। जांच के लिए खंड शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया है। रिपोर्ट आने के पश्चात संबंधित कर्मचारियों की उपस्थिति अगर शराब का सेवन करते हुए कार्यालय में पाई जाती है तो उनके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएग।

# दहेज में पांच लाख रुपए की मांग को लेकर महिला ने खाया जहर, इलाज के दौरान मौत



**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी**

फतेहपुर-बाराबंकी। थाना बड्डूपुर क्षेत्र में दहेज को लेकर पति से फ़ोन पर एक महिला ने विवाद के चलते जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। जानकारी होने पर परिजनों ने उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। घटना थाना मैं बड्डूपुर क्षेत्र के टंडवा-गदमानपुर की है। जहां पर इसी गांव की निवासी ज्योति वर्मा की शादी पुष्पेंद्र कोतवाली फतेहपुर के गांव भट्टपूरवा से 10 दिसंबर 2024 को हुई थी। आरोप है शादी के बाद ससुराल पक्ष के लोगों ने 5 लाख रुपयो की मांग कर उसे प्रताड़ित करने लगे। मांगना पूरी होने पर 20 जनवरी को ससुराल वालों ने ज्योति को मायके भेज दिया। इस दौरान पति-पत्नी के फोन पर वाद विवाद होने लगा। इसके बाद महिला ने घर में रखा कीटनाशक पदार्थ पी लिया। जानकारी मिलते ही परिजन उसे एक निजी अस्पताल ले गए। जहां पर डॉक्टरों ने महिला की हालत को गंभीर देखते हुए उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। वही इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई।

## सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत चालकों को किया जागरूक, क्षेत्र में निकली जन जागरुकता रैली

**जन एक्सप्रेस संवाददाता**

नवाबगंज, उन्नाव। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की स्काउट्स ने सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अंतिम दिन वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा संबधित नियमों के प्रति जागरूक किया। स्काउट्स ने कस्बे में शुक्रवार को एक जन जागरूकता रैली भी निकाली। जागरूकता रैली के दौरान उन्होंने सड़क पर निकलने वाले वाहन चालकों को रोककर सड़क सुरक्षा संबंधी नियमों के बारे में बताया। लोगों को इस बात के लिए जागरूक किया कि कैसे दुर्घटना से बचा जा सके। गाइड्स ने मोटरसाइकिल सवारों को हेलमेट लगाने के लिए, धीमी और नियंत्रित गति से गाड़ी चलाने के लिए, रोड पर बाएं चलने के लिए, शराब पीकर गाड़ी न चलाने के लिए, गलत तरीके से ओवरटेक ना करने आदि के बारे में जागरूक किया।

रेलयात्री कृपया ध्यान दें!
कुम्भ मेला विशेष रेलगाड़ी
महाकुम्भ – 2025 के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा पूर्व घोषित विशेष रेलगाड़ियों के साथ–साथ निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ी का संचालन भी निम्न विवरण के अनुसार किया जाएगा:–

04307/04308 हरिद्वार – फाफामऊ ज. – हरिद्वार कुम्भ विशेष रेलगाड़ी — 04 फेरे

| गाड़ी सं. 04307 आगमन | गाड़ी सं. 04307 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 04308 आगमन | गाड़ी सं. 04308 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 06:15 | हरिद्वार | 23:50 | ---- |
| 07:45 | 07:50 | नजीबाबाद जं. | 22:00 | 22:05 |
| 10:25 | 10:35 | मुरादाबाद जं. | 20:20 | 20:30 |
| 11:35 | 11:40 | चन्दौसी जं. | 17:45 | 17:50 |
| 15:00 | 15:05 | शाहजहाँपुर | 13:50 | 13:55 |
| 17:40 | 17:50 | लखनऊ जं. | 10:40 | 10:50 |
| 19:10 | 19:12 | रायबरेली जं. | 08:30 | 08:32 |
| 21:10 | ---- | फाफामऊ जं. | ---- | 06:30 |

चलने के दिन: 04307 हरिद्वार से दिनांक 06.02.2025 एवं 20.02.2025 को तथा 04308 फाफामऊ जं. से दिनांक 07.02.2025 एवं 21.02.2025 को।
स्थान: शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

362/2025
पर हमें फॉलो करें
उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## वेणुगोपाल ने निर्मला सीतारमण को लिखा पत्र
# आगामी बजट में एनआरआई को समान कर लाभ देने का किया आग्रह

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



शनिवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का दूसरा बजट पेश करेंगी। इसी बीच कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने शुक्रवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र लिखकर रियल एस्टेट पर पूंजीगत लाभ के टैक्स में हाल ही में किए गए बदलावों को लेकर अनिवासी भारतीय (एनआरआई) के बीच की चिंता पर जोर दिया। साथ ही उन्होंने वित्त मंत्री से ये भी आग्रह किया कि आगामी बजट में एनआरआई को भी वही कर लाभ दिया जाए जो अन्य नागरिकों को दिया गया है। वेणुगोपाल ने पत्र में कहा कि वित्त अधिनियम, 2024 के तहत 23 जुलाई 2024 से पहले अर्जित संपत्तियों पर टैक्स के नए नियमों में भारत में निवासियों के लिए इंडेक्सेशन के साथ 20त्न कर या इंडेक्सेशन के बिना 12.5त्न कर के बीच चयन करने का विकल्प दिया गया है, जो एक अच्छा कदम है। उन्होंने कहा कि हालांकि, एनआरआई को यह विकल्प नहीं दिया गया, जिससे उन्हें महंगाई के प्रभाव को ध्यान में रखते हुए इंडेक्सेशन का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

### कर व्यवस्था को बताया भेदभावपूर्ण

वेणुगोपाल ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को लिखे पत्र में बताया कि यह भेदभावपूर्ण कर व्यवस्था एनआरआई को नुकसान पहुंचाती है और असमानता पैदा करती है। उन्होंने कहा कि एनआरआई भारत की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं, और उन्हें भी समान कर लाभ मिलना चाहिए।

### कांग्रेस नेता ने वित्त मंत्री से किया आग्रह

साथ ही वेणुगोपाल ने वित्त मंत्री से अनुरोध किया कि इस कर असमानता को दूर किया जाए और आगामी केंद्रीय बजट 2025 में एनआरआई को समान कर लाभ देने पर विचार किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि इससे न केवल निष्पक्षता सुनिश्चित होगी, बल्कि भारत की वैश्विक प्रवासी समुदाय के साथ समान व्यवहार करने की प्रतिबद्धता भी मजबूत होगी।

## इस साल फरवरी से ही कहर बरपाएगी गर्मी, सूखे का दिखेगा प्रकोप, बदलते मौसम को लेकर आईएमडी ने जारी किया अलर्ट



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शुक्रवार को कहा कि जनवरी के गर्म और शुष्क रहने के बाद, फरवरी में भारत के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से अधिक तापमान और सामान्य से कम बारिश होने की संभावना है। फरवरी में बारिश 22.7 मिमी की लंबी अवधि के औसत (1971-2020) के 81 प्रतिशत से कम होने की संभावना है।

### सामान्य से कम बारिश होने की संभावना

आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्रा ने कहा कि पश्चिम-मध्य, प्रायद्वीपीय और उत्तर-पश्चिम भारत के कुछ क्षेत्रों को छोड़कर देश के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से कम बारिश होने की संभावना है। उत्तर-पश्चिम और प्रायद्वीपीय भारत के कुछ हिस्सों को छोड़कर अधिकांश क्षेत्रों में फरवरी में न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक रहने की उम्मीद है। इसी तरह, पश्चिम-मध्य और प्रायद्वीपीय भारत के कुछ हिस्सों को छोड़कर अधिकांश क्षेत्रों में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है।

### जनवरी में औसतन 4.5 मिमी बारिश- आईएमडी

आईएमडी के महानिदेशक आगे बताया कि भारत में जनवरी में औसतन 4.5 मिमी बारिश हुई, जो 1901 के बाद से चौथी सबसे कम और 2001 के बाद तीसरी सबसे कम बारिश है। जनवरी में देश का औसत तापमान 18.98 डिग्री सेल्सियस रहा, जो 1901 के बाद से इस महीने का तीसरा सबसे अधिक तापमान था, जो 1958 और 1990 के बाद सबसे अधिक था। भारत ने 1901 के बाद से अपना सबसे गर्म अक्तूबर 2024 में भी दर्ज किया, जिसमें मासिक औसत तापमान सामान्य से लगभग 1.2 डिग्री सेल्सियस अधिक था। नवंबर 1979 और 2023 के बाद 123 वर्षों में तीसरा सबसे गर्म नवंबर रहा।

### रबी फसलों के महत्वपूर्ण है सर्दियों की बारिश

इससे पहले, आईएमडी ने भविष्यवाणी की थी कि जनवरी और मार्च के बीच उत्तर भारत में बारिश सामान्य से कम होगी, जो 184.3 मिमी के एलपीए के 86 प्रतिशत से भी कम होगी। पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश जैसे उत्तरी और उत्तर-पश्चिमी राज्य सर्दियों (अक्तूबर से दिसंबर) में गेहूं, मटर, चना और जौ जैसी रबी फसलों की खेती करते हैं और गर्मियों (अप्रैल से जून) में उनकी कटाई करते हैं। मुख्य रूप से पश्चिमी विक्षोभ के कारण होने वाली सर्दियों की बारिश इन फसलों की बढ़ोतरी के लिए महत्वपूर्ण है।

## होर्डिंग हादसा: मुंबई क्राइम ब्रांच ने की निलंबित आईपीएस खालिद के खिलाफ जांच की मांग, सरकार को सौंपी रिपोर्ट

- इस हादसे में 17 लोगों की मौत हो गई थी और करीब 80 लोग घायल हो गए थे

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई**

मुंबई क्राइम ब्रांच ने महाराष्ट्र के गृह विभाग से 13 मई को घाटकोपर में होर्डिंग गिरने के मामले में निलंबित आईपीएस अधिकारी कैसर खालिद के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत आपराधिक जांच शुरू करने की मांग की है। बता दें कि होर्डिंग गिरने के छह सप्ताह बाद खालिद को निलंबित कर दिया गया था। यह घटना उस समय हुई थी जब खालिद मुंबई रेलवे पुलिस के कमिश्नर थे। इस हादसे में 17 लोगों की मौत हो गई थी और करीब 80 लोग घायल हो गए थे।

### क्राइम ब्रांच ने आईपीएस पर लगाया आरोप

राज्य गृह विभाग को सौंपी गई अपनी रिपोर्ट में क्राइम ब्रांच ने खालिद पर नियमों और टेंडर मानदंडों का उल्लंघन करके रेलवे पुलिस की जमीन पर होर्डिंग लगाने की अनुमति देने का आरोप लगाया है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि खालिद पर आपराधिक कदाचार पाया गया है, जिसके लिए भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 13 के तहत जांच की सिफारिश की गई है। इसके लिए राज्य गृह विभाग की मंजूरी जरूरी होगी।

### 30 लाख देने का आरोप

साथ ही इस मामले में महाराष्ट्र भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने भी जांच शुरू की है। ये जांच इसलिए शुरू की गई है क्योंकि व्यवसायी मोहम्मद रईस खान ने आरोप लगाया है कि उन्होंने खालिद और उनकी पत्नी के व्यापारिक साझेदार को 30 लाख रुपये दिए थे और होर्डिंग का ठेका पाने के लिए अमेरिका में उनके होटल में ठहरने का खर्च उठाया था।

### अरशद खान पर लगे है ये आरोप

वहीं मामले में आईपीएस अधिकारी खालिद की पत्नी के व्यापारिक साझेदार अरशद खान पर आरोप है कि उसने ईगो मीडिया से 84 लाख रुपये लिए थे। अरसद होर्डिंग गिरने के बाद से खान फरार था और दिसंबर में उसे लखनऊ से गिरफ्तार किया गया था। हालांकि उसने दावा किया कि यह पैसा दवाइयों के भुगतान के लिए मिला था। पुलिस के अनुसार, खान ने ईगो मीडिया द्वारा जारी चेक जमा करने के लिए अपनी पत्नी, साले और भतीजे के बैंक खातों का इस्तेमाल किया था।

## फडणवीस का मराठी साहित्य के लिए एआई-आधारित भाषा मॉडल पर जोर, बोले
# आने वाली पीढ़ियों के लिए होगा मददगार

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई**



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने पुणे के फर्ग्यूसन कॉलेज में तीसरे विश्व मराठी सम्मेलन में शामिल हुए। उन्होंने मराठी साहित्य को प्रदर्शित करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का उपयोग करने की आवश्यकता पर जोर दिया। इसके साथ ही उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि आने वाली पीढ़ियां महान मराठी लेखकों के कार्यों तक पहुंच सकें। सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस राज्य के मराठी भाषा विभाग को मराठी भाषा और साहित्य को बढ़ावा देने के लिए एआई का उपयोग करके एक छोटा भाषा मॉडल विकसित करने का निर्देश दिया। पिछले साल केंद्र सरकार ने मराठी को शास्त्रीय भाषा का टैग दिया था। उदय सामंत की टिप्पणी के बाद कुछ लोगों ने इस कार्यक्रम के आयोजन को लेकर मराठी भाषा विभाग पर सवाल भी उठाए। इस पर सीएम फडणवीस ने कहा, ऐसे कार्यक्रम बिना किसी चर्चा और मतभेद के पूरे नहीं हो सकते हैं। बहस पैदा करना हमारे मूल स्वभाव का हिस्सा है। दरअसल, हम भावुक और संवेदनशील लोग हैं। वाद-विवाद और बहस तो होनी ही चाहिए। मराठी को शस्त्रीय भाषा टैग मिलने पर फडणवीस ने कहा, हमारी भाषा हमेशा शस्त्रीय रही है, लेकिन आधिकारिक मान्यता महत्वपूर्ण है। जब मुगलों ने फारसी को इस देश की राजभाषा बनाया तो वह छत्रपति शिवाजी महाराज ही थे जिन्होंने मराठी को स्वराज्य की आधिकारिक भाषा बनाया। उन्होंने ही मराठी को शाही मान्यता प्रदान की थी।

### फडणवीस ने एआई मॉडल पर दिया जोर

सीएम फडणवीस ने कहा कि मौजूदा समय एआई द्वारा संचालित है और मराठी को ज्ञान की भाषा में बदलने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा, फ्एआई के युग में हम अगर मराठी साहित्य को एक छोटे भाषा मॉडल में शामिल करते हैं तो हम एक चैटजीपीटी जैसा मॉडल बना सकते हैं। यह आने वाले पीढ़ियों को कई लेखकों तक पहुंचने में सक्षम बनाएगा। फडणवीस ने राज्य के मराठी भाषा विभाग से एआई आधारित मराठी भाषा मॉडल का प्रयोग करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा, वे दिन अब गए, जब साहित्यिक कार्यों को प्रदर्शित करने के लिए वेबसाइटें बनाई जाती थीं। अब इसे एआई के माध्यम से इनोवेटिव तरीके से पेश करने की कोशिश की जा रही है। इस कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री अजित पवार और एकनाथ शिंदे भी शामिल हुए।

## महायुति सरकार में 65 प्रतिशत मंत्री दागी: नाना पटोले

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई**



महाराष्ट्र कांग्रेस के अध्यक्ष नाना पटोले ने आरोप लगाया कि राज्य की महायुति सरकार में 65 प्रतिशत मंत्री दागी हैं। नागपुर में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने बताया कि मंत्रिमंडल के पिछले महीने शपथ लेने के बावजूद अधिकांश मंत्रीयों ने अभी तक काम शुरू नहीं किया है। उन्होंने भाजपा, शिवसेना और राकांपा पर निशाना साधते हुए कहा कि सोयाबीन, कपास, प्याज और डेयरी किसान संकट में हैं और बेरोजगारी चरम पर है। पत्रकारों से बात करते हुए कांग्रेस नेता नाना पटोले ने कहा, ÷65 फीसदी मंत्री दागी है।÷ पुणे के पूर्व कांग्रेस विधायक रवींद्र धांगेकर और कुछ अन्य पार्टी कार्यकर्ताओं के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल होने की अटकलों पर भी उन्होंने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, कुछ लोगों के लिए राजनीति व्यवसाय है। सत्ता में कोई भी हो, लेकिन जनता कांग्रेस के साथ है। हालांकि, रवींद्र धांगेकर से जब एकनाथ शिंदे के साथ उनकी मुलाकात के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कांग्रेस छोड़ने से साफ इनकार कर दिया। उन्होंने बताया कि वे अपने पूर्व विधानसभा क्षेत्र से संबंधित कुछ काम के लिए शिंदे से मिले थे। बता दें कि नाना पटोले का पूर्व विधायक रवींद्र धांगेकर से संबंध अच्छे नहीं हैं।

### कांग्रेस नेता ने की लाड़की बहिन योजना की आलोचना

एक अन्य सवाल का जवाब देते हुए महाराष्ट्र के कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा कि चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पारदर्शी नहीं है। कांग्रेस नेता ने सरकार की लाड़की बहिन योजना के कार्यान्वयन की भी आलोचना की। इस योजना के तहत पात्र महिलाओं को प्रति माह 1,500 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि राज्य के बाहर रहने वाली महिलाओं और कुछ बांग्लादेशी नागरिकों ने भी फर्जी पहचान दस्तावेज बनाकर इस योजना का लाभ उठाया है।

## दाहोद में भीड़ ने दलित महिला को पीटा, निर्वस्त्र कर गांव में घुमाया, 15 पर केस दर्ज, 12 गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

गुजरात के दाहोद में एक दलित महिला को उसके ससुर के नेतृत्व में भीड़ ने पीटा और उसे निर्वस्त्र कर गांव में घुमाया। महिला पर एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर का आरोप लगाया गया है। इस घटना का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने 12 लोगों को गिरफ्तार किया। एक पुलिस अधिकारी ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। यह घटना 28 जनवरी की है

### 15 लोगों के खिलाफ किया गया मामला दर्ज

पुलिस अधीक्षक राजदीपसिंह जाला ने कहा, ÷15 लोगों के खिलाफ 29 जनवरी को मामला दर्ज किया गया। हमने 12 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है, जिसमें चार पुरुष, चार महिलाएं और चार किशोर शामिल हैं। इस घटना की जानकारी मिलने के बाद हमने महिला को बचाया। उसे उसके ससुर ने घर में बंद कर दिया था।÷ एसपी ने बताया कि आरोपियों पर अपहरण, गलत तरीके से कैद करना और निर्वस्त्र करने के इरादे से हमला करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। भीड़ में शामिल जिन लोगों ने इस घटना का वीडियो बनाया और इसे प्रसारित किया उन पर सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के प्रावधान लगाए गए हैं। एफआईआर के अनुसार, पीड़िता का गांव के एक व्यक्ति से अफेयर था। घटना वाले दिन वह उस व्यक्ति से मिलने गई थी।

## अवैध अतिक्रमण के खिलाफ़ निगम हुआ सक्रिय, लेकिन अभियान हुआ बेअसर



- अवैध अतिक्रमण के खिलाफ़ कार्यवाही से जनता खुश

**जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद**



गाजियाबाद विकास प्राधिकरण से गाजियाबाद नगर निगम क्षेत्र में हस्तांतरण के बाद जनता की शिकायतों और पार्षद के पत्रों पर निगम स्तर से संज्ञान ले के कार्यवाही का कार्य शुरू कर दिया गया है। इसी क्रम के अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध 3 दिवसीय विशेष अभियान की घोषणा नगरायुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा किया गया था। जिसके बाद लगातार दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक सुरक्षा दस्ते के साथ अवैध अतिक्रमण के खिलाफ़ कार्यवाही शुरू हो गई है। पहले दो दिनों में स्वर्ण जयंती पार्क, काला पत्थर, न्याय खंड, नव निर्मित यशोदा हॉस्पिटल से सीआईएसएफ रोड तक अवैध निर्माण और रेहड़ी पटरियों पर अवैध रूप से काबिज़ दुकानों के खिलाफ बुल्डोजर कार्यवाही किया गया। प्रशासन के पीले पंजे के जद में जो भी निर्माण आया उसको हटाया गया।

इंदिरापुरम क्षेत्र में बड़े पैमाने पर फल, चाय पान, नॉनवेज रेहड़ी , पटरियों पर खोखे रखकर खानपान समेत अन्य वस्तुओं का पूरा बाज़ार संचालन संगठित रूप से किया जा रहा था । लेकिन यह अतिक्रमण के खिलाफ अभियान महज़ दिखावा साबित हो रहा हैं। अतिक्रमण दस्तों की कार्यवाही के बाद पुनः स्वर्ण जयंती पार्क , यशोदा अस्पताल से सीआईएसएफ रोड पर पुनः की भांति अतिक्रमण जस की तस देखे गए। जिसमें स्थानीय पुलिस प्रशासन और तथाकथित नेताओं की भूमिका संदिग्ध है। जयपुरिया , आदित्य मॉल, शिप्रा सन सिटी , शिप्रा मॉल समेत नीति खंड, शक्ति खंड, ज्ञान खंड समेत अन्य इलाके अतिक्रमण के कारण नागरिकों के लिए सिरदर्द बन गए थे।

### अपनों पर करम गैरों पर सितम

भले नगर निगम गाजियाबाद प्रशासन और क्षेत्रीय पार्षद अतिक्रमणों के खिलाफ कार्यवाही पर अपनी पीठ ठोक रहे हो लेकिन अधिकांश बड़े अतिक्रमणों और संगठन से जुड़े अपने लोगों के अतिक्रमण पर कार्यवाही करने में विभाग हाफ गया है । नेता जी की पैरवी कहे अथवा उच्च स्तर पर निजी संबंध ऐसे अवैध अतिक्रमण के खिलाफ हमेशा निष्प्रभावी होते हैं। मंगल चौक के दोनों तरफ पैदल पटरियों पर दुकानों के अवैध कब्जे कार्यवाही के समय तो अंदर हो जाते हैं लेकिन गाड़ी जाते ही पुनः व्यवस्था बहाल हो जाती है। सूत्रों की माने तो तथाकथित मठाधीश के गुर्गों की मासिक आमदनी का स्रोत ही ऐसे सार्वजनिक स्थल होते हैं, जिससे लाखों की वसूली मासिक आधार पर होती है। फिर कार्यवाही तो बस दिखावा साबित होंगे। कुछ दिन बाद पुनः मोटी रकम की पूर्ति और फिर बेरोकटोक अवैध बाजारों की रौनक बढ़ जाएगी।



## नशेड़ियों का अड्डा बना सार्वजनिक पार्क, नागरिक परेशान

**जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद**

ट्रांस हिंडन के वैशाली क्षेत्र अंतर्गत सार्वजनिक पार्क के विकास की अनदेखी और नगर निगम कर्मचारियों की उदासीनता के कारण पार्क नशेड़ियों के अड्डे बनते जा रहे हैं। जिसके कारण आम नागरिकों और महिलाओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गाजियाबाद टीम 100 सदस्य और सामाजिक कार्यकर्ता सुनील वैद्य ने बताया कि नगर निगम सार्वजनिक पार्कों के विकास और अनुरक्षण हेतु अधिकृत है। लेकिन प्रशासनिक उदासीनता और पार्कों के सुरक्षा दीवारों के अनुरक्षण नहीं होने से भारी क्षति सुरक्षा और पार्क की सुंदरता पर पड़ रहा है। यह ऐसा क्षेत्र हैं , जहां पार्क कम और इमारतें ज्यादा हैं। जिसके कारण हर परिवार सुबह शाम स्वास्थ्य लाभ हेतु पार्कों में आता है । लेकिन अनुरक्षण के अभाव में पार्कों की स्थिति दिनों दिन दयनीय होती जा रही है। जिसके कारण यहां नशेड़ियों का जमावड़ा शुरू होने लगा है ।

ज्ञात हो कि सुनील वैद्य और हरमिंदर सिंह द्वारा वैशाली के कृष्ण वाटिका पार्क, अम्बेडकर पार्क, पोडियम पार्क समेत अन्य कई पार्क के रख रखाव और जिम्मेदारी तय करने को लेकर हरित न्यायालय में वाद दाखिल किया है । जिसमें जिला प्रशासन और निगम प्रशासन को अपना पक्ष रखना है।

## सर्वोच्च न्यायालय ने एसी-एसटी एक्ट के तहत मामले को किया खारिज, अधिनियम को लेकर की बड़ी टिप्पणी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एससी/एसटी एक्ट के तहत दर्ज एक व्यक्ति के खिलाफ मामला खारिज करते हुए कहा कि कथित घटना सार्वजनिक तौर पर नहीं हुई। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति बीआर गवई और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 की धारा 3(1)(आर) के अनुसार, किसी अपराध के होने के लिए यह स्थापित होना जरूरी है कि आरोपी ने सार्वजनिक तौर पर किसी जगह पर एससी या एसटी के किसी सदस्य को अपमानित करने के इरादे से जानबूझकर अपमानित या धमकाया हो। शीर्ष अदालत ने एफआईआर का हवाला दिया जिसमें कहा गया था कि कथित घटना शिकायतकर्ता के चैंबर के चारों कोनों में हुई और घटना के बाद उसके अन्य सहयोगी वहां पहुंचे।

## बोर्ड परीक्षाओं को लेकर विभाग हुआ मुस्तैद

**जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद**

- शिक्षकों के चिकित्सा अवकाश के लिए सीएमओ कार्यालय का प्रमाण पत्र आवश्यक

बोर्ड परीक्षाओं को लेकर उत्तर प्रदेश शासन और शिक्षा विभाग अपनी तैयारियों में जुट गया है । 24 फरवरी से आरंभ होने जा रही बोर्ड परीक्षाओं में शिक्षकों की कमी नहीं हो और सुचारू ढंग से बोर्ड परीक्षाएं आरम्भ हो उसके लिए आवश्यक दिशा निर्देश शासन स्तर से आने लगे है। इसी क्रम में बोर्ड परीक्षाओं में ड्यूटी करने से बचने के लिए शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा विभागीय कर्मचारियों से सांठ गांठ करके मेडिकल लगाकर परीक्षाओं में ड्यूटी से बचने का प्रयास हमेशा से किया जाता है। इसको संज्ञान में लेकर माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव भगवती प्रसाद द्वारा प्रदेश भर के शिक्षा विभाग उच्च अधिकारियों और मुख्य चिकित्साधिकारियों को पत्र जारी किया है। जिसमें शिक्षक शिक्षिकाओं अथवा कर्मचारी समेत प्रधानाचार्य तक को बीमारी के कारण बोर्ड परीक्षा अवधि में छुट्टी के लिए मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय द्वारा जारी प्रमाण पत्र की अनिवार्यता होगी ।

ज्ञात हो कि नकल विहीन और सुचारू रूप से परीक्षा कराने को लेकर माध्यमिक शिक्षा परिषद और बेसिक शिक्षा परिषद के शिक्षक शिक्षिकाओं की तैनाती परीक्षा में होती है। जिसमें अक्सर चिकित्सा प्रमाण पत्र लगाकर बोर्ड परीक्षाओं की ड्यूटी से बचने की परम्परा बन गई थी। जिसको लेकर विभाग ने सीधे मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय को जांचोपरांत ही प्रमाण पत्र निर्गत करने को विवश होना पड़ा। जिससे निर्विघ्न और सुचारू रूप से बोर्ड परीक्षाएं संपादित हो सके।

## सियासत: राष्ट्रपति का पूरा सम्मान करतीं है मेरी मां: प्रियंका

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

संसद में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण के बाद कांग्रेस सांसद सोनिया गांधी के बयान पर राजनीतिक गर्माहट जारी है। एक तरह जहां भाजपा नेताओं ने सोनिया गांधी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है और माफी की मांग कर रहें है। तो दूसरी ओर अब मां सोनिया गांधी के बचाव में बेटी प्रियंका गांधी उतर आईं है। उन्होंने भाजपा नेताओं की माफी की मांग पर कहा कि भाजपा को पहले देश को बर्बाद करने के लिए माफी मांगनी चाहिए। भाजपा नेताओं की माफी की मांग पर प्रियंका गांधी ने पलटवरा किया। उन्होंने कहा कि भाजपा को पहले देश को बर्बाद करने के लिए माफी मांगनी चाहिए। साथ ही प्रियंका गांधी ने कहा कि मेरी मां 70-80 साल की महिला हैं, उन्होंने बस इतना कहा है कि राष्ट्रपति ने इतना लंबा भाषण पढ़ा और वह थक गई होंगी, बेचारी...। प्रियंका गांधी ने आगे कहा कि मेरी मां भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का पूरा सम्मान करतीं हैं। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस तरह की बातों को मीडिया द्वारा तोड़-मरोड़ कर पेश किया जाता है। वे दोनों सम्मानित लोग हैं और हमसे उम्र में बड़े हैं...उनका कोई अपमान करने का इरादा नहीं है। बता दें कि संसद में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण के बाद कांग्रेस सांसद सोनिया गांधी ने संसद के बाहर पत्रतारों राष्ट्रपति को पूअर थिंग कहा। साथ ही उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति मुर्मू अपने संबोधन के आखिर तक थक गई थीं और बहुत मुश्किल से बोल पा रही थीं। सोनियाके इस बयान पर देश की सियासत में गर्माहट तेज हो गई।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (राज्य ब्यूरो प्रमुख- संतोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)